जबलपुर
सोमवार 6 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -04
वर्ष : 20, अंक : 335
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 भारत की आकांक्षा पर खरी उतरी भाजपा

मैट्रो
14 गुरंदी के कबाड़ बाजार में लगी ...

1 **19 वर्षीय युवती बोली:** 21 साल बड़े पति का साथ नहीं मंजूर

# ग्वालियर हाईकोर्ट का 'बड़ा' फैसला पत्नी को प्रेमी संग रहने की दी मंजूरी

सुरक्षा के लिए दो महिला पुलिसकर्मी 'शौर्या दीदी' नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई करते हुए 19 वर्षीय युवती की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए उसे अपने प्रेमी के साथ रहने की अनुमति दे दी। युवती की सुरक्षा और मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के लिए अगले छह माह तक दो महिला पुलिसकर्मियों को 'शौर्या दीदी' के रूप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र यादव की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका अवधेश की ओर से अधिवक्ता सुरेश पाल सिंह गुर्जर ने दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी (अवधेश की) पत्नी को अनुज ने अवैध रूप से अपने पास रखा है



फाइल फोटो

**हाईकोर्ट की दो बड़ी खबरें**

2 **इंदौर हाईकोर्ट** में छुट्टी के दिन भी हुई सुनवाई

# नाबालिग के अपहरण मामले में दबंगों के नाम एफआईआर से गायब, कहा-बच्ची को पेश करो

महीनेभर में भी बालिका को तलाशने की कोई कोशिश नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एक नाबालिग किशोरी का अपहरण के पुलिस एफआईआर करने में नानुकुर करती रही। थाने पहुंचे पीड़िता के चाचा को पीट भी दिया। बाद में एफआईआर दर्ज हुई तो अपहरण के मामले में भी अज्ञात आरोपी बताया गया। जबकि किशोरी के परिवार वाले आरोपियों का नाम पुलिस को बताते रहे। बालिका के पिता ने हाई कोर्ट की शरण ली। मजदूर पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर शनिवार को छुट्टी के बाद भी सुनवाई की गई। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने मामले की न केवल अवकाश के दिन सुनवाई की, बल्कि पुलिस को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने आदेश जारी किया कि पुलिस बालिका के साथ तमाम आरोपियों को भी कोर्ट में 6 अप्रैल को पेश करे। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की नाबालिग का दबंगों द्वारा अपहरण करने की शिकायत मजदूर पिता ने की है।



इंदौर हाई कोर्ट








## खबर संक्षेप

### 25 किलो चांदी और नकदी से भरे बैग लूटे



**सिवनी।** जिला मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर बरघाट नगर के बस स्टैंड इलाके में शनिवार रात एक सराफा व्यापारी के बैग में रखे 25 किलो चांदी व नकदी लेकर बदमाश फरार हो गए। व्यापारी बैग को कार में रखकर दुकान का ताला बंद कर रहे थे, तभी चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

### 25 लाख फिरौती नहीं दी तो मेडिकल स्टोर पर फायरिंग



**मुरैना।** जिले में बाइक सवार तीन बदमाशों ने रविवार दोपहर एक मेडिकल स्टोर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बदमाशों ने पहले 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे न देने पर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। यह मामला अंबाह थाना क्षेत्र के पोरसा चौराहे का है।

### घर में जिंदा जली महिला बेटे पर हत्या का शक




**दमोह।** यहां 60 साल की महिला हल्ली बाई की संदिग्ध हालात में जलकर मौत हो गई। महिला के हाथ और मुंह क्लच वायर से बंधे मिले। घर में बेटे के अलावा कोई नहीं था, ऐसे में उस पर हत्या का शक गहराया है। पुलिस ने मलबे से महिला का शव निकाला। मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र का है।

अगले चार दिन जारी रहेगा आंधी-बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का दौर

# मुख्यमंत्री का कलेक्टरों को निर्देश फसलों के नुकसान का सर्वे कराएं

*पिछले दिनों ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों तथा राजगढ़, रायसेन, बैतूल जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में पिछले पांच दिन से आंधी-बारिश और ओले का दौर जारी है। इससे प्रदेश के कई जिलों में खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला कलेक्टरों को नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में हुई हानि के लिए तत्काल सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी। दरअसल, पिछले दिनों ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों तथा राजगढ़, रायसेन, बैतूल आदि जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।

सीएम ने कहा
किसानों को तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी सहायता और राहत



भोपाल स्थित बोट क्लब, शाम 7 बजे का मनमोहक दृश्य

*आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट*

### प्रदेशभर में गर्मी से कुछ राहत

*भोपाल सहित अधिकांश जिलों में पिछले दिनों से बदले मौसम से तापमान में कमी दर्ज हो रही है। रविवार को भोपाल में दिन का पारा 1.8 डिग्री गिरकर 33.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम है। रात में भी 2.1 डिग्री की कमी के साथ पारा 19.7 डिग्री रहा।*

*यह नॉर्मल से दशमलव 9 डिग्री कम है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में पारा गिरने से दिन में धूल खिली, लेकिन तेज गर्मी से काफी राहत रही। प्रदेश में औसत दिन का पारा 33 डिग्री रात का 19 डिग्री तक रहने से अभी तीखी गर्मी परेशान नहीं कर रही है। यह क्रम अगले तीन दिन और रहेगा। इसके बाद गर्मी में बढ़त शुरू हो जाएगी।*

फिल्मी अंदाज में दिया घटना को अंजाम

### बिहार में 25 करोड़ की लूट ले भागे '17 किलो' सोना

एजेंसी ▶▶ पटना



■ 7 बदमाश खाकी पैंट व सफेद शर्ट में थे

यहां अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी बनकर बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी के स्टाफ से करीब 17 किलो सोना लूट लिया, जिसकी कीमत लगभग 25 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया का स्टाफ अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन से दानापुर पहुंचा था। उन्हें बाकरगंज स्थित केवीएस एंड सन्स जाना था।

आष्टा-कन्नौद रोड पर हादसा

### टूरिस्ट बस और ट्रक भिड़े 30 से ज्यादा यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



■ चालक को झपकी आ गई थी

आष्टा-कन्नौद मार्ग पर स्थित सियाघाट के पास रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। भूसे से भरे मिनी ट्रक और टूरिस्ट बस के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बस में सवार 30 से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर होकर पलट गया, वहीं बस का फ्रंट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

9 महीने में पांचवीं घटना

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 4 माह के शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



■ आपसी संघर्ष के स्पष्ट संकेत मिले

जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में एक बार फिर बाघ की मौत का मामला सामने आया है। मटकुली रेंज के नयाखेड़ा क्षेत्र में 4 माह के शावक का शव मिलने से वन्यजीवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते 9 महीनों में यह बाघों की मौत का पांचवां मामला है। शनिवार देर शाम नयाखेड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 460 में तैनात फॉरेस्ट गार्ड को दो बाघों की तेज दहाड़ सुनाई दी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त की।

मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

# कोतमा में मौत की गहरी खुदाई होटल बना कब्र, तीन की मौत

लॉज मालिक भूमि स्वामी पर केस दर्ज





मलबे में तब्दील हुआ चार मंजिला होटल, रेस्क्यू में जुटी टीमें

▶▶ अपर मुख्य सचिव और डीआईजी भोपाल ने जाना घायलों का हाल चाल

▶▶ 21 घंटे लगातार मंत्री, कलेक्टर एसपी करते रहे रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर/कोतमा

कोतमा नगर में शनिवार शाम लगभग 6 बजे अग्रवाल लॉज के समीप निर्माण कार्य के दौरान 15 फीट गहरी नींव की खुदाई के चलते तीन मंजिला भवन अचानक ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, तीन लोग घायल हैं। मलबे में दबे दो शव शनिवार रात में ही निकाल लिए गए थे, जबकि तीसरे मृतक का शव रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे बाहर निकाला जा सका।

### मृतकों के परिजनों को 9 लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए विशेष आर्थिक सहायता के निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को कुल 9 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसमें 4 लाख मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, 4 लाख संबल योजना और 1 लाख रेडक्रॉस से सहायता दी जाएगी। वहीं घायलों को कुल 2.5 लाख रुपए इसमें 2 लाख मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान और 50 हजार रेडक्रॉस से मदद दिया जाएगा।




काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में स्थापित वैदिक घड़ी को देखते लोग

अब बाबा विश्वनाथ के धाम में भी गूंजेगी भारतीय कालगणना

# सीएम की पहल पर काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित हुई विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

यह एक पूर्ण दिवस को 30 मुहूर्तों में विभाजित करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल के केंद्र उज्जैन से निकली भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी जीवंत हो उठी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की प्रथम 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बाबा काशी विश्वनाथ को अर्पित यह घड़ी भेंट की थी।




**रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक 'सैंपल कोच' तैयार किया**

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जुड़ेंगे

# अब भारतीय रेलवे ला रहा है नए सुपर कोच, ट्रेन में मिलेगी प्लेन जैसी फीलिंग

सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक बनाने की दिशा में काम तेज कर दिया गया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि रेलवे नए और आधुनिक डिजाइन के कोच तैयार कर रहा है। इन कोच में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे सफर का अनुभव बेहतर हो सके। इसके अलावा ट्रेनों में लगे शौचालय को भी अपग्रेड करने की योजना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक सैंपल कोच तैयार किया है।





### अमृत भारत एक्सप्रेस में होगा पहला प्रयोग

रेलवे के मुताबिक अमृत भारत एक्सप्रेस के कोचों को खास डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है। कोच के इंटीरियर को पूरी तरह नया रूप दिया गया है। फर्श पर पीवीसी फ्लोरिंग लगाई गई है, जबकि सीट और बर्थ पर नई रैक्सीन का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फोल्डेबल स्नैक टेबल, खिड़कियों के परदे और अत्याधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं।






कूचबिहार में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी राज्य सरकार पर किया सबसे बड़ा प्रहार

# कट, कमीशन और करप्शन से पश्चिम बंगाल बेहाल, आप सभी कानून पर भरोसा रखिए, हम बदलेंगे हाल, भाजपा की सरकार में होगा पापों का हिसाब

पीएम मोदी ने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया

एजेंसी ▶▶ कूचबिहार

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। पीएण मोदी ने कहा कि वेपहले भी इस मैदान पर आए हैं, लेकिन आज की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह उत्साह एक उज्ज्वल भविष्य और नए बंगाल के निर्माण का संकेत है। प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के दिन टीएमसी के गुंडे चाहे जितना डराने की कोशिश करें, आपको कानून पर भरोसा रखना चाहिए। इस चुनाव में बंगाल से डर का माहौल खत्म हो जाएगा और भाजपा की बड़ी जीत से लोगों में आत्मविश्वास जागेगा। पीएम मोदी ने कहा, 4 मई के बाद टीएमसी के पापों का पूरा हिसाब होगा। कोई भी गुंडा कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## कोने-कोने से आ रही आवाजें स्पष्ट कर रही 'परिवर्तन' तय


रैली के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते बंगाल के नेतागण

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर रैली की झलकियां साझा करते हुए लिखा कि ये तस्वीरें दिखाती हैं कि इस बार बंगाल में भाजपा के पक्ष में मजबूत लहर है। इन तस्वीरों में सिरों का एक समंदर नजर आ रहा है। बंगाल की जनता अब 'भय और भ्रष्टाचार' के शासन से मुक्ति चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'दीदी' के सिपाही अब जनता को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बंगाल के लोग अब डरने वाले नहीं हैं।

### राज्यों के हकों की सुरक्षा होगी

प्रधानमंत्री ने देश के सभी राज्यों को एक और बड़ा भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में अच्छा काम किया है, उन्हें सीटों के मामले में कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सभी राज्यों की भागीदारी और उनके अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार चाहती है कि संसद में इस बात पर पक्की मुहर लगे कि महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएं, ताकि राज्यों को इसका बड़ा फायदा मिल सके।

### जहां जज और कानून सुरक्षित नहीं वहां जनता...

प्रधानमंत्री ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां जिस तरह न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया, उससे पूरा देश हैरान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस राज्य में जज और कानूनी प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, वहां आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? मोदी ने इसे सरकार के संरक्षण में चलने वाला जंगलराज करार दिया।

सीएम ममता ने ईवीएम पर जताई गड़बड़ी की आशंका

## भाजपा के सामने कोई न बिके, हर बटन की जांच भी करें



मुर्शिदाबाद। बंगाल में विधानसभा चुनाव सेपहले एक बार फिर ईवीएमका मुद्दा गरमाता हुआ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ममता ने ईवीएम को लेकर मुर्शीदाबाद की रैली में बूथ एजेंटों और मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की है। सभी लोग ईवीएम मशीन को अच्छे से चेक करें और जो बूथ एजेंट बनेंगे, वे अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि बंगाल के हित में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति भाजपा के सामने बिके नहीं।

### जांच करें वोट सही पड़ रहा या नहीं?

कई जगहों पर ईवीएम मशीन को खराब करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि वीवीपैट का होना जरूरी है और यह देखना चाहिए कि वोट सही तरीके से रिकॉर्ड हो रहा है।

सरमा का पलटवार


### हम 2 दिन में खेड़ा पर करेंगे केस



**गुवाहाटी।** सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने लिखा यह कांग्रेस की गहरी हताशा और घबराहट को दिखाती है। आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित झूठ बताया। हम 48 घंटे के भीतर उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे।

विजय के हलफनामे में खुलासा

### टीवीके प्रमुख पर 2 आपराधिक केस



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव से पहले टीवीके प्रमुख विजय ने अपने ताजा चुनावी हलफनामे में बड़ा खुलासा किया है। पहले दाखिल हलफनामे में किसी भी आपराधिक मामले का जिक्र नहीं करने वाले विजय ने अब दो लंबित एफआईआर की जानकारी दी है।

बेपोर में शाह के रोड शो से उत्साहित जनता बोली

### हम चाहते हैं बदलाव, भाजपा की सरकार बने



**बेपोर।** केरल में एनडीए उम्मीदवार केपी प्रकाश बाबू के समर्थन में रोड शो के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बेपोर पहुंचे। यह रोड शो मथोट्टम बिजिथ जंक्शन से शुरू होकर नदुवट्टम और पेराचनंगड़ी जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरा। शो से पहले ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। कई लोगों ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। हम बदलाव चाहते हैं। भाजपा की सरकार बने।

असम में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल

### सबसे भ्रष्ट सीएम हिमंता, बब्बर शेर से डरे



**विश्वनाथ।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को असम के विश्वनाथ जिले पहुंचे थे। उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया।सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। उन्हें अभी से अपनी हार दिखाई देने लगी है। वे हमारे यहां के बब्र सेर से डरे हुए हैं। वे लगातार नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

**सत्ता में आते ही भेजेंगे जेल**

राहुल ने कहा कि सरमा ने असम के संसाधनों को लूटने का काम किया है। राहुल ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल करके बड़ी गलती की है। कांग्रेस सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। जेल भेजेंगे।

### सरमा की पत्नी पर कांग्रेस के गंभीर आरोप, 3 पासपोर्ट रखे



रविवार को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरमा पर निशाना साथा, साथ ही उनकी पत्नी पर तीन-तीन देशों के पासपोर्ट होने का आरोप लगाया।

चौधरी के बयान ने बढ़ाई सरगर्मी

### ममता के रहते मैं भाजपा में नहीं जा सकता



**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुख्यमंत्री ममता पर निशाना साधा है। चौधरी ने कहा कि हिंदुस्तान में ममता के रहते हुए मैं भाजपा के करीब नहीं जा सकता क्योंकि बंगाल में ममता ही भाजपा को लाई थी।

### कन्नूर जिले के 2177 केंद्रों पर कैमरों से होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कन्नूर जिले के सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर कैमरा लगाया जाएगा।100 फीसदी वेबकास्टिंग और बूथों के बाहर कैमरे लगाने से निर्बाध और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। कन्नूर जिले में कुल 2177 मतदान केंद्र हैं।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-देहरादून 'वे' की सौगात 14 को



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेसवे उत्तर भारत के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में मील का पत्थर साबित होगा। एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय लगभग 2.5 घंटे जाएगा। 210 किलोमीटर का यह कॉरिडोर सुगम यात्रा कराएगा।

### खरात मामला: संपत्तियों की जांच ईडी करेगी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अशोक खरात के मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) होने की जांच की जाएगी। बाबा की संपत्तियों की जांच ईडी करेगी। किसी को भी इस तरह कॉल रिकॉर्ड हासिल करने का अधिकार नहीं है। यह बयान एक अहम 'चर्चा' के बाद आया है।

### गंगा स्नान के दौरान 2 दोस्त तेज बहाव में बहे



**हरिद्वार।** कोतवाली नगर क्षेत्र के दूधिया बंध में रविवार सुबह गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। स्नान करते समय दो युवक गंगा में डूब गए। पुलिस और जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया।


### बागेश्वर में 3.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे



**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार की सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह 11.47 बजे पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र कपकोट तहसील के कर्मी गांव के समीप जमीन के भीतर 10 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। लोगों पर असर नहीं पड़ा।

'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# लोगों की मेहनत व समर्पण को सराहा, देश के समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का उपयोग करेंगे



एजेंसी ▶▶ 000

पीएम मोदी'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान को सराहा।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह दिन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद करने और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है। समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों की मेहनत और समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कनेक्टिविटी को मजबूत बनाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत अपने समुद्री क्षेत्र की अपार संभावनाओं का उपयोग कर एक समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता रहेगा।

### 21वीं सदी में भारत में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई

**भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद किया**



इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने भी दी शुभकामनाएं

पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में, भारत का समुद्री क्षेत्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमने सदियों पुराने औपनिवेशिक शिपिंग कानूनों की जगह 21वीं सदी के आधुनिक और भविष्योन्मुखी कानून लागू किए हैं। ये नए कानून राज्य समुद्री बोर्डों को सशक्त बनाते हैं, सुरक्षा और स्थिरता को मज़बूत करते हैं, और बंदरगाह प्रबंधन को डिजिटल बनाते हैं।

### नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि भारत की समुद्री विरासत हमारी ताकत है और यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देश के तटीय इलाकों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है।

अमित शाह ने कहा

### देश के विकास को आगे बढ़ाने में रहे अहम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर भारत के समुद्री क्षेत्र के कर्मियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि शांति के समय हो या मुश्किलों भरे दौर में, देश के विकास को आगे बढ़ाने में आपके पेशेवरपन और साहस ने अहम भूमिका निभाई है। देश आपकी निष्ठा को सलाम करता है।

### दिलेर नाविकों को बधाई: पुरी



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, सदियों से भारत की समुद्री मार्गों के ज़रिए दुनिया से जुड़ने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस के मौके पर मैं साहसी और दिलेर नाविकों को बधाई देता हूं।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस की अहमियत

राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर साल 5 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन 1919 में भारत के पहले स्वामित्व वाले जहाज 'एसएस लॉयल्टी' की मुंबई से लंदन तक की पहली यात्रा की याद में मनाया जाता है। उस समय भारतीय शिपिंग ने ब्रिटिश एकाधिकार को चुनौती दी थी।

इस दिन का पहला आयोजन 1964 में किया गया था। भारत के विजन 2047 के तहत समुद्री क्षेत्र को और मजबूत बनाने की योजना है। वर्तमान में यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे 2047 तक बढ़ाकर दो अंकों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और 1 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया।

किसान सम्मान पर शिवराज का फैसला

# किसान चिंता न करें, फसलों को नुकसान की करेंगे भरपाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम किसान योजना की 23वीं किश्त जुलाई में आ सकती है। इसके पहले केंद्र सरकार ने उससे पहले ही एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय के अधिकारियों को कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को राज्यों के अधिकारियों से संपर्क करने और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।

### उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में फसलें क्षतिग्रस्त

उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं सहित खड़ी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में 4,053.11 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे 14,207 किसान प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यूपी का ललितपुर जिला सबसे अधिक प्रभावित है, यहां 1,650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं और 3,142 किसान प्रभावित हुए हैं। ललितपुर में मार्च में लगभग 118.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश लगभग 30.3 मिमी होती है। ललितपुर के अलावा, सहारनपुर में भी फसल का नुकसान हुआ है, जहां 11 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें पांच गांवों के लगभग 44 किसान शामिल हैं।

### पंजाब में बारिश ने किया कटाई को बाधित

पंजाब में बेमौसम भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने गेहूं की कटाई को बाधित कर दिया है, जिससे किसानों में गंभीर चिंता पैदा हो गई है राज्य के कई हिस्सों में गेहूं की फसल पक चुकी है और शेष क्षेत्रों में पकने के अंतिम चरण में है। लेकिन खेतों में अधिक बारिश के कारण कटाई में देरी हो रही है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण कटाई मशीनों को चलाना मुश्किल हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह प्रतिकूल मौसम उत्पन्न हुआ है।

ओडिशा में बढ़ा आरक्षण का दायरा

# एससी-एसटी और ओबीसी के लिए 12 से 22.5 फीसदी किया

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार ने राज्य में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया है। सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में आरक्षण के कोटे में वृद्धि की है। यह फैसला मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। माझी ने बताया कि एसटी छात्रों के लिए कोटा 12 से बढ़ाकर 22.50 प्रतिशत कर दिया गया है। एससी छात्रों के लिए आरक्षण 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 16.25 प्रतिशत किया गया है। ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के रूप में पहचाने जाने वाले ओबीसी छात्रों के लिए राज्य सरकार ने 11.25 प्रतिशत का आरक्षण भी शुरू किया है।



लोकसभा-विधानसभा सीटों की बढ़ोतरी पर कांग्रेस का आरोप

# यह केवल ध्यान भटकाने का हथियार और धोखा

## कांग्रेस के जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि यह कदम बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को लाभ पहुंचाएगा । यह जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार है। संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री अपने पुराने पैंतरे पर हैं, भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका मकसद धोखा देना है। वह कहते हैं कि यदि लोकसभा की ताकत 50 फीसदी बढ़ाई जाती है और प्रत्येक राज्य की लोकसभा सीटों की संख्या भी 50 फीसदी बढ़ाई जाती है, तो दक्षिण भारतीय राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा।



### बजट सत्र को 3 दिन के लिए बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक चुनावी रैली में कहा था कि बजट सत्र को 3 दिनों के लिए बढ़ाया गया है ताकि महिला आरक्षण कानून को 2029 से लागू किया जा सके। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा या तेलंगाना हो, में लोकसभा सीटों की संख्या में कमी नहीं आएगी।

### बिना बहस 'ताकत' बढ़ाने की बात कर रहे

जयराम ने कहा राष्ट्र गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री की एकमात्र चिंता लोकसभा और विधानसभाओं की ताकत बढ़ाने की है, वह भी बिना किसी सार्थक परामर्श और सार्वजनिक बहस के।

### ऐसे कई उदाहरण सामने आए

रमेश ने कहा यह देश की जनता को धोखा देना है, जिसमें प्रधानमंत्री को महारत हासिल है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर अभी 60 है, जो मोदी के प्रस्ताव से बढ़कर 90 हो जाएगा। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर कम से कम 61 हो जाएगा। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं। पीएम मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरन आगे बढ़ा रहे हैं जो बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ पहुंचाएगा।

# जबरन चौधरी बन रहे पाकिस्तान को इजराइल ने लताड़ा, कहा- बिलकुल भी नहीं है भरोसे के लायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंग का मैदान बना मिडिल ईस्ट में फिलहाल शांति होती नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि यदि होर्मुज मार्ग नहीं खोला गया तो ईरान में तबाही मचा देंगे। हालांकि इस तरह की धमकियां ट्रंप कई बार दे चुके हैं। इसी तनातनी के बीच पाकिस्तान ने चौधरी बनने की कोशिश की और शांति वार्ता कर मामले को सुलझाने का दावा किया। पाकिस्तान के दावे और और बातचीत के प्रयासों पर इजराइल ने एक झटके में पानी फेर दिया। इजराइल ने साफ तौर पर लताड़ लगाते हुए कहा कि ज्यादा चौधरी बनने की जरूरत नहीं है, पाकिस्तान खुद में एक समस्या है और वो किसी भी सूरत में समाधान नहीं करा पाएगा। इसकी बड़ी वजह ये है कि पाकिस्तान बिलकुल भी भरोसे के लायक नहीं है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश ऐसे किसी राष्ट्र पर भरोसा नहीं करेगा, जिसके साथ उसके कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने फैसले खुद लेता है और इस मामले में अमेरिका के रुख पर भी भरोसा करता है। इस तरह, एक तरफ जहां ईरान और पाकिस्तान बातचीत के जरिए समाधान की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल का अलग रुख क्षेत्रीय कूटनीति को और जटिल बना रहा है।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में बातचीत से इनकार की खबरों को गलत बताया है और पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की है। सैयद अब्बास अराघची ने उन खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने को तैयार नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि तेहरान का रुख बातचीत की शर्तों पर निर्भर करेगा। इसी बीच बीती रात अराघची ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की और आगे भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। इशाक डार ने तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों को दोहराया और कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही संभव है।बातचीत से पहले सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिकी मीडिया ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी भी इस्लामाबाद जाने से इनकार नहीं किया और पाकिस्तान के प्रयासों के लिए वह आभारी है। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान ने आखिरी समय में इस्लामाबाद में बातचीत से पीछे हट गया। इन खबरों के सामने आने के बाद ही ईरानी विदेश मंत्री ने सफाई दी। अराघची के इस बयान पर इशाक डार ने जवाब देते हुए कहा, आपकी सफाई के लिए धन्यवाद, जिससे दोनों देशों के बीच सकारात्मक संवाद का संकेत मिला।

## मिडिल ईस्ट में तनाव खत्म कराने कर रहा था उछल-कूद

**ईरान ने पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की लेकिन इजराइल ने साफ मना कर दिया**

**इस्लामाबाद में शांति वार्ता के प्रयास हुए थे, लेकिन बातचीत ही सफल नहीं हो पाई**


सैयद अब्बास अराघची | शहबाज खान | नेतन्याहू

### तनाव के बीच जारी कूटनीति

*ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात को 37 दिन हो चुके हैं और अब तक युद्धविराम के कोई संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान लगातार मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। सैयद अब्बास अराघची ने बातचीत में अमेरिका और इजराइल को क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। वहीं, इशाक डार ने फिर दोहराया कि शांति का रास्ता केवल बातचीत से ही निकलेगा और सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए।*

## ट्रंप खुद की खुद से कर रहे तारीफ बताया अमेरिकी पायलट का रेस्क्यू का पूरा हाल

### ट्रंप ने बताया हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा था



मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच बीते दिनों ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ-15ई जेट को मार गिराया। इस दौरान फाइटर जेट का एक पायलट सुरक्षित बच गया, जबकि दूसरा लापता हो गया। जिसको लेकर अमेरिकी सेना बचाव अभियान चला रही थी। इस बीच ट्रंप ने पुष्टि की है कि ईरान में लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टुथ सोशल पर किए पोस्ट में लिखा, हमने उसे बचा लिया! मेरे प्यारे अमेरिकी साथियों, पिछले कुछ घंटों में, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह अभियान हमारे एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था, जो एक बेहद सम्मानित कर्नल भी हैं, और मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वह अब पूरी तरह सुरक्षित और सही-सलामत हैं। ट्रंप ने बताया कि हमारा बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा हुआ था, और हमारे दुश्मन उसका लगातार पीछा कर रहे थे। ईरानी सैनिक हर घंटे उसके और करीब आते जा रहे थे। लेकिन वह कभी भी सचमुच अकेला नहीं था, क्योंकि उसके कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन और उसके साथी योद्धा दिन-रात 24 घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे, और उसे बचाने के लिए पूरी लगन से योजना बना रहे थे। ट्रंप ने कहा कि मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दर्जनों विमान भेजे, जो दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस थे।

### सैन्य इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

ट्रंप ने अमेरिकी सेना द्वारा चलाए गए इस बचाव अभियान को चमत्कारी बताया। ट्रंप ने कहा कि हमने कल पुष्टि नहीं की थी, क्योंकि हम अपने दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। सैन्य इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से, अलग-अलग अभियानों में बचाया गया है। ट्रंप ने बताया कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। हमने इन दोनों अभियानों को बिना किसी एक भी अमेरिकी सैनिक के मारे जाने या घायल हुए बिना सफलतापूर्वक पूरा किए हैं। हमने ईरान के आसमान में अपना हवाई वर्चस्व और श्रेष्ठता हासिल कर ली है। यह एक ऐसा पल है, जिस पर सभी अमेरिकियों- चाहे वे रिपब्लिकन हों, डेमोक्रेट हों या कोई और सभी को गर्व महसूस करना चाहिए और एकजुट होना चाहिए। हमारे पास सचमुच दुनिया के इतिहास की सबसे बेहतरीन, सबसे पेशेवर और सबसे घातक सेना है। ईश्वर अमेरिका की रक्षा करे, ईश्वर हमारे सैनिकों की रक्षा करे।

### अराघची ने बुशहर प्लांट के पास हमले की निंदा की, कहा- नतीजे घातक होंगे

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास अमेरिका-इजराइल हमले की निंदा की और पश्चिम एशिया इलाके के लिए इसके खतरनाक नतीजों की चेतावनी दी। इससे पहले, तेहरान ने पुष्टि की कि ईरान के इकलौते ऑपरेशनल न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई और साइट पर एक बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथा ऐसा हमला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, अराघची ने कहा, इजराइल-अमेरिका ने अब तक हमारे बुशहर प्लांट पर चार बार बमबारी की है। रेडियोएक्टिव फॉलआउट जीसीसी की राजधानियों में जिंदगी खत्म कर देगा, तेहरान में नहीं। ईरान की सेमी-ऑफिशियल तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, स्ट्राइक से प्लांट में ऑपरेशन में कोई रुकावट नहीं आई, क्योंकि इसके मुख्य हिस्से सही-सलामत हैं।

### ईरान अमेरिका को पहुंचा रहा नुकसान

## ईरान बोला- दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए


ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के मलबे की तस्वीर शेयर की

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 2 हेलिकॉप्टर और 2 ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए। इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई, जब अमेरिकी सेना अपने पायलट को रेस्क्यू करने की कोशिश कर रही थी। आईआरजीसी का कहना है कि इस ऑपरेशन के दौरान उसने 2 सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान और 2 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर को तबाह कर दिया, जिससे अमेरिकी रेस्क्यू मिशन नाकाम हो गया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगे।

**रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने खुद जलाए, तकनीक चोरी होने का डर था**

### ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रंप ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

## ट्रंप की धमकी के बीच ओमान और ईरान की बैठक, होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया प्लान..?

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच बड़ी खबर सामने आई है। ओमान और ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में आवागमन को सुचारू बनाने के लिए उच्चस्तरीय बैठक की है। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के उप-मंत्रियों के स्तर पर शनिवार को बैठक हुई। इस बैठक में होर्मुज स्ट्रेट से सुगम और निरंतर नौवहन सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर विभिन्न दृष्टिकोण और व्यावहारिक प्रस्ताव रखे, जिनका आगे अध्ययन किया जाएगा। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का समय दिया है। ओमान के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया कि ओमान सल्तनत और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बीच विदेश मंत्रालयों के उपमंत्रियों के स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। विदेश मंत्रालय के ट्वीट के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को हुई इस बैठक में दोनों देशों के विशेषज्ञ भी शामिल थे। बैठक का मुख्य विषय क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों के बीच होर्मुज में ट्रांजिट सुनिश्चित करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा करना था। इसमें आगे बताया गया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने कई दृष्टिकोण और प्रस्ताव पेश किए, जिन्हें आगे अध्ययन किया जाएगा। ओमान के विदेश मंत्रालय ने इस बैठक को दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री मार्गों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। बता दें कि यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्रीय संघर्ष के कारण विश्व का यह महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग प्रभावित हो रहा है ।

## खबर संक्षेप

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित की



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि विमानन कंपनी ने नई दिल्ली-तेल अवीव मार्ग पर 31 मई तक उड़ानें निलंबित कर दी हैं। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इजराइल, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना इजराइल में रह रहे 40,000 से अधिक भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से या क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण ईरान से निकलना चाहते हैं। इजराइल छोड़ने के इच्छुक भारतीयों को जमीनी सीमा के जरिये जॉर्डन या मिस्र होकर जाना पड़ रहा है।

### पिछले साल उर्वरकों का कुल स्टॉक 147 लाख टन था इस साल बढ़कर 180 लाख टन है

# खाद संकट पर सख्त पहरा: 20 देशों से आपूर्ति का जाल, सरकार का युद्धस्तर पर अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र प्रमुख हैं। ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक समीकरणों के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति में अनिश्चितता पैदा हुई है, जिसका सीधा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा है। नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति सिमटने लगी है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। देश में खरीफ की बुवाई का समय निकट आने के साथ ही उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस परिस्थिति को देखते हुए भारत ने समय रहते वैकल्पिक स्रोतों की तलाश तेज कर दी है। सरकार ने नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बहुपक्षीय वार्ताओं की शुरुआत की है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

खरीफ 2026 के लिए उर्वरक की आवश्यकता लगभग 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी

उर्वरकों के लिए दुनिया के 20 देशों में भारतीय राजदूत मुस्तैदी से कर रहे काम

देश के 652 जिलों में उर्वरक की बिक्री पर कड़ी निगरानी



### दूतावासों की निर्णायक भूमिका

*करीब 20 देशों में स्थित भारतीय दूतावास इस संकट से निपटने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। ये दूतावास स्थानीय उर्वरक कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत को आवश्यक मात्रा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट समय पर उपलब्ध हो सके। यह कूटनीतिक सक्रियता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।*

### पारंपरिक आपूर्ति तंत्र में व्यवधान

*अब तक पश्चिम एशियाई क्षेत्र भारत की उर्वरक जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पूरा करता रहा है। यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट और एलएनजी की आपूर्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा इसी क्षेत्र से आता रहा है। लेकिन वर्तमान संकट ने इस स्थापित तंत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे भारत को नए स्रोतों की तलाश करनी पड़ रही है। यह बदलाव दीर्घकालिक रणनीतिक पुनर्संतुलन का संकेत भी देता है।*

### रूस के साथ सहयोग से मिली राहत

*रूस ने भारत की उर्वरक जरूरतों को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया गया कि खनिज उर्वरकों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है और भविष्य में भी सहयोग जारी रहेगा। यह भरोसा भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे तत्काल संकट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और दीर्घकालिक साझेदारी को भी मजबूती मिलेगी।*

### संयुक्त उद्यम से आत्मनिर्भरता की ओर

*उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने संयुक्त उद्यमों पर भी जोर दिया है। एक बड़े निवेश के साथ प्रस्तावित यूरिया संयंत्र का लक्ष्य आने वाले वर्षों में घरेलू उत्पादन को बढ़ाना है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी बल्कि लागत में भी कमी आएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र की स्थिरता के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।*

### राजनाथ सिंह की बात से बौखलाया पाकिस्तान

## आसिफ ने कोलकाता पर हमला करने की दे डाली गीदड़ भभकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से लगातार मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर से गीदड़भभकी दी है। ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भविष्य में भारत की ओर से किसी भी प्रकार के दुस्साहस की कोशिश का जवाब कोलकाता पर हमले से दिया जाएगा। ख्वाजा आसिफ का यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मौजूदा स्थिति में भारत के पड़ोसी देश की किसी भी दुस्साहस पर अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा, अगर भारत इस बार कोई भी कदम उठाता है, तो हम उसे कोलकाता तक ले जाएंगे।' उन्होंने दावा किया कि ऐसी खबरें हैं कि उनके अपने आदमियों के जरिए या पाकिस्तानियों के जरिए झूठा अभियान चलाया गया है, जिसमें कुछ शवों को कहीं लिटाकर यह कहा गया है ।



### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त, अरबों का नुकसान

*भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य और आर्थिक क्षति हुई है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 6 लड़ाकू विमानों और 2 अवैकस को मार गिराया, जिससे उसकी वायु क्षमता 20% तक कम हो गई।आतंकी ठिकानों पर हुए सटीक हमलों में 100 से अधिक आतंकी और उनके टॉप कमांडर ढेर हो गए। आर्थिक मोर्चे पर पाकिस्तान को लगभग 1.5 बिलियन डॉलर का घाटा झेलना पड़ा है। रडार साइट्स और एयरबेस तबाह होने से उसकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भारत के इस कड़े प्रहार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की आतंकी नीतियों को बेनकाब कर दिया है।*

### शिक्षा, रोजगार और जीडीपी को आधार माना

## दुनिया के सबसे दुखी देश, भारत का एक पड़ोसी है टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड हैपियस्ट रिपोर्ट-2026 के मुताबिक अफगानिस्तान दुनिया का सबसे दुखी देश है। इस लिस्ट में कुल 146 देशों को शामिल किया गया है। शिक्षा, रोजगार, घरेलू उत्पादन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपराध के मानकों को ध्यान में रखते हुए यह लिस्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अफगानिस्तान में शिक्षा और रोजगार बड़ी चुनौती हैं।

इसके अलावा महिलाओं को स्वतंत्रता नहीं मिली है। तालिबान शासन में लोग मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी दोनों का सामना कर रहे हैं। देश की ज्यादातर आबादी अभावों में गुजारा कर रही है। दूसरे नंबर और तीसरे नंबर पर सिएरा लियोन और मालावी है। ये दोनों ही अफ्रीकी देश हैं। यहां इतनी गरीबी है कि लोगों को दो जून की रोटी मिलनी भी मुश्किल हो जाती है। इसके अलावा इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता चरम पर है। ऐसे में लोगों के जनजीवन पर इसका काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मलावी में गरीबी इतनी ज्यादा है कि शिक्षा और रोजगार की बहुत सारे लोग अपेक्षा ही नहीं करते हैं। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से अपराध भी बहुत ज्यादा है। इस लिस्ट में चौथा



नाम जिम्बॉब्वे का है। राजनीतिक अस्थिरता, महंगाई और गरीबी की वजह से इस देश को दुखी देशों में शामिल किया गया है इस कड़ी में पांचवां ने बोत्सवाना का है। बोत्सवाना में बी शिक्षा और राजगार की दशा बहुत खराब है। यमन दुखी देशों में छठे नंबर पर है। यहां एक भाग पर हूती विद्रोहियों का कब्जा है। इसके अलावा राजनीतिक अस्थिरता की वजह से यहां भी जनता पिसती रहती है। यमन के बाद हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का अड्डा बन चुके लेबनान का भी लिस्ट में अगला नाम है। इसके बाद डीआरसी, एजिप्ट, तंजानिया, एस्वातिनी, कोमोरोस और एथियोपिया का नंबर आता है।

## ग्रीन आशा लेकर आ रहा है 20 हजार मीट्रिक टन एलपीजी

### पहले तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की गई

## एलपीजी पर बड़ी खुशखबरी! भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने पार किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलपीजी के मोर्चे पर देश के लिए खुशखबरी है। भारतीय ध्वज वाले जहाज ग्रीन आशा ने ईरान के पास मौजूद संकरे समुद्री रास्ते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव शुरू होने के बाद, यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकलने वाला भारत का नौवां जहाज है।

ईरान ने अमेरिका, इजराइल से युद्ध शुरू होने के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। दुनिया के एनर्जी सेक्टर के लिए यह रास्ता काफी अहम है, क्योंकि विश्व में होने वाले पेट्रोलियम के कुल व्यापार में से 20 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रीन आशा एक एलपीजी टैंकर है



और बढ़ते जोखिमों के बावजूद इसका सफलतापूर्वक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करना, इस क्षेत्र पर भारत की निरंतर निर्भरता को दर्शाता है। दरअसल, इस तनाव ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, जिससे दुनिया के ऊर्जा बाजार कठिन चुनौती से गुजर रहे हैं। समुद्री आंकड़ों से पता चलता है कि इस मार्ग का उपयोग करने वाले लगभग 60 प्रतिशत मालवाहक जहाज या तो ईरान से आ रहे हैं या ईरान के लिए ही जा रहे हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय जहाजों की गतिविधि अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।ग्रीन आशा की यात्रा से पहले, कम से कम आठ भारतीय जहाज इस मार्ग से गुजर चुके थे। इनमें एलपीजी वाहक बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम शामिल थे, जिन्होंने संघर्ष क्षेत्र से लगभग 94,000 टन माल का परिवहन किया। मार्च के अंत में, पाइन गैस और जग वसंत सहित चार भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकरों ने तीन दिनों की अवधि में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की।

### 80,000 टन से अधिक कच्चे तेल का परिवहन किया

*इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी ने मार्च के मध्य में गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों तक लगभग 92,700 टन एलपीजी पहुंचाई थी।अन्य शिपमेंट में कच्चा और ईंधन शामिल थे।*

Photocopier
ct2-moder-64
SALE
8 tons megatherm steel making furnace for sale with transformer in best working condition in Chennai
Shri Balaji Steel Industries
CHENNAI, Tamilnadu
9840039742

प्रोजेक्ट पर 4000 करोड़ से ज्यादा खर्च होने का अनुमान

# पीएमएवाय-2 के तहत भोपाल में जल्द बनेंगे 40 हजार ईडब्ल्यूएस एलआईजी आवास, अच्छी लोकेशन वाली जमीन की तलाश जारी

*वर्ष 2017 में शुरू हुए पीएमएवाय के पहले चरण के कई प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम के हाउसिंग फॉर आल सेक्शन द्वारा वर्ष 2017 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट अभी भले ही पूरे न हुए हों, लेकिन निगम प्रशासन ने उक्त योजना के दूसरे चरण के लिए शहर में 40 हजार नए आवासों के निर्माण के लिए जगह की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों से लगी नगर निगम की सीमा के भीतर निगम के अधिकारी जमीन देख रहे हैं। करीब 4000 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट के लिए निगम प्रशासन ऐसी जगह चिन्हित करना चाहता है जहां का वातावरण शांत, स्वच्छ और आवागमन की दष्टि से बेहतर हो और शहर से सीधी कनेक्टिविटी हो। नगर निगम का हाउसिंग फॉर ऑल सेक्शन इस प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में जुट गया है। इसके लिए निगम के अधिकारी शहर की सीमा से लगे ग्रामीण और विकसित होते क्षेत्रों का लगातार सर्वे कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में शुरू हुए पीएमएवाय के पहले चरण के कई प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे हैं। निगम प्रशासन का मानना है कि शहर में तेजी से बढ़ती आबादी और आवास की मांग को देखते हुए इस योजना का विस्तार जरूरी है।

*निगम प्रशासन ऐसी जगह चिन्हित करना चाहता है जहां का वातावरण शांत, स्वच्छ और आवागमन की दृष्टि से बेहतर हो और शहर से सीधे तौर पर कनेक्टिविटी मौजूद हो*

*शहर की सीमा से सटे इलाकों में भूमि देखने अधिकारी लगातार कर रहे हैं विजिट*

*आवास की मांग को देखते हुए इस योजना का विस्तार जरूरी*



### जगह देखी जा रही है, जल्द ही चिन्हित करेंगे

नगर निगम में हाउसिंग फॉर ऑल के प्रभारी नगर यंत्री आरके गोयल का कहना है कि पीएमएवाय-2 के तहत शहर में भूमि की तलाश की जा रही है। यह काम जल्द शुरू होना है। इसलिए लगातार जगह देखने का काम हो रहा है। इसके बाद अन्य आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### संभावित स्थानों का कर चुके हैं निरीक्षण, मंजूरी बाकी

निगम के अधिकारी होशंगाबाद रोड, बावडिया कला, रातीबढ़, कोलार, गांधी नगर क्षेत्र, संत नगर, रायसेन रोड से लगे ग्रामीण इलाकों से सटी नगर निगम की सीमा के भीतर संभावित स्थानों का निरीक्षण कर चुके हैं। कुछ क्षेत्रों को प्राथमिक तौर पर चिन्हित भी किया गया है। जल्द ही जमीन का अंतिम चयन कर परियोजना को औपचारिक मंजूरी के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इस योजना के पूरा होने पर शहर के हजारों जरूरतमंद परिवारों को सस्ते और सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

---

अंतरिक्ष उपलब्धियां और सफलताएं देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक

# उपलब्धियां युवाओं के लिए विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरणादायक: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत जानकारियों को अत्यंत रोचक बताते हुए भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने चंद्रयान-3 जैसी सफलताओं पर देश के वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम' के दूसरे दिन उज्जैन जिले की वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला में 'भारत में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान का वर्तमान और भविष्य' विषय पर आयोजित सत्र में सहभागिता की। सत्र में मुख्यमंत्री देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने स्पेस इकोनॉमी, निजी क्षेत्र की भागीदारी और युवाओं के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक न केवल वैज्ञानिक प्रगति बल्कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

**खास बातें**

- उज्जैन में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान पर आयोजित सत्र में शामिल हुए डॉ. मोहन
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम' में दी अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

### 'विक्रम लैंडर' की सफल सॉफ्ट लैंडिंग ऐतिहासिक उपलब्धि

फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी अहमदाबाद के निदेशक प्रो अनिल भारद्वाज ने सत्र में चंद्रयान-3 मिशन की उपलब्धियों पर बताया कि 'विक्रम लैंडर' की सफल सॉफ्ट लैंडिंग खास उपलब्धि रही। वहीं भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बना। इस मिशन की सफलता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'प्रज्ञान रोवर' ने चंद्रमा की सतह पर वैज्ञानिक अध्ययन किए और इस लैंडिंग स्थल को 'शिव शक्ति पॉइंट' नाम दिया गया। उन्होंने चंद्रयान-4 (लूनर सैंपल रिटर्न मिशन), चंद्रयान-5 (ल्यूपेक्स - भारत-जापान संयुक्त मिशन), वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर मिशन और वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की भारत की महत्वाकांक्षी योजनाओं की भी जानकारी दी।

### खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान पर हुआ मंथन

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित 'खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में प्रगति' एवं 'विकसित भारत के लिए स्पेस इकोनॉमी : राष्ट्र की सेवा में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी' सत्रों में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्पेस इकोनॉमी और भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक आयाम, विज्ञान-अध्यात्म के समन्वय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. तरुण पंत, निदेशक, स्पेस फिजिक्स लेबोरेटरी, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, तिरुवनंतपुरम ने बताया कि अंतरिक्ष की गतिविधियां पृथ्वी के वातावरण और जलवायु को प्रभावित करती हैं और इनका अध्ययन अंतरिक्ष विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण है।

### अंतरिक्ष तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा का मजबूत आधार

नीति आयोग के सदस्य (विज्ञान) डॉ. वीके सारस्वत ने 'भारत की रक्षा के लिए अंतरिक्ष आधारित रणनीतियां' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरिक्ष तकनीक आज विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में रक्षा तकनीक तेजी से बदल रही है और पारंपरिक हथियारों से आगे बढ़कर ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणालियां विकसित हो रही हैं। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र और स्टार्ट-अप्स की बढ़ती भूमिका को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। राजा रामन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरआरकैट) के पूर्व निदेशक डॉ. शंकर नाखे ने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे के पूरक हैं और इनके समन्वय से मानव समाज का संतुलित विकास संभव है।

---

संत दादा गुरु और मंत्री प्रह्लाद का श्रमदान जनसेवा का बना संदेश

बुदनी गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर श्रमदान करने पहुंचे

# नर्मदा तट पर मंत्री पटेल, संत और आमजन ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुदनी गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर शनिवार को जनप्रतिनिधि, संत और आमजन एक साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने श्रमदान कर यह स्पष्ट किया कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने आचरण से प्रेरणा देता है।



नर्मदा तट पर पूजा-अर्चना करते मंत्री पटेल।

उनके द्वारा किया गया श्रमदान जनसामान्य के लिए एक सशक्त संदेश बनकर उभरा। मंत्री पटेल ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि नदियों का संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की चेतना का दर्पण है। उन्होंने स्वच्छता को अभियान से आगे बढ़ाकर जीवन का संस्कार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अनुसार, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करेगा, तभी स्थायी परिवर्तन संभव हो सकेगा। इस अवसर पर नर्मदा परिक्रमा के तपस्वी, दादा गुरु महाराज की उपस्थिति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। पटेल ने संगम स्थल पर चल रहे स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि इस पावन स्थल का विकास निरंतर और सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ता रहे।

### साधना, आत्मशुद्धि और आंतरिक जागरण का केंद्र: दादा गुरु

दादा गुरु महाराज ने संगम के समग्र विकास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे केवल एक भौतिक स्थल नहीं, बल्कि साधना, आत्मशुद्धि और आंतरिक जागरण का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का धर्म है। साथ ही उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



---

बांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी सुराकछार मुख्य मार्ग का मामला

# ट्राले की चपेट में आने से युवक की मौत नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन-चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी सुराकछार मुख्य मार्ग पर हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और मुख्य रोड पर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची बाकी मोगरा थाना पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया।

बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान 36 वर्षीय रामेश्वर सिंह कमर के रूप में हुई है, जो बाकी मोंगरा थाना के सलियाभांठा गांव का रहने वाला था। जो अपने बाइक पर सवार होकर बलगी किसी काम से जा रहा था। इस दौरान ओवरटेक और रफ्तार के चक्कर में भारी वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

*ओवरटेक और रफ्तार के कारण हुई दर्दनाक घटना, जांच जारी*



### तत्काल प्रदान की गई सहायता राशि

वहीं, मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। वहीं, आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया और लोगों की आवाज ही बंद कर दी गई। सूचना मिलते ही बाकी मोगरा थाना प्रभारी चमन लाल सिन्हा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। उन्हें शासन से मिलने वाली सहायता राशि तत्काल प्रदान की गई और आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त हुआ। बताया जा रहा है कि मृतक रामेश्वर सिंह कंवर निजी कंपनी में काम करता था। घर पर पत्नी बच्चे भाई और माता-पिता की जिम्मेदारी उसपर थी। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

कलेक्टर के आदेश पर सख्त कार्रवाई


# अवैध खनन और नियमों की अनदेखी करने पर प्रशासन ने जताया कड़ा रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में अवैध खनन और नियमों की अनदेखी पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी कड़ी में धरसीवां क्षेत्र में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार क्रेशर इकाइयों को सील कर दिया। यह अभियान कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर चलाया गया।

- क्रेशर इकाइयों को बंद कर

शनिवार को खनिज विभाग की टीम ने खरोरा ब्लॉक के धनसुली और मुरा गांव में अचानक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई खदानों और क्रेशर इकाइयों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अधिकारियों ने पाया कि कुछ स्थानों पर पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हुए खनन किया जा रहा था, वहीं कई जगहों पर निर्धारित सीमा से अधिक खनिज का भंडारण भी किया गया था। जांच के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित चार क्रेशर इकाइयों को बंद कर दिया और संचालकों को नोटिस जारी किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों के खिलाफ किसी भी तरह की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी खनिज विभाग ने मंदिरहसौद क्षेत्र में इसी तरह की कार्रवाई की थी। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से साफ है कि प्रशासन अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सख्ती से कदम उठा रहा है।



---

छग में खनिज क्षेत्र से होने वाली आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज

यह राशि तय लक्ष्य के करीब 98 फीसदी है

# 16 हजार 625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित, 14 फीसदी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज क्षेत्र से होने वाली आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।



राज्य ने कुल 16 हजार 625 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित किया है। यह राशि तय लक्ष्य के करीब 98 फीसदी है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

खनिज विभाग के अनुसार, इस साल राजस्व में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि पिछले पांच वर्षों की औसत वृद्धि दर से भी अधिक है। खनिज विभाग के सचिव पी दयानंद ने इस वृद्धि के कई कारण बताए हैं। इनमें एनएमडीसी व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के परिवहन मार्गों का बेहतर प्रबंधन शामिल है। इससे खनिज परिवहन की दक्षता बढ़ी और राजस्व संग्रह में सुधार आया। 'खनिज 2.0' जैसे अंकीय प्लेटफॉर्म ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म ने खनन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया है। पारदर्शिता बढ़ने से अवैध खनन पर रोक लगी और राजस्व रिसाव कम हुआ।

### बेहतर प्रबंधन से सुगम हुई खनिज ढुलाई

*परिवहन मार्गों के बेहतर प्रबंधन से खनिज ढुलाई सुगम हुई है। एनएमडीसी जैसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों को इसका सीधा लाभ मिला। 'खनिज 2.0' ने खनन लाइसेंसिंग और निगरानी को सरल बनाया। यह अंकीय प्लेटफॉर्म खनन गतिविधियों को व्यवस्थित करने में सहायक रहा। इन प्रयासों से राजस्व संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता आई है। सरकार अब गौण खनिजों को भी अंकीय प्रणाली से जोड़ने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य पूरी खनन व्यवस्था को एकीकृत और अधिक प्रभावी बनाना है। खनिज परिवहन पर निगरानी बढ़ाने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल होगा। वीटीएस, आई-चेक गेट्स और ड्रोन तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। ये कदम भविष्य में राजस्व वृद्धि और पारदर्शिता को और मजबूत करेंगे।*

---

# अजाक्स ने आदेश संशोधन की मांग को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 2 अप्रैल 2026 को जारी पत्र में संशोधन की मांग की है।

संघ का कहना है कि जारी पत्र में मुकेश मौर्य को प्रांतीय अध्यक्ष संबोधित किया गया है, जबकि इस संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए यह तथ्यात्मक रूप से त्रुटिपूर्ण बताया गया है। संघ के अनुसार प्रांतीय अध्यक्ष पद से संबंधित अपील प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के समक्ष लंबित है। साथ ही मुकेश मौर्य द्वारा स्वयं को प्रांतीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के विरुद्ध जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल में दो प्रकरण भी विचाराधीन हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 20 मार्च 2026 को अजाक्स भवन में अनाधिकृत प्रवेश के मामले में थाना टीटी नगर में आवेदन दिए गए हैं तथा पुलिस आयुक्त को भी शिकायत प्रस्तुत की गई है। अजाक्स संघ ने अतिरिक्त मुख्य सचिव से प्रकरण का परीक्षण कर संशोधित आदेश जारी करने की मांग की है।

---

## कृषि और किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना

# खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण व लॉजिस्टिक्स में 150 करोड़ रुपए का घोटाला: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में खाद्यान्न उपार्जन, भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में व्याप्त



व्यापक भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक संरक्षण का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल कुप्रबंधन नहीं, बल्कि संगठित लूट का एक बड़ा तंत्र है, जिसने किसानों के अधिकारों और गरीबों की खाद्य सुरक्षा दोनों को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले के वेयरहाउसों में 35 करोड़ रुपए की लागत से खरीदा गया लगभग 20,000 मीट्रिक टन गेहूं, रखरखाव और कीटनाशक के नाम पर 150 करोड़ रुपए का बोझ बनाकर सड़ने के लिए छोड़ दिया गया। 34 बार कीटनाशक छिड़काव के बावजूद अनाज का 'जहर' बन जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह पूरा मामला फर्जी बिलिंग, घटिया सामग्री और अधिकारियों-ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम है। पटवारी ने कहा कि यह एक अकेला मामला नहीं है। पिछले चार वर्षों में प्रदेश में 10 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं सड़ चुका है, जिसमें से लाखों टन अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया। इस सड़े हुए अनाज की नीलामी से भी सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जो सीधे तौर पर जनता के पैसे की बर्बादी है।

*फर्जी बिलिंग, घटिया सामग्री और अधिकारियों-ठेकेदारों की मिलीभगत का परिणाम: जीतू*

# गेहूं खरीदी में हो रही देरी दुर्भाग्यपूर्ण, किसानों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा: अजय सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश में गेहूं खरीदी में लगातार हो रही देरी को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, किसान-विरोधी और असंवेदनशील बताया है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही प्राकृतिक जोखिम, बढ़ती लागत, कर्ज के बोझ और मंडी की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है।



ऐसे में सरकार द्वारा गेहूं खरीदी को टालते रहना किसानों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। सिंह ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि जब किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने की उम्मीद लगाए बैठा है, तब उसे मजबूरी में व्यापारियों को बहुत कम दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है और बैंक से कर्ज लेकर खेती करने वाले अनेक किसान डिफाल्टर होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बारदाने का बहाना लेकर खरीदी में विलंब अजय सिंह ने कहा कि सरकार बारदाने की कमी का बहाना बनाकर खरीदी में विलंब कर रही है, जबकि खुले बाजार में और व्यापारियों के पास पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। यदि व्यापारी बड़े पैमाने पर खरीदी कर सकते हैं, तो सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं क्यों नहीं खरीद सकती? उन्होंने कहा कि राजस्थान सहित कई राज्यों में गेहूं खरीदी पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन मध्य प्रदेश में किसानों को लगातार इंतजार कराया जा रहा है। इससे यह आशंका मजबूत होती है कि व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही सरकार खरीदी में देर कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि वह तत्काल गेहूं खरीदी शुरू करे। किसानों से एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए।

# जो सबमें रमे और सबको खुद में रमाए वो हैं श्रीराम




## अवधपुरी गौरीघाट में 1419वीं रामकथा सुनाते हुए जगदगुरु रामभद्राचार्य जी ने की राम जनम की व्याख्या





**जबलपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म सिर्फ विप्र-धेनु, सुर-संत हित के लिए नहीं है, उनका जन्म पूरे जगत के मंगल के लिए है। श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने 'राम सत्यसंध पालक श्रुति श्रेतू-राम जनमु जग मंगल हेतू' चौपाई में इसकी व्याख्या भी की है। इस आशय के मंगल वचन पद्म विभूषण, रामानंदाचार्य जगदगुरु श्री रामभद्राचार्य महाराज ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट स्थित अवधपुरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के मंगलाचरण में कहे।श्रीराम जनम के मांगल्य को अनेक उद्धरणों के माध्मम से बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जगत में सब कुछ मंगल हो, इस कारण रामजी का जन्म हुआ है। उन्होंने मानस चौपाई 'चिदानंद मय देह तुम्हारी' के माध्यम से भगवान के प्रकट होने संबंधी दिव्यता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान में विकार नहीं होता। निज इच्छा निर्मित तनु में निर्मित का अर्थ उन्होंने प्रकटित बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने भक्तों की इच्छा से वसीभूत होकर अपने शरीर को प्रकट किया। वस्तुतः जगत में जितने लोग और जीव हैं, सभी का मंगल करने के लिए राम का जन्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम माया, तीनों गुण और गो यानी इंद्रिया से परे हैं। उन्होंने कहा कि रावण ने जगत का मंगल जब समाप्त कर दिया, सब कुछ जगत में अमंगल हो रहा था, तब भगवान का जन्म हुआ।**

### जगत की वासना खंडित करती हैं नर्मदा

मां नर्मदा की निर्मलता और श्रीराम की सुंदरता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सारा संसार जानता है कि नर्मदा ऐसी महारानी नदी हैं कि किसी में मोहित नहीं होती। नर्मदा का अर्थ है नर्माणि। निर्मलता उनकी पहचान है। वस्तुतः जो जगत की वासना को खंडित कर दे उसे कहते हैं नर्मदा। समुद्र से भी इनका कोई संपर्क नहीं। पर रामजी इतने सुंदर हैं, कि इनको देखकर नर्मदाजी भी मोहित हो गईं। नर्मदा ने कहा मेरे तट पर आपको कुटी बनानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि रामजी के चरित्र का जादू ही ऐसा है कि कोई कितना भी कोई दुष्ट हो, वो मोहित हो ही जाता है। उन्होंने कहा कि जो सबको खुद में रमाए और खुद सबमें रमें वो हैं श्रीराम।

### राम को समझने चाहिए आठ सिद्धांत

महाराजश्री ने कहा कि परमात्मा श्रीराम को समझने के लिए आठ सिद्धांत चाहिए। ये हैं, व्याकरण उपमाना कोष, आप्तवाक्य व्यवहार, वाक्य शेष, विव्रत्ति और सानिध्य। इन आठ सिद्धांतों के आधार पर हम सिद्ध पदों के अर्थ का निर्धारण करते हैं। वशिष्ठ जी ने श्रीभरत को अयोध्या कांड में बताते हुए कहा कि राम शब्द सिद्ध पद है। हमने इसे नहीं बनाया, अनादि काल से अपौरुषेय राम शब्द की व्याख्या कर रहे हैं। रा का अर्थ है देना और म का अर्थ हैं मंगल, तो जो सबको सदा मंगल ही देते रहते हैं उनका नाम है राम। तभी उनके चरित का गायन मंगल भवन अमंगल हारी है। महाराज श्री ने गाइये गणपति जगवंदन, शंकर सुमन भवानी नंदन... स्तुति से कथा का श्रीगणेश किया। उनकी सरस मृदुल मीठी वाणी से गणपति स्तुति सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। इसके उपरांत उन्होंने नीलांभुजग श्यामल कोमलांगं... नमामि रामं रघुवंश नाथम स्तुति से अपने आराध्य भगवान श्रीराम का स्मरण किया और फिर श्रीगुरु चरण सरोज रज... कहते हुए गुरु वंदन किया।

### मानस को समझने संस्कृत आवश्यक

महाराजश्री ने कहा कि मानस को समझने के लिए संस्कृत पढ़ना आवश्यक है। व्याकरण न समझने के कारण राम के उदात्त चरित के अर्थ का भी अनर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत का प्रसार-प्रचार और विस्तारित हो, इसके लिए वे चित्रकूट में संस्कृत संस्कृति गुरुकुलम की स्थापन कर रहे हैं। इसका भवन तैयार है, जिसका शुभारंभ वे आगामी 14 जनवरी को करेंगे। इससे पूर्व वे 6 माह के अज्ञात वास में रहकर चिंतन करेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय वैदिक संस्कृति की प्रत्येक विधा को इस गुरुकुल में पढ़ाया जाएगा। हम अपने छहो दर्शन, साहित्य न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांशा और मानसजी, भागवतजी इस गुरुकुल में पढ़ाएंगे। यही नहीं संस्कृत के साथ विद्यार्थियों को अंग्रेजी का भी अच्छा अभ्यास कराएंगे, ताकि बटुक विदेशों में जाकर भारतीय वैदिक संस्कृति का प्रचार कर सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संस्कारधानी से मुझे बहुत सहयोग चाहिए।

### संतों का मिला सानिध्य

श्रीराम कथा में जगद्गुरु भगवान का पूज्य संत सुखानंद द्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज, आचार्य रामचंद्र दास युवराज, दादा पगलानंद महाराज, गिरिजानंद महाराज, स्वामी रामबहादुर महाराज,चंद्रशेखरानंद महाराज, योगी राजेश दास, स्वामी सुरेन्द्र दास, का सानिध्य रहा।

### कलश शोभायात्रा ने रचा इतिहास

कथा के पूर्व समरसता सेवा संगठन की 'नर्मदा कलश यात्रा' ने इतिहास रच दिया। समरसता सेवा संगठन अपने आयोजनों के लिए तीन सालों से प्रशंसा का पात्र रहा है। कजलियां-रंगपंचमी की तरह 'नर्मदा कलश यात्रा' ने भी भव्यता-दिव्यता के कीर्तिमान रचे। नर्मदातट के गौरीघाट स्थित नावघाट में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा का पूजन-अनुष्ठान और अभिषेक किया गया। इसके उपरांत बाजे-गाजे के साथ नर्मदा कलश यात्रा अवधपुरी स्थित कथा स्थल के लिए रवाना हुई। यात्रा में 15 से अधिक झांकियां थीं। बैंड-धमाल-ढोल के अलावा बड़ी श्रद्धा के साथ 'नर्मदा कलश' की झांकी शोभायमान थी। भक्त मंडली द्वारा मधुर ध्वनि से संकीर्तन किया गया। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ, राम दरबार, निषाद प्रसंग, शबरी प्रसंग की चलित झांकी के सबने दर्शन किए। महाराजश्री कथाव्यास जगदगुरु रामभद्राचार्य भी रथ पर सवार थे। उसके पीछे शहर के संतजनों के रथ थे। कथा में हजारों की संख्या में मातृशक्तियां सिर पर कलश लेकर चल रही थीं।

### जब श्रीराम ने सुनाई नवधा भक्ति

कथा पूर्व नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 'भक्तिमती शबरी' नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें प्रभु श्रीराम ने माता शबरी को नवधा भक्ति सुनाई। आज सोमवार को संस्था द्वारा 'रानी दुर्गावती' शीर्षक से नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। भक्तिमती शबरी नाटिका में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी को नवधा भक्ति की कथा सुनाई। उन्होंने संतों का संग, भगवान की कथा सुनना, अभिमान रहित गुरु सेवा, प्रभु का गुणगान करना सहित सभी नौ भक्ति का वर्णन किया। इस अवसर पर समरसता का सार सुनाते हुए माता शबरी ने कहा कि ये भक्ति का ही प्रताप है कि मतंग के आश्रम में शेर-बकरी एक साथ बैठते हैं। वहां समरसता है, भेदभाव तो ज्ञान में छू नहीं जाते। प्रस्तुति में श्रीराम ने माता शबरी से कहा कि मैया, मैं ऊंच नीच का भेद भाव नहीं मानता। स्त्री पुरुष नाम रूप से गुण में भी रहा न कोई नाता-भक्ति भावना निर्मल हो जिसमें स्वीकार करूं हे माता।

### नगर आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

इससे पूर्व रविवार सुबह महाराजश्री का सड़क मार्ग से आगमन होने पर रामानंद परंपरा के राघव देवाचार्य, कथा आयोजक समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, कथा समन्वयक अखिल मिश्रा सहित अन्य ने उनका विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। राघव देवाचार्य सहित, संदीप जैन, डॉ. जितेन्द्र जामदार सहित संगठन के पदाधिकारियों महाराजश्री का पूजन-अर्चन किया। कथा स्थल पर अयोध्या में विराजित प्रभु श्रीराम लला की अनुपम झांकी ने सबका मन मोह लिया। कथा का शुभारंभ स्वस्ति वाचन से हुआ। आचार्य पं. रोहित दुबे, पं. सौरभ दुबे सहित अन्य आचार्यों ने स्वस्ति वाचन किया।लोक निर्माण मंत्री ने लिया जगद्गुरु का आशीर्वाद- मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कथा स्थल पहुंचकर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया।

## मंच पर हुए समरसता के दर्शन

कथा जिस समरसता के पावन उद्देश्य के लिए हो रही है, उसके सजीव दर्शन मंच पर हुए। ऐसा अवसर प्रथम बार देखने मिला कि किसी भी धार्मिक कथा या आयोजन में समरसता की अलख जगाते हुए सर्व समाज की सहभागिता हो।राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, विधायक सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, लेखराज सिंह मुन्ना, प्रो. आशुतोष दुबे ने जगद्गुरु का पूजन किया।आयोजक समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार, सचिव अखिल मिश्रा, स्वागत समिति अध्यक्ष गुलशन मखीजा, मुख्य यजमान डॉ. राजेश धीरावाणी, पं. रोहित दुबे, पं ब्रजेश दीक्षित ने विधि विधान से पादुका पूजन किया। सभी यजमानों ने भी पूजन का विधान किया। संदीप जैन ने व्यास पूजन के बाद महाराजश्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री जैन ने मंच पर उपस्थित द्वाराचार्य राघवदेवाचार्य सहित सभी संतों का पूजन किया।महाराजश्री का स्वागत नगर के स्वामी राजेश्वरानंद, राम बहादुर महाराज, गिरिजानंद महाराज चंद्रशेखरानंद महाराज, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, समाज सेवी लेखराज सिंह मुन्ना, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, आषुतोष दुबे ने महारजाश्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।मंच पर 41 समाजों के प्रतिनिधि कथा के यजमान थे। इनमे डॉ. राजेश धीरावाणी (गुजराती समाज) मुख्य यजमान होंगे। साथ ही सुदर्शन जगदीश चौहटेल (सुदर्शन समाज), दास प्रसाद अहिरवार (अहिरवार समाज), दीपक मेहरोलिया (बाल्मीक), डॉ. अमीर चन्द्र सोनकर (सोनकर समाज), बब्वल रजक (रजक समाज), राजू चौरसिया (चौरसिया समा), सुशील सोनी (सोनी समाज), प्रवीण वर्मा (कायस्थ), प्रदीप चौकसे, आशीष राय कल्चुरी समाज सहित सभी समाजों के प्रतिनिधि शामिल थे। मंच का सफल संचालन करते हुए ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि गुरुदेव की कथा, कथा नहीं अनुष्ठान होती है। उन्होंने महाराजश्री के राम प्रेम, राष्ट्र प्रेम और चराचर जगत को लेकर गुरुदेव की जीवन तपस्या की भी चर्चा की।

## चीफ जस्टिस ने लिया आशीर्वाद

महाराजश्री के आगमन पर रविवार सुबह एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा सपरिवार उनसे मिलने पहुंचे। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के साथ आई उनकी अर्धांगिनी श्रीमती रश्मि सचदेवा से महराजश्री ने कहा कि आप के पति आदर्श पति हैं। उन्होंने कहा कि अमूमन यही सुनने में आता है कि पत्नी ही पति के लिए किडनी दान करती है, लेकिन ये जानकर मैं अति प्रसन्न हूं कि श्री सचदेवा ने अपनी पत्नी के लिए किडनी दान की है। ऐसा करके उन्होंने दांपत्य संस्कार के प्रति गहन आस्था का संदेश समाज को दिया है। महाराजश्री ने कहा कि सनातन धर्म में ही ऐसे संस्कार हैं। जो न सिर्फ परिवार को सुखद बनाते हैं, बल्कि समाज में भी एकता का संचार करते हैं।लोक निर्माण मंत्री ने लिया जगद्गुरु का आशीर्वाद- मप्र के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कथा स्थल पहुंचकर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद लिया।

### प्रभु प्रेमियों का उत्साह देखकर हुए प्रसन्न

महारज श्री समरसता जैसे पावन उद्देश्य के लिए शहर में हो रही राम कथा के प्रति आयोजक संस्था के सदस्यों का उत्साह देख कर खुश हुए। उन्होंने अध्यक्ष संदीप जैन की तारीफ करते हुए कहा कि वे अपने नाम के अनुरूप एक दीप की तरह समाज को रोशन कर रहे हैं। मैं उन्हें और उनकी टीम को बहुत-बहुत आशीर्वाद देता हूं। महाराजश्री को सुनने कथा पंडाल में अपार जनमेदिनी उमड़ी। पंडाल के बाहर सभी भक्तजनों को भोग प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन समिति, स्वागत समिति, समरसता सेवा संगठन ने संस्कारधानी वासियों से नित्य प्रति सायं 4.30 बजे से 7.30 बजे तक हो रही श्रीराम कथा में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण लाभ लेने की अपील की है।



## मंदिर के बाजू से शराब दुकान हटाई जाए, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया गया कि विगत कई वर्षों से संचालित शराब दुकान जो शासन के द्वारा संचिलत की जा रही थी जिसका विरोध कई वर्षों से क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा था, जिसको देखकर शासन द्वारा यह दुकान स्थानांतरित कर गोहलपुर थाना से 200 मीटर की परधी या अमखेरा रोड पर मालगुजार परिसर तक स्थल निर्धारित किया गया, उसके बाद भी 01 अप्रेल से शासन के द्वारा बनाये गये नियमों के विरूद्ध संचालित की जा रही है जिससे क्षेत्रीय जनता में भारी रोष व्याप्त है। अगर जल्द से जल्द इस शराब की दुकान को इसके बनाये गये नियमों के अनुसार स्थानांतरित नहीं किया जाता है तो मेरे एवं क्षेत्रीय जनता के द्वारा 24 घंटे के अंदर अनिश्चितकालीन धरना एवं उच्च न्यायालय में जनहित याचिका के माध्यम से उक्त अवैधानिक कृत्य को करने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जनहित याचिका लगाई जायेगी। रद्दी चौकी स्थित मरही माता मंदिर से लगभग 10 फीट की दूरी पर उक्त शराब दुकान संचालित हो रही है। इस शराब दुकान से मंदिर में आने-जाने वाले क्षेत्रीय नागरिकों और माता-बहनों को रोज अभद्र एवं अमानवीय कृत्य, अशोभनीय हरकतों को देख-सुन शर्मिंदा होना पड़ता है। अतः हमारा निवेदन है कि दुकान का जब नई जगह आवंटन हो गया है तो उसे गोहलपुर थाने से 200 मीटर की परिधि या अमखेरा रोड पर मालगुजार परिसर तक के बीच खोला जाये, जिससे सरकार द्वारा निर्धारित नियम का पालन होगा और वषों से पीड़ित हम सभी एवं क्षेत्रीय नागरिकों को शांतिपूर्वक जीवन बसर करने का अवसर मिलेगा।

## मनाया प्रभु येशु ख़्रीस्त का बलिदान और मानव मुक्ति दिवस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच ने बताया की आज सारी दुनिया में पुण्य शुक्रवार/ गुड फ्राइडे के रूप में विश्व के सभी विश्वासियों के द्वारा मनाया जा रहा है। सृष्टि के आरम्भ से विद्यमान सृष्टिकर्ता ईश्वर पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा ने सुंदर सृष्टि का निर्माण किया और अपने ख़ुद के प्रतिरूप सदृश्य मनुष्य की भी सृष्टि की और इस पर प्रभु ईश्वर बहुत खुश था, किन्तु ईश्वर से तुलना करने वाले एवं बराबरी करने वाले ईश्वर की एक कृति ने ईर्षा के कारण पाप किया, ये सोचकर कि ईश्वर का पुत्र संसार का मुक्तिदाता बनेगा और इसलिए शैतान ने झूठ बोलकर आदम और हेवा को लालच देकर ईश्वर के विरुद्ध पाप कराया और ईश्वर की आज्ञाओं को न मानने के कारण आदम हेवा याने समस्त मानव जाति पाप में गिर गई और इस तरह स्वर्ग का द्वार बंद हो गया और दुनिया में मृत्यु का प्रवेश हो गया। हालाँकि ईश्वर को यह कृत्य अच्छा नहीं लगा, क्योंकि मनुष्य ईश्वर की ही कृति है ईश्वर ने पाप से मुक्ति के लिए अपने इकलौते पुत्र को ही जो स्वयं आदिकाल से ही ईश्वर है, मानव मुक्ति के लिए इस दुनिया में भेजा, क्योंकि ईश्वर के पुत्र प्रभु यीशु ख्रिस्त के बलिदान और पवित्र लहू से मानव मुक्ति सम्भव थी। योजना अनुसार प्रभु यीशु ने क्रूस पर भारी दुख के साथ मृत्यु स्वीकारी और अपना पवित्र रक्त बहाकर एवं मरकर सभी मनुष्यों को मुक्ति और अन्नत जीवन प्रदान किया। इसलिए पुण्य शुक्रवार याने गुडफ्राइडे मनाया जाता है। इसी कड़ी, तारतम्य में जबलपुर संस्कारधानी के सभी गिरजाघरों में क्रूसरूपी यात्रा का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। सभी गिरजाघरों में भारी संख्या में विश्वासियों ने हिस्सा लेकर पवित्र शुक्रवार याने गुडफ्राइडे येसु मसीह के बलिदान दिवस को मनाया। आज सभी गिरजाघरों में क्रूसमय यात्रा के साथ ही मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया जिसमें सभी विश्वासियों ने भक्ति भावना और उपवास के साथ बड़ी ही शालीनता से भाग लिया।

## 48 घंटे के अंदर जीआरपी ने दस्तयाब की अपहृत बालिका

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक (रेल) सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक (रेल) अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़, अपराधों की रोकथाम एवं गुम बालक, बालिकाओं की तलाश पतारसी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अपराध क्र. 181/26 धारा 137 (2) बीएनएस के मामले में ट्रेन 12062 जनशताब्दी एक्सप्रेस से अपहृत हुई बालिका को विशेष टीम गठित कर 48 घंटे के अंदर दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर से एसएचओ संजीवनी राजपूत, सउनि. जगन्नाथ सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक विनोद तिवारी, आरक्षक मनीष शर्मा, महिला आरक्षक अंजनी राजपूत, शकुन्तला का उल्लेखनीय योगदान रहा। ुलिस अधीक्षक (रेल) जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद ईनाम से पुरष्कृत करने की घोषणा

## आज सायंकाल एवं 7 अप्रैल को दोनों समय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर।** नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आनंद नगर टैंक में डक फुट बैंड 600 एम.एम. के बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते आज दिनांक 6 अप्रैल 2026 को सांयकाल एवं दिनांक 7 अप्रैल 2026 को दोनों समय आनंद नगर टैंक से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।

### उधना-जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

## पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर भी रहेगा ठहराव

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 09061/09062 उधना-जयनगर-उधना समर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जा रही है। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास के 22 कोचेस हैं। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार है-



उधना-जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन (02- 02ट्रिप)

गाड़ी संख्या 09061 उधना से जयनगर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 एवं 12 अप्रैल 2026 प्रत्येक रविवार को उधना स्टेशन से मध्यरात्रि 01:30 बजे प्रस्थान कर इटारसी दोपहर 12:50 बजे, जबलपुर 16:40 बजे, कटनी 18:15 बजे, सतना 19:55 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए सोमवार को दोपहर 14:30 बजे जयनगर स्टेशन पहुँचेगी। (दो सेवाएं)

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09062 जयनगर से उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 एवं 13 अप्रैल 2026 प्रत्येक सोमवार को जयनगर स्टेशन से 17:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 11:40 बजे, कटनी 13:15 बजे, जबलपुर 15:15 बजे, इटारसी 19:00 बजे पहुंचकर और बुधवार 06:15 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, बक्सर, रघुनाथपुर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेंगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## "मेडिसिन अपडेट 2026" के दो दिवसीय 27वें वार्षिक सम्मेलन संपन्न

# आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नवीनतम शोध, जटिल रोगों के निदान के उन्नत तरीकों पर हुई विस्तार से चर्चा

**जबलपुर। मेडिकल कॉलेज के भूतपूर्व प्रोफ डीन. प्रोफ. डॉ. बी. एन. श्रीवास्तव को याद करते हुए डॉ. बी. एन श्रीवास्तव ओरेसन समारोह का आयोजन किया गया जिसके वक्ता डॉ. शुभाष चंद्रा, नई दिल्ली से थे।**

इन सत्रों में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नवीनतम शोध, जटिल रोगों के निदान एवं उपचार के उन्नत तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए चिकित्सकों को दैनिक चिकित्सा अभ्यास में आने वाली चुनौतियों एवं उनके प्रभावी समाधान के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही तथा प्रश्नोत्तर सत्रों ने इसे और अधिक उपयोगी एवं संवादात्मक बनाया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर के माननीय सांसद श्री आशीष दुबे जी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



साथ ही डॉ. ऋचा शर्मा (अध्यक्षा, आईएमए जबलपुर) भी उपस्थित रहीं। द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रातः मेडिकल क्विज से हुआ, जिसमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों एवं पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स ने भाग लिया। —डॉ. बालाजी कन्नुमणि (हैदराबाद), डॉ. नरेंद्र सिंह (गुरुग्राम), डॉ. सुभाष चंद्रा (नई दिल्ली), डॉ. सुनीत लोकवानी (इंदौर) तथा जबलपुर से डॉ. एम. एस. जोहरी, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. नीरज जैन, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. प्राची शर्मा, डॉ. विशाल कस्तवार, डॉ. प्रियंका कुकरेल एवं डॉ. ऋषि कांत अहरवाल —द्वारा विभिन्न समसामयिक विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। लाइफ टाइम अचीवमेंट उनके चिकित्सा क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए अवार्ड इस वर्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव , डॉ. प्रोफ मनोज कुमार पराशर एवं डॉ. अजय भंडारी को दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन चिकित्सकों को नवीनतम ज्ञान एवं तकनीकों से अपडेट रहने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं, जिससे जनस्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है। सम्मेलन के समापन पर आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। अंत में डॉ. अखिलेश तिवारी, सचिव एपीआई जबलपुर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ताकी भविष्य में ऐसी सम्मेलन निरंतर किये जाये।



## पुस्तक मेले में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**बरेला।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर विद्यालय द्वारा पुस्तक मेले कि संध्या में रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियाँ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ ने देकर समां बांध दिया । प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े के मार्गदर्शन एवं नृत्य निर्देशिका शिक्षिकाएं सरोज विनोदिया, संगीता तिवारी, मीरा पांडे के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा निमाड़ी नृत्य,हरियाणवी नृत्य, भजन नृत्य प्रस्तुति, दशावतार प्रस्तुति,सोहर लोक गायन एवं नृत्य नाटिका सत्यभामा रुक्मणी प्रसंग "भगवन तो मिलते हैं भक्ति से" और शैक्षणिक स्टाफ द्वारा गायन स्वरचित काव्य पाठ एवं गीतों की सुंदर प्रस्तुतियाँ मेले में दी गई ।जिसकी दर्शक दीर्घा द्वारा अत्यंत सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदया श्रीमती आशा मुकेश गोटिया जिला पंचायत अध्यक्ष जबलपुर,श्री रिंकू विज जी नगर निगम अध्यक्ष जबलपुर, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार श्री आलोक पाठक जी.द्वारा भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया,साथ ही स्टेशनरी किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय के श्री राव जी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी, जिला परियोजना समन्वयक श्री योगेश शर्मा जी, बच्चों के उत्साहवर्धन के लिएपीएम श्री का समस्त स्टॉफ छात्र-छात्राएं,पालक गण उपस्थित रहे।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर उपनयन संस्कार 20 अप्रैल को

**जबलपुर।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अप्रैल माह में आयोजित होगा। बताया गया परशुराम धाम ग्वारीघाट में मां नर्मदा पूजन के साथ भगवान परशुराम के आशीर्वाद से निःशुल्क उपनयन संस्कार, मुंडन संस्कार कनछेदन संस्कार आयोजित किया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन पूर्णतया निःशुल्क होगा। सभी विप्र बंधुओं से एवं विप्र समाज के सम्माननीयजनों से अनुरोध है कि अन्य समाज के जो भी उपनयन संस्कार कराना चाहते हैं वह संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय ब्रिज बाइक सेंटर कछपुरा मेन रोड गढ़ा में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मंच के महत्वपूर्ण सदस्य से भी व्हाट्सएप ग्रुप एवं ब्राह्मण समाज के संपूर्ण ब्राह्मण मंच के प्रवक्ता पं. धनंजय बाजपेई आदि से भी संपर्क कर सकते हैं। सनातन संस्कृति में उपनयन संस्कार 16 संस्कारों में महत्वपूर्ण संस्कार है कनछेदन, मुंडन आदि की भी विशेष व्यवस्था होगी।

## कुर्मी समाज के राष्ट्रीय महाधिवेशन में कुरीतियों के खिलाफ बुलंद की आवाज

# 46वें अधिवेशन के दूसरे दिन दहेज प्रथा, नशामुक्ति और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर हुआ गहन मंथन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में दाऊ मैरिज गार्डन, महाराजपुर बायपास में आयोजित दो दिवसीय 46वें राष्ट्रीय महाधिवेशन के दूसरे दिन की मुख्य वक्ता सांसद लता वानखेड़े रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस निरंजन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत कुर्मी गीत और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। अधिवेशन में सबसे पहले समाज से आए सभी पुरोहितों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन रामखेलावन पटेल ने दिया, जिसके बाद प्रदेशों से पधारे सभी अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनका स्वागत किया गया। अधिवेशन में विभिन्न विषयों जैसे फ़िरिका परस्ती तोड़ो, क्षेत्रीयता की बात छोड़ो, एक राज्य से दूसरे राज्य में स्वजातीय में बिना दहेज के रोटी-बेटी का



रिश्ता जोड़ो, प्रजातांत्रिक राजनीतिक विकास समाज की धुरी, कन्या भ्रूण हत्या मिटाओ, कन्या बचाओ अभियान चलाओ, दहेज प्रथा का बहिष्कार करो, बहू को बेटी का दर्जा दिलाओ, समाज विकास में महिला युवा एवं छात्र-छात्राओं का योगदान सहित नशा मुक्त समाज का निर्माण करने के साथ मृत्यु भोज एवं फिजूल खर्ची आर्थिक विकास में बाधक सहित विभिन्न विषयों पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला जबलपुर की टीम का भी स्वागत किया गया, जिन्होंने दिन रात मेहनत करके इस राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाया है। कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय संरक्षक एलपी पटेल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पाटीदार, प्रदेश संरक्षक एवं भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष तेज प्रताप गौर, जिलाध्यक्ष कुर्मी विवेक चौधरी, महासचिव कैप्टन ओमप्रकाश सचान, कोषाध्यक्ष राममिलन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, राजेश पटेल, युवा संगठन अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, आशीष पटेल, कॉर्डिनेटर रंजीत पटेल, आशीष पटेल, दिनेश पटेल, आदेश पटेल, मोनू पटेल, राहुल पटेल, पवन पटेल, धनेश पटेल, दशरथ पटेल, जयप्रकाश पटेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## एपीएन महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया

**जबलपुर।** अयोध्या प्रसाद नर्मदा महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी उपलब्धियां एवं महाविद्यालय में व्यतीत किये संस्मरणों को याद करके वर्तमान विद्यार्थियों को अपने करियर की यात्रा के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से गीत संगीत गेम्स आदि का आयोजन भी किया गया, इस अवसर पर स्वागत भाषण महाविद्यालय की उपप्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉक्टर दिव्या पाराशर द्वारा दिया गया।

महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम वर्तमान विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लक्षिता शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कु वैष्णवी साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सोनल खरे एवं कुल सचिव मानवेंद्र सिंह ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्रबंधक तुलसीदास द्रविड़, पार्षद अमरचंद बाबरिया, कार्यक्रम समन्वयक आलोक सिंह, डॉ. पूजा शर्मा एवं समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

## सिहोरा में तीन मंडलों का प्रशिक्षण महाअभियान

# भाजपा संगठन मावन कल्याण के लिए हमेशा तत्पर: बरकडे

**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन सम्पूर्ण देश में मानव कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहता है आज पित्र पुरुषों एंव देवतुल्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और समर्पण से ही भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है उक्ताशय के उदगार क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे ने ध्वनि पैलेस में मंझगवा,गोसलपुर, सिहोरा नगर मंडल के आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा का कार्य विस्तार योजना विषय पर मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।




### भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारम्भ प्रशिक्षण

भारत माता के साथ पार्टी के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद प्रारंभ हुए प्रशिक्षण वर्ग में अतिथि के रुप में उपस्थित प्रदेश कोषाध्यक्ष अखलेश जैन, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नंदनी मरावी,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य अंजली गोलू पांडे का पुष्पहार भेंटकर स्वागत किया गया।

### प्रशिक्षण वर्ग में बताई भाजपा की उपलब्धियां

प्रशिक्षण महाअभियान मे हमारी कार्यपद्धति, भाजपा का कार्य विस्तार, हमारा वैचारिक अधिष्ठान, सोसल मीडिया ए आई नमो ऐप, भाजपा का इतिहास विकास,प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, केन्द्र सरकार की उपलब्धियां के संबंध में आठ सत्रों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।जिसको अखलेश जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष, पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नंदनी मरावी,अंकुर जैन जिला उपाध्यक्ष,अभिषेक सिंह,पुष्पराज सिंह बघेल जिला उपाध्यक्ष,राजमणि सिंह बघेल प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा आदि ने सम्बोधित किया।

### प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला महामंत्री राजेश दाहिया ने किया

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,अनुपम सराफ जिला उपाध्यक्ष,नीलू बाजपेयी,नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,पवन गुप्ता, अंकित तिवारी, पार्षद बेबी विनय पाल, गौरादेवी विश्वकर्मा ,रीता शुक्ला, लीला बर्मन,सारिका साहू, बिनोद गुप्ता,साकेत पांडे,अमित खत्री,सत्यप्रकाश खरे, प्रवीण कुररिया, विनय जैन, के के दुबे, अरुण जैन,माधव मिश्रा,सुग्रीव श्रीवास, विरेन्द्र पटेल, सुनील चक्रवर्ती, संदीप राही सतीश यादव आदि उपस्थित थे।



## भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू सम्मानित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तैलिक साहू महिला मंडल जबलपुर द्वारा भाजपा जबलपुर महानगर के मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू को मप्र भाजपा सह मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर भाजपा नेत्र मप्र तैलिक महासभा की अध्यक्ष आभा साहू के यादव कालोनी स्थित निवास पर जबलपुर साहू महिला मंडल द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर साहू महिला मंडल की ओर से आभा साहू, डॉ. निशा साहू, श्रद्धा साहू, रानी साहू, विमला साहू, नीतू आशीष साहू, नीतेश रंजीत साहू, शिल्पा साहू, उल्का साहू, प्रभा साहू, सारिका साहू, सरिता साहू, मंजू, रंजना, आराधना, सुषमा, रजनी, निशा साहू, निशा नीलेश साहू, दर्पणा, पिंकी, स्वाति, निधि, दीपा, रेखा, आकांक्षा, पूर्वा साहू सहित महिला मंडल की सभी पदाधिकारियों और बहनों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर श्रीकांत साहू का सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीकांत साहू ने कहा कि साहू महिला मंडल के इस सम्मान से मैं अविभूत हूँ और समाज के कल्याण की दिशा में सदैव प्रयत्नशील रहूंगा। आभार प्रदर्शन आभा साहू ने किया।

### विनोद कैथल बने आप के अनुसूचित जाति विंग प्रदेश उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने जबलपुर जोन प्रभारी आरके वर्मा एवं प्रदेश संगठन मंत्री एड. रामकिशोर शिवहरे के माध्यम से विनोद कैथल को मप्र आम आदमी पार्टी के अनुसूचित जाति विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस मनोनयन पर दादा साहू भट्टाचार्य, रीतेश सिंह, राकेश कैथल, राकेश नायडू, मुरारीलाल चक्रवर्ती, राजेश कुशवाहा सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।








**श्रीमति उर्मिला परौहा** - सिहोरा वार्ड क्रमांक 11 बाबाताल निवासी श्रीमती उर्मिला परौहा का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे ब्राह्मण समाज सिहोरा के संरक्षक नंदकुमार परौहा की धर्मपत्नी एंव प्रशांत परौहा की मां थी।

**श्री अनूप पाठक-** हाउबाग रेलवे स्टेशन के पास गोरखपुर निवासी श्री किशोर कुमार पाठक के पुत्र श्री अनूप पाठक (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई ठाकुर-** टेमरभीटा टपरिया निवासी श्री राम सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अम्बिका प्रसाद पाठक-** कुंवरजी का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री अम्बिका प्रसाद पाठक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

दीक्षा पारस- कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री दीपक पारस की अल्पायु पुत्री दीक्षा पारस का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र सिंह-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री श्याम लाल ठाकुर-** सोनिया अपार्टमेंट के सामने साउथ सिविल लाइन निवासी श्री श्याम लाल ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मूलचंद गुप्ता-** गलगला मुमताज बिल्डिंग के पास निवासी श्री मूलचंद गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा ठाकुर-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्रीमती रेखा ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला गुप्ता-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवसी श्री मनोहर गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती लीला गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन
रंगीन
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# श्रीमद्भागवत कथा की कलशयात्रा आज

## नरसिंह देवाचार्य बने संत समिति के अध्यक्ष

**सिहोरा।** प्रज्ञा विहार कॉलोनी में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री के संयोजन में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलशयात्रा सायं 4 बजे बाबाताल शिव मंदिर से प्रारम्भ होंगी। श्रीमद् भागवत कथा में गीता धाम जबलपुर के महंत पूज्य डॉक्टर स्वामी नृसिंह देवाचार्य भागवत कथा के साथ प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे आयोजन में नरसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास महाराज कटाव धाम मझौली के महंत वेदांती महाराज सिद्धन धाम कुर्रे के महंत सीता शरण जू महाराज एवं भाटिया धाम भरभरा आश्रम के महंत बनवारी दास महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। आयोजन में 7 अप्रैल को मंगलाचरण 8 अप्रैल को सृष्टि रचना 9 अप्रैल को मत्स्य चरित्र 10 अप्रैल को नंदो उत्सव 11 अप्रैल को महारास 12 अप्रैल को सुदामा चरित्र तथा 13 अप्रैल को कन्या भोज भंडारा का आयोजन होगा। कलशयात्रा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील आयोजक मंडल के श्रीमती देववती अग्निहोत्री शैलेंद्र अग्निहोत्री पंकज अग्निहोत्री सारांश अग्निहोत्री आदि ने की है।



### अखिल भारतीय संत समिति की अध्यक्ष बने नरसिंह देवाचार्य

श्रीमद जगद्गुरू डॉ स्वामीनरसिंहदेवाचार्य जी महाराज श्री को आखिल भारतीय संत समिति मध्यप्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया देश के सभी संतो ने अपनी करतल ध्वनि से सहमति प्रदान कर बधाईया देकर खुशियाँ मनाई एवं माल्यार्पण किया अ. भा. स. समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सप्तम कुबेराचार्य अविचल देवाचार्य जी महराज, अ. भा. स. समिति के (राष्ट्रीय महामंत्री) दण्डीस्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती जी महराज श्री इस अवसर पर (प्रदेश करकरी अध्यक्ष) महंत अनिलानंद जी महाराज (प्रदेश महामंत्री) महत श्री हनुमान दास जी (प्रदेश संयोजक) महामंडलेश्वर स्वामी पुरुषोत्तम दास जी (प्रदेश उपाध्यक्ष) स्वामी नरसिंह दास जी महंत स्वामी श्री बालक दास जी एवं सभी देशों से पधारे पूज्य संतो के उपस्थिति में पूज्य महराज श्री को मध्य प्रदेश के अध्यक्ष के पद पर सुशोभित किया गया।

# सरकार सोने की खरीदारी को लेकर नियम बदलने जा रही, होंगे पहले से और सख्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार सोने की खरीदारी से जुड़े नियमों को और सख्त करने वाली है। इसके तहत, देश में सोने की टैगिंग से जुड़े और भी सख्त नियम लागू करने की तैयारी चल रही है ताकि हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर किया जा सके। साथ ही सोने की शुद्धता और प्रामाणिकता भी सुनिश्चित हो। इन्हीं नियमों के तहत, सरकार ने सोने के हर आइटम के लिए एचयूआईडी कोड के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे केवल वही ज्वेलरी खरीदे, जिन पर 6- अंकों का हॉलमार्क यूनिक आईडेटिफिकेशन (एचयूआईडी) कोड हो। इसे 'बीआईएस केयर' ऐप के जरिए वेरिफाई भी किया जा सकता है। इससे नकली सामानों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को किया जाएगा दूर

### हॉलमार्किंग क्यों है जरूरी?

हॉलमार्किंग एक सर्टिफिकेशन प्रॉसेस है, जो सोने के गहनों की शुद्धता की पुष्टि करती है। भारत में, इसे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रेगुलेट किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सोना निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करता हो। सही हॉलमार्किंग खरीदारों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करती है और बुलियन तथा आभूषण क्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी से बचाती है।



### अनियमितता के कई मामले सामने आए

सोने का हॉलमार्क होना अनिवार्य है। हालांकि, बावजूद इस नियम के दुरुपयोग और अनियमितताओं के कई मामले सामने आए हैं। कुछ ज्वेलर्स कम कैरेट वाला सोना बेचते हुए या बीआईएस चिह्नों का दुरुपयोग करते हुए पाए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। इसके चलते अब सिस्टम को और मजबूत बनाने की जरूरत आन पड़ी है, जिससे सप्लाई चेन के हर एक चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा।

### यूनिक आईडी का दोबारा नहीं हो सकेगा इस्तेमाल

सरकार के नए नियमों के अनुसार, अब सोने के गहनों पर मौजूद हॉलमार्क यूनिक आईडेटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर का दोबारा इस्तेमाल नहीं हो सकेगा। यानी कि अगूंठी, सोने की चेन या हार के लिए इस्तेमाल कर लिया गया यूनिक 6-अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड (ए2बी1सी4) का इस्तेमाल अब दोबारा किसी और गहने के लिए नहीं किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप





### पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान में एयरटेल रही

**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 64,734.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत के नुकसान में रहा। यह लगातार छठा सप्ताह है जबकि बाजार नुकसान में रहा है।

### एपीएसईजेड का एक अरब टन मालवहन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनके समूह की बंदरगाह इकाई एपीएसईजेड ने वर्ष 2030 तक एक अरब टन माल की ढुलाई का लक्ष्य तय किया है।



अदाणी का यह बयान अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के 50 करोड़ टन माल ढुलाई की उपलब्धि के बाद आया है। इस अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन अदाणी ने कहा कि समूह का बंदरगाह नेटवर्क अब भारत और विदेशों में 20 बंदरगाहों के एकीकृत सिस्टम के रूप में विकसित हो चुका है।

### डाबर को मार्च में राजस्व में मध्यम वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी डाबर को हाल ही में समाप्त मार्च तिमाही में अपनी एकीकृत आय में मध्यम स्तर की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में सुधार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अच्छी बढ़त से उसे समर्थन मिलेगा।



कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय अनुमानों की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू बाजार में मांग लौटने से भारतीय कारोबार में लगातार सुधार हो रहा है।

### पाकिस्तान दो अरब डॉलर का कर्ज चुकाएगाः रिपोर्ट


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मांग पर दो अरब डॉलर का कर्ज चुकाने का फैसला किया है। खबरों में यह जानकारी दी गई। सूत्रों के अनुसार, यूएई ने यह राशि पाकिस्तान को भुगतान संतुलन के समर्थन के लिए प्रदान की थी और यह हाल तक आगे बढ़ाई जा रही थी।



यूएई ने हाल ही में पश्चिम एशिया की स्थिति और अमेरिका-इजराइल के ईरान के साथ युद्ध के मद्देनजर यह पैसा तुरंत वापस मांगा है। ''जियो न्यूज'' की रिपोर्ट के अनुसार, यह राशि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के पास ''सुरक्षित जमा'' के तौर पर रखी गई थी।

### सरसों में गिरावट, अन्य तेल के दामों में सुधार

**नई दिल्ली।** बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के दाम घटाये जाने की वजह से बीते सप्ताह जहां एक ओर जहां सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए, वहीं विदेशी बाजारों में छुट्टियों की वजह से कामकाज सुस्त रहने के बावजूद शादी-विवाह के मौसम की मांग से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती के साथ बंद हुईं।



बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों के मामले में देखा गया कि बाकी वर्षों की तुलना में किसान रोक-रोक कर अपनी फसल बाजार में उतार रहे हैं।

---


वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पहले अनुमान 6.8 फीसदी था

# पश्चिम एशिया संकट के बीच मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर की छह प्रतिशत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा। भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस (एलपीजी) की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा।

- वृद्धि दर घटने से महंगाई का जोखिम बढ़ेगा




### एलपीजी का 90 फीसदी आयात से होता है पूरा

यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है। मूडीज ने कहा, हालांकि, महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। मूडीज का अनुमान है कि 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी।

### खाद्य व ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ेगा असर

मूडीज का मानना है कि महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा या इसमें धीरे-धीरे वृद्धि की जाएगी। हालांकि, यह भूराजनीतिक तनाव की अवधि और इसके खाद्य एवं ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले असर पर निर्भर करेगा।

### मूडीज ने 31 मार्च की रिपोर्ट में कहा

मूडीज की 31 मार्च की रिपोर्ट, जिसे एजेंसी ने देखा है, के मुताबिक, ''पश्चिम एशिया चल रहे सैन्य संघर्ष के भारत की अर्थव्यवस्था पर असर को देखते हुए हमारा अनुमान है कि 2026-27 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने पहले इसके 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### निजी उपयोग में कमी व उद्योगों में आएगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, ''निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी।'' पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

### खुदरा मुद्रास्फीति डेढ़ प्रतिशत नीचे आएगी


इसके अलावा ईवाई की 'इकॉनमी वॉच' रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पश्चिम एशिया संघर्ष 2026-27 तक जारी रहता है, तो चालू वित्त वर्ष में भारत की वास्तवित जीडीपी वृद्धि दर करीब एक प्रतिशत घट जाएगी जबकि खुदरा मुद्रास्फीति करीब डेढ़ प्रतिशत अंक बढ़ेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान है कि 2026-27 में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रहेगी।

### विदेश से आने वाले धन में आएगी कमी

एजेंसी का अनुमान है कि माल एवं सेवाओं का निर्यात काफी हद तक स्थिर रहेगा। वहीं ऊंची जिंस कीमतों के बीच वस्तुओं का आयात बढ़ेगा। इससे भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ेगा। मूडीज ने कहा कि दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा देश में भेजे जाने वाले धन यानी रेमिटेंस पर भी इस संकट की वजह से असर पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि इस तरह के प्रवाह का 40 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।

---

## पश्चिम एशिया संघर्ष से घरेलू शेयर बाजार में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी।'' नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

- आरबीआई की मौद्रिक नीति की समीक्षा इसी सप्ताह होगी जारी

---

## एआई के कारण आईटी में छंटनी पर नीतिगत हस्तक्षेप की मांग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मचारियों के संगठन 'नाइट्स' ने प्रौद्योगिकी कंपनियों से छंटनी के बजाय कौशल विकास पर प्राथमिकता देने को कहा है। संगठन ने नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये कार्यालय में काम करने वाले (व्हाइट-कॉलर) पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कड़े उपाय और अनिवार्य विच्छेद मानदंड लागू करने की मांग की है, क्योंकि उद्योग द्वारा कृत्रिम मेधा (एआई) के आक्रामक विस्तार से नौकरियों में कटौती और अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। नैसेंट इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (नाइट्स) ने तर्क दिया कि हालांकि प्रौद्योगिकी कंपनियों का मुनाफा मजबूत बना हुआ है, लेकिन घटती नौकरी की सुरक्षा कॉरपोरेट जिम्मेदारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाती है। नाइट्स के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, ''सबसे पहले, कंपनियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर वे एआई में निवेश कर रहे हैं, तो उन्हें अपने मौजूदा कार्यबल को फिर से प्रशिक्षित करने में भी निवेश करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि नौकरियों में कटौती अंतिम विकल्प होना चाहिए, पहला नहीं।

- संगठन नाइट्स ने छंटनी के बजाय कौशल विकास को प्राथमिकता देने कहा

### कर्मचारियों की रक्षा करने का आग्रह

सलूजा ने नीति निर्माताओं से छंटनी पर स्पष्ट दिशानिर्देश, अनिवार्य नोटिस अवधि, उचित विच्छेद वेतन और नियोक्ता की जवाबदेही लागू करके कर्मचारियों की रक्षा करने का आग्रह किया।

## आईनॉक्स एयर का तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू

**नई दिल्ली।** आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि उसने भारत के सेमीकंडक्टर एवं सौर विनिर्माण क्षेत्रों को सहायता देने के लिए तमिलनाडु के होसुर में अपना पहला अति-उच्च शुद्धता वाला तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह संयंत्र प्रतिदिन 17 टन (500 घन मीटर प्रति घंटा) की क्षमता के साथ ''6एन ग्रेड'' (99.9999 प्रतिशत शुद्धता) वाला तरल ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोवोल्टिक उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि यह संयंत्र अति-उच्च शुद्धता वाले ऑक्सीजन के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा, जिसे पहले विदेशों से मंगाया जाता था।




## आईपीओ बाजार का आकर्षण बरकरार




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने मार्च, 2026 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं।

- मार्च में 38 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज किए दाखिल


इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं। इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

### 124 कंपनियों को पहले ही आईपीओ की मंजूरी मिल चुकी

एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। 124 कंपनियों को पहले ही सेबी से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अभी उनके सार्वजनिक निर्गम आए नहीं हैं। मार्च, 2025 से 20 अन्य कंपनियों ने गोपनीय मार्ग से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं।

## अमेरिका में नियोक्ताओं ने 178,000 नौकरियां जोड़ीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने आश्चर्यजनक रूप से 1.78 लाख नई नौकरियां जोड़ीं, जिससे फरवरी की कमजोर स्थिति से उबरने में मदद मिली और बेरोजगारी दर घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि नियुक्तियों में यह उछाल फरवरी में 1.33 लाख नौकरियों के नुकसान के बाद वापसी का संकेत है। नौकरियों में हुई यह वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से लगभग तीन गुना अधिक रही। बेरोजगारी दर फरवरी की 4.4 प्रतिशत से घटकर मार्च में 4.3 प्रतिशत हो गई। इसका एक कारण यह भी है कि मार्च में काम कर रहे और नौकरी की तलाश करने वाले लोगों की संख्या 3,96,000 कम हो गई, जिससे नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धा कम हुई। स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों ने 76,400 नई नौकरियां बनाई।




## पश्चिम एशिया संकट से टेलीविजन उद्योग की बिक्री घटने की आशंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टेलीविजन उद्योग पर बढ़ती लागत का दबाव गहराता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है। रैम की कीमतों में तेजी के साथ-साथ पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण प्लास्टिक और समुद्री ढुलाई की लागत भी बढ़ गई है। बढ़ती कीमतों का असर उपभोक्ताओं की पसंद पर भी दिखाई देने लगा है। कई ग्राहक अब बड़े परदे वाले टेलीविजन की बजाय छोटे आकार के मॉडल चुन रहे हैं। इसके अलावा रुपये में कमजोरी के कारण उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे खुदरा कीमतों में भी वृद्धि हुई है। बड़ी कंपनियों ने अभी तक पूरी लागत वृद्धि ग्राहकों पर नहीं डाली है और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कुछ बोझ स्वयं वहन कर रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता अपनी खरीद टाल रहे हैं। हालांकि उद्योग को उम्मीद है कि वर्ष के दूसरे हिस्से में त्योहारों के दौरान मांग में सुधार होगा। सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अवनीत सिंह मारवाह ने कहा कि बढ़ती लागत के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और उद्योग में सस्ते विकल्पों की ओर रुझान के संकेत मिल रहे हैं। उनके अनुसार, जो ग्राहक पहले 55 इंच का टेलीविजन लेने की सोच रहे थे, वे अब 50 इंच का मॉडल चुन रहे हैं, जबकि 65 इंच की जगह 55 इंच का विकल्प लिया जा रहा है। सीईओ ने बताया कि पिछले छह महीनों में कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है।

- उत्पादन लागत पर दबाव पड़ने की आशंका



### कंपनी का आधा कारोबार मासिक किस्तों पर आधारित

सीईओ ने बताया कि कंपनी का लगभग आधा कारोबार मासिक किस्तों पर आधारित है, जिससे कीमत बढ़ने का असर कम महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कुछ उपभोक्ता अधिक किस्तें देकर बड़े टेलीविजन खरीद रहे हैं, जबकि कीमत को लेकर सतर्क ग्राहक छोटे विकल्प चुन रहे हैं।

---

अमेजन ने डिलीवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की

# ईरान युद्ध के कारण अमेरिका में बढ़ने लगी महंगाई

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

ईरान के खिलाफ युद्ध ने अमेरिकियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलिवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की है और कुछ एयरलाइन कंपनियों ने ईंधन की ऊंची लागत की भरपाई के लिए 'चेक-इन बैगेज' पर शुल्क बढ़ा दिया है।

- कुछ एयरलाइन कंपनियों ने चेक इन बैगेज पर शुल्क बढ़ा दिया

अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई है। यह युद्ध से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है और अगस्त, 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की लागत भी पिछले साल के 3.64 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर शुक्रवार को 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है।



### अमेजन 17 अप्रैल से अधिभार जोड़ रहा

ये आंकड़े अमेरिकी परिवहन संघ (एएए) ने जारी किए हैं। डीजल का अन्य उद्योगों के अलावा व्यापक रूप से कृषि, निर्माण और परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने यह भी कहा कि वह 17 अप्रैल से तीसरा पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 प्रतिशत ईंधन अधिभार जोड़ने की योजना बना रही है।

### लोग जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित

शिकॉगो के फेडरल रिजर्व बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने कहा, ''अगर परिवहन लागत बढ़ना शुरू होती है, तो यह अन्य कीमतों पर भी असर दिखाएगी।'' उन्होंने कहा, ''तो मुझे लगता है कि यह निकट भविष्य में आप उपभोक्ताओं पर इसके असर को महसूस करेंगे। लोग पहले से ही जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित हैं।''

### आठ फीसदी का अधिभार लगाने की कोशिश

अमेरिकी डाक सेवा ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से आठ प्रतिशत का ईंधन अधिभार लगाने की कोशिश कर रही है। डाक सेवा ने अपनी वेबसाइट पर दी जानकारी में कहा कि अगर डाक नियामक आयोग द्वारा मंजूरी दी जाती है, तो यह अधिभार 26 अप्रैल से लागू होगा और 17 जनवरी, 2027 तक जारी रहेगा।


### युद्ध लंबा खिंचने पर आपूर्ति श्रृंखला पर व्यवधान पैदा होगा

माना जा रहा है कि अगर ईरान के खिलाफ युद्ध लंबा खिंचता है, तो यह अमेरिका में आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान पैदा करेगा। न्यूयॉर्क की विश्लेषक रैशल जिएम्बा ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि अमेरिका इससे बच पाएगा। ये वैश्विक बाजार है।''

## चिंतन

# विकास चौपट कर रही 'राजनीतिक रेवड़ियां'

देश की राजनीति में 'फ्रीबीज' या 'रेवड़ी संस्कृति' अब चुनावी रणनीति का सबसे आसान और लोकप्रिय हथियार बन चुकी है। चुनाव आते ही मुफ्त राशन, नकद सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी और तमाम तरह की घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। पहली नजर में ये योजनाएं आम जनता को राहत देने वाली लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो यही रेवड़ियां राज्यों के आर्थिक ढांचे को भीतर से खोखला कर विकास को चौपट कर रही हैं। असल समस्या यह है कि घोषणाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन राज्यों की कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। नतीजा बजट का संतुलन बिगड़ रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विकास कार्यों के लिए पैसा ही नहीं बच रहा। सड़कों, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर खर्च घटाया जा रहा है, ताकि चुनावी वादों को किसी तरह निभाया जा सके। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है, जहां नकदी संकट इतना गहरा गया कि सरकार को वेतन और पेंशन तक टालनी पड़ी। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय का संकेत है। अगर यही रुझान जारी रहा, तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई योजनाएं अधर में लटकी हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं के चलते कर्ज का अनुपात तेजी से बढ़ा है। महाराष्ट्र जैसे अपेक्षाकृत मजबूत राज्य को भी दबाव में आकर कुछ योजनाएं बंद करनी पड़ीं। पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात और भी गंभीर हैं। यहां चुनावी घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जब किसी राज्य की कमाई का इतना बड़ा हिस्सा केवल मुफ्त योजनाओं में खर्च हो जाए, तो विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? यही वजह है कि कई राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स धीमे पड़ रहे हैं या रुक गए हैं। यह भी समझना जरूरी है कि मुफ्त योजनाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं। समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब ये योजनाएं आर्थिक मजबूती के बजाय केवल चुनावी लाभ के लिए बनाई जाती हैं। बिना दीर्घकालिक योजना और वित्तीय अनुशासन के चलाई गई योजनाएं अंततः राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाती हैं। कैश ट्रांसफर योजनाएं विशेष रूप से चिंता का विषय हैं। ये योजनाएं तुरंत राहत तो देती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हैं। इनसे न तो रोजगार पैदा होता है और न ही उत्पादन बढ़ता है। उल्टा, ये सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर देती हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भविष्य में कुछ राज्यों के डिफॉल्ट होने का खतरा भी पैदा हो सकता है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, सरकारों को लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक विकास पर ध्यान देना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ही असली विकास का आधार है। इसके साथ ही, वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करना होगा और हर योजना के लिए स्पष्ट संसाधन सुनिश्चित करने होंगे। जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल मुफ्त सुविधाओं के लालच में वोट देने के बजाय, उन्हें यह देखना होगा कि कौन सी नीतियां उनके भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो राज्यों की आर्थिक सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा और विकास केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएगा।



## दिवस विशेष

शिवप्रकाश

# भारत की आकांक्षा पर खरी उतरी भाजपा

> मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य है।

मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य होगा।

14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्यों, सर्वाधिक सांसदों- विधायको एवं पंचायत-स्थानीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों वाली पार्टी, देश के बड़े हिस्से पर सत्ता के माध्यम से देश की सेवा कर रही है। राष्ट्र प्रथम के भाव से प्रेरित असंख्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, कुशल एवं लोकप्रिय नेतृत्व, गरीब कल्याण की योजनाओं एवं स्पष्ट नीति के कारण भाजपा 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षा पूर्ति का माध्यम बनी है। प्रथम संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी से प्रारंभ होकर 11 अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया है । 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन वर्तमान में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का परिणाम है कि उसने प्रदेशों एवं देश को ऐसा नेतृत्व प्रदान किया, जो राजनीतिक आकाश में नक्षत्र के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता स्थापित हुए हैं। स्वतंत्रता के पश्चात राजनीतिक क्षेत्र में विचारधारा के आधार पर अनेक राजनीतिक दल सक्रिय हुए थे। आज के परिदृश्य में विचार की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले दलों का येन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्ति ही केवल एक विचार रह गया है। कांग्रेस सहित अनेक दल अब वामपंथी विचार पोषित अर्बन नक्सलवाद के शिकंजे में ही फंस गए हैं। कुछ राजनीतिक दल एवं नेता जहां वैचारिक दिवालियापन का शिकार है, वहीं भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अदम्य साहस एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्थापित एवं भारतीय जनसंघ के समय से स्वीकृत विचार को लेकर सक्रिय है। यह विचार भारत सहित संपूर्ण विश्व में अंगीकृत हो रहा है। भाजपा के इस वैशिष्ट्य के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि "हम राजनीतिक क्षेत्र में संगठन आधारित दल, हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित एवं कार्यकर्ता विचार आधारित है।"अपने व्यवहार में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है, जिसने अपने संगठन में महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों को उचित स्थान प्रदान किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में विचार, व्यवहार में सेवा, समाज के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने के प्रशिक्षण महाभियान चला रही है। आपातकाल के विरोध के समय इसी लोकतांत्रिक आदर्श को चरितार्थ करने का कार्य इसी दल के नेतृत्व द्वारा हुआ था। इसके विपरीत अन्य दल परिवारवादी समूह बनते जा रहे हैं। हम राजनीतिक क्षेत्र में केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं वरन् समाज की सेवा के लिए है, यह केवल नारा नहीं भाजपा



कार्यकर्ताओं ने अपने व्यवहार में चरितार्थ किया है। कोरोना महामारी में पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्राणों की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा के लिए सक्रिय हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 10 करोड़ लोगों को राशन, मास्क, दवाइयां वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने आदर्श वाक्य "सबका साथ-सबका विकास" के आधार पर सभी की सेवा एवं न्याय दिलाने के लिए भाजपा सदैव सक्रिय रहती हैं। महिला सम्मान के लिए शाह बानो केस के समय सक्रियता, तीन तलाक के विरोध में कानून, महिलाओं को लोकतन्त्र में यथोचित प्रतिनिधित्व, सभी के कल्याण की योजनाएं इसके जीवंत प्रमाण हैं। संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भाजपा नेतृत्व वाले अनेक प्रदेश सक्रिय हैं। देश की आवश्यकता पड़ने पर रचनात्मक विपक्ष का व्यवहार यह भाजपा नेतृत्व से सीखा जा सकता है । आज का विपक्ष सत्ताधारी दल का विरोध करते-करते देश विरोधी जैसा व्यवहार करने लगा है। 1971 का युद्ध, जेनेवा मिशन (1994) एवं आर्थिक सुधार आदि देशहित के मुद्दों पर आदर्श विपक्ष का व्यवहार भाजपा नेतृत्व ने करके दिखाया है। अपनी सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा सदैव सजग रही है। परमाणु बम का विस्फोट, स्वदेशी रक्षा उत्पाद, सेना का आधुनिकीकरण आदि की दृष्टि से भाजपा ने अपना प्रभावी पक्ष सदैव समाज के सम्मुख रखा है। इसी संकल्प पूर्ति हेतु मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय पहल की है । आतंक पर जीरो टोलरेंस एवं नक्सलवाद से मुक्ति ने देश की जनता में यह विश्वास जगाया है कि भारत सुरक्षित हाथों में है।भारतीय जनसंघ के काल से ही भाजपा राष्ट्रीय एकात्मता एवं सीमाओं की सुरक्षा के व्यापक परिदृश्य को सुदृढ़ करने का कार्य करती आ रही है। धारा 370 के विरुद्ध आंदोलन, चीनी विस्तारवाद का विरोध, गोवा व दमन-दीव मुक्ति, बेरुबाड़ी हस्तांतरण के विरोध से लेकर 1975 के आपातकाल विरोधी आंदोलन तक-इन सभी में भाजपा की विचारधारा का लोकतांत्रिक इतिहास में अतुलनीय योगदान है। छद्म धर्मनिरपेक्षता का विरोध करते हुए सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के आंदोलन में सहभागिता एवं निर्मिति की पूर्ति ने भारतीय जनता पार्टी को जन-जन की पार्टी बना दिया है। भ्रष्टाचार मुक्त विकास, गरीब कल्याण (अंत्योदय) आदि भाजपा के सिद्धांत मूल्य आधारित राजनीति का प्रकटीकरण है। भाजपा ने संविधान दिवस मनाकर देश में संविधान के प्रति निष्ठा एवं डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा निर्देशित मूल्यों का समाज में प्रचार किया है।"एक भारत-श्रेष्ठ भारत",सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं देश की एकात्मता का पोषण करने वाला अभियान है। जहां अन्य दल धर्म निरपेक्षता के नाम पर भारतीय संस्कृति, विचार एवं गौरव को लांक्षित करने का कार्य कर रहे हैं, वहां भाजपा नेतृत्व ने सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन कि "हम चुनाव जीतने के लिए केवल घोषणा नहीं करते, देश के विकास के लिए आवश्यक नीतियां बनाते हैं।" इस आदर्श वाक्य ने भाजपा नेतृत्व की कथनी-करनी की एकरूपता को प्रकट किया है। भारत माता की जय का उद्घोष, संपूर्ण वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन भाजपा की पहचान ही बन गया है। भाजपा के लिए गौरव का विषय है कि उसे देश की भावनाओं एवं आकांक्षाओं को पूर्ण करने का अवसर मिल रहा है। लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि स्थापना दिवस के अवसर पर देश के करोड़ों नागरिकों के सहयोग से अपने लक्ष्य वैभव पूर्ण विकसित भारत बनाने में सक्रिय हो।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## चुनौतियां

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# भारत आर्थिक व उन्नत परमाणु शक्ति बने

यकीनन इस समय पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते हुए युद्ध के दौर के बीच भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं। हाल ही में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड के द्वारा प्रस्तुत 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान के द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया और अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। ऐसे में भारत के लिए आर्थिक शक्ति के साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनने की आवश्यकता उभरकर दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत तेज रफ्तार से विकास करते हुए वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, वहीं संसदीय रक्षा समिति की रिपोर्ट में भविष्य के युद्धों में भारत की निर्णायक भूमिका के मद्देनज़र देश को स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का हब बनाए जाने की जरूरत बताई गई है। गौरतलब है कि भारत के पड़ोस में पाकिस्तान के द्वारा आधुनिक चीनी हथियारों से आतंक और घुसपैठ को प्रश्रय और चीन की ओर से सीमा पर आपत्तिजनक गतिविधियां भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। जहां लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के कुछ भागों पर कब्जा कर रखा है, वहीं अब चीन की नजर कराकोरम दर्रे पर भी है। जहां चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पकड़ मजबूत करने की राह पर आगे बढ़ा है, वहीं वह हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के जरिए भारत को घेरते हुए दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2025 में भारत के पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 7 मई से ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन ने पाकिस्तान को साइबर सपोर्ट, उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध्र कराई थी। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है। यह पूरा परिदृश्य भारत के लिए दशकों से चली आ रही शांतिप्रियता की नीति में आमूलचूल बदलाव की जरूरत बता रहा है। निसंदेह कई दशकों से भारत पंचशील के वाहक देश के रूप में विदेशी आतंक और विदेशी अतिक्रमणों को भी धैर्यपूर्वक सहन करने की मानसिकता के साथ आगे बढ़ता रहा है, लेकिन हाल ही के वर्षों में ऐसी मानसिकता में बहुत कुछ बदलाव आया है। निसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक पिछले 12 वर्षों में सरकार ने एक ओर आर्थिक तो दूसरी ओर सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। अब भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ पड़ोसियों के टकराव की स्थिति और बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने, मजबूत सैन्य शक्ति व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने के लिए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भी भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से अर्थव्यवस्था को तेज गिरावट से बचाए हुए है। अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर के 6.5 फीसदी होने संबंधी अनुमान प्रस्तुत कर रही हैं। भारत का मजबूत घरेलू बाजार, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार में 680 अरब डॉलर से अधिक का संचय युद्ध की मुश्किलों के बीच भारत का सहारा है। साथ ही भारत को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में बनाए हुए है। अभी देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी व आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रफ्तार से बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि भारत की सीमाओं पर बढ़ती भू राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर सरकार भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु शक्ति बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इस अभियान में देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम क्या है



संकलित

दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## एक सत्संग ऐसा भी



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## सटाका




## आज की पाती


### ट्रंप और ईरान की जिद दुनिया को ले डूबेगी

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि वो उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। पाषाण युग वो समय था जब मनुष्य पत्थर के हथियारों का प्रयोग करता था। यह युग लगभग 25 लाख वर्ष पहले का युग माना जा सकता है। पत्थरों के हथियारों से उतना नुकसान नहीं होता था जितना आज के आधुनिक हथियारों से हो सकता है। आज के हथियार तो संपूर्ण प्राणी जाति को नष्ट करने वाले हैं। अगर अमरीका और ईरान अपनी ईगो के कारण युद्ध समाप्त नहीं करते हैं, तो यह किसी एक ही देश के लिए नुकसानदायक नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है, और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि परमाणु हथियार बहुत ही हानिकारक हैं। - *युक्ता, रोहतक*

## करंट अफेयर


# ऑक्सफोर्ड विवि 'शिक्षापत्री' का द्विशताब्दी समारोह मना रहा

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक 'शिक्षापत्री' की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000–30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी–भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित 'शिक्षापत्री' नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। बोडलियन में एशियाई और मध्य पूर्वी संग्रह की क्यूरेटर डॉ. गिलियन एविसन ने कहा, ' 'ब्रिटेन भर के मंदिरों और समुदायों के साथ इस ऐतिहासिक पांडुलिपि को साझा करके, बोडलियन पुस्तकालयों को उम्मीद है कि वे इसके सांस्कृतिक महत्व और इसके स्थायी संदेश दोनों का सम्मान करेंगे।' उन्होंने कहा, 'रचना के दो शताब्दी बाद भी, 'शिक्षापत्री' में करुणा, नैतिक जीवन और सामाजिक सद्भाव का आह्वान जटिल होती दुनिया में प्रासंगिक है।'



## ऑफ बीट

# जानें कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां–वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे : खगोलशास्त्री संभवत : इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## X ट्रेंड f

### असम में शांति



10 साल पहले बम, बंदूक, भ्रष्टाचार और आतंकवादियों की सरकार होती थी। जहां दंगों और कर्फ्यू की खबरें आती थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में असम स्थायी और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राष्ट्रीय पुनर्निर्माण



हम सत्ता के स्वर्ण शिखर पर बैठने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी राजनीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए, जनता के कल्याण के लिए, बहनों के सशक्तिकरण के लिए और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



हिमंता सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। हिमंता सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है - इसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, उनको सज़ा मिलनी तय है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### लागत पर दबाव



भू- राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में उत्पादकों की लागत पर दबाव पड़ रहा है और यदि यह स्थिति मध्यम अवधि तक बनी रहती है, तो इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने की संभावना है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**असम** राहुल बोले-

# हेमंत विस्वा ने पूरे परिवार को भ्रष्टाचार में किया शामिल

**गोवाहाटी।** अपने भाषण में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार में अपने परिवार को भी शामिल कर लिया है।



इस वजह से कानूनी कार्रवाई का दायरा बढ़ेगा. किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा जितना कूदना-फांदना चाहते हैं, अभी कर लें, क्योंकि कांग्रेस उन्हें छोड़ने वाली नहीं है।

### 'दिल्ली से चल रही है असम सरकार'

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि असम की सरकार वास्तव में दिल्ली से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि जो निर्णय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री लेते हैं, वही राज्य में लागू होता है। इससे राज्य की स्वायत्तता और स्थानीय हितों को नुकसान पहुंच रहा है। अपने भाषण में राहुल ने सिर्फ आरोप ही नहीं लगाए, बल्कि कांग्रेस की संभावित सरकार के लिए कई बड़े वादे भी किए।

### चुनावी वादों की झड़ी, 6 बड़े ऐलान

उन्होंने कहा कि असम की 6 समुदायों को एससी/एसटी का दर्जा दिया जाएगा। चाय बागान के श्रमिकों को 450 रुपए प्रतिदिन देने का वादा भी दोहराया गया। सरकार बनने पर हर महिला के खाते में बिना शर्त हर महीने पैसा ट्रांसफर किया जाएगा। जो अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उनको 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### बिहू और दुर्गा पूजा पर मिलेगा एक-एक सिलेंडर : हिमंत सरमा



सम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बिहू और दुर्गा पूजा के दौरान हर व्यक्ति को एक-एक फ्री एलपीजी सिलिंडर देने का वादा किया है। इस घोषणा के समय पूरे राज्य में कुकिंग गैस वितरकों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही थीं। सरमा शनिवार को चराइदेव जिले के महमोरा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार सूरज दिहिंगिया के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में उन्होंने कहा कि बिहू और दुर्गा पूजा में हम लोगों को एक-एक गैस सिलिंडर फ्री में देंगे। इन दो सिलिंडरों का भुगतान मामा करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभा को बताया कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो मुफ्त चावल जारी रहेगा।

## पश्चिम बंगाल में पीएम नरेंद्र मोदी बोले

# टीएमसी का भय, भाजपा का भरोसा इस बार चुनाव में दो विकल्प हैं

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिगेड ग्राउंड की ऐतिहासिक तस्वीरें, जनसैलाब, जनता का उत्साह और जुनून यह दिखाता है कि पश्चिम बंगाल में बदलाव का माहौल बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस रैली के बाद तृणमूल कांग्रेस का 'सिंडिकेट' घबराया हुआ है और जनता ने बदलाव पर मुहर लगा दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार चुनाव में दो विकल्प साफ हैं। एक ओर टीएमसी का भय। दूसरी ओर बीजेपी का भरोसा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी में 'कटमनी' और भ्रष्टाचार का डर है। बीजेपी विकास को तेज रफ्तार देने का भरोसा देती है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक उन्होंने जो माहौल देखा, वह अभूतपूर्व था। उन्होंने कहा कि ऐसा उत्साह कि बड़े-बड़े रोड शो भी फीके पड़ जाएं. पहले भी इस मैदान में आए हैं, लेकिन इस बार का जनसमर्थन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह भीड़ और समर्थन नए बंगाल और उज्ज्वल भविष्य के लिए जनता के विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने बंगाल के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि वे इस आशीर्वाद के लिए सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं।

### ममता ने कहा कि मतदान के बाद भी ईवीएम की निगरानी जरूरी

ममता बनर्जी ने मुर्शीदाबाद की रैली में उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर ईवीएम मशीन को खराब करने की योजना बनाई जाती है, इसलिए अगर मशीन खराब हो तो उसे ठीक कराने की बजाय नई मशीन मंगाने की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की जांच करते समय वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का होना जरूरी है और यह देखना चाहिए कि वोट सही तरीके से रिकॉर्ड हो रहा है। मुख्यमंत्री ममता ने मतदाताओं से कहा कि अगर



जरूरत पड़े तो उन्हें थोड़ा इंतजार करना चाहिए, क्योंकि यह उनके वोट के अधिकार, पहचान, भाषा और अस्तित्व से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि मतदान खत्म होने के बाद भी सतर्क रहना जरूरी है। उनके मुताबिक, रात में मशीनों की सुरक्षा पर नजर रखी जाए। 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था हो.। यह सुनिश्चित किया जाए कि मशीनों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों की मौजूदगी में भी मशीनों के साथ छेड़छाड़ की कोशिश हो सकती है, इसलिए लगातार निगरानी जरूरी है. उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी देखना चाहिए कि मशीनों की जांच कैसे हो रही है और कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं की जा रही।

### घुसपैठ और डेमोग्राफी का मुद्दा भी उठाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ घुसपैठ कराकर विदेशियों को बसाने का खतरा है। दूसरी तरफ बीजेपी घुसपैठ रोकने और बाहर करने का भरोसा देती है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलती जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) के कारण लोगों को अपनी ही जमीन पर असुरक्षा का डर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान के दिन लोगों को डराने की कोशिश की जाएगी, लेकिन जनता को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद टीएमसी के 'पापों' का पूरा हिसाब होगा और कानून अपना काम करेगा, चाहे कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बंगाल शक्ति की पूजा की भूमि है और बीजेपी महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं तक मूल सुविधाएं पहुंचाई हैं और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के प्रयास किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी देने के लिए संसद और विधानसभाओं में आरक्षण का कानून बनाया गया है, जिससे आने वाले चुनावों में महिलाओं को फायदा मिलेगा।

**केरल** केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा

# केरल की जनता एलडीएफ के कुशासन से चाहती है बदलाव

एजेंसी ▶▶| तिरुअनंतपुरम


केरल के एर्नाकुलम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल की जनता अब एलडीएफ के कुशासन से बदलाव चाहती है। लंबे समय से चल रहे सत्ता के इस चक्र से बाहर निकलना चाहती है। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। सबको न्याय, किसी का तुष्टिकरण नहीं। इसी सिद्धांत के आधार पर देशभर में काम हो रहा है। केरल में भी यही सोच लागू की जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा कि जब पीएफआई देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाया गया, तब केंद्र सरकार ने एक ही दिन में पूरे देश में इसके सभी कैडर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



### यह चुनाव केरल के भविष्य का चुनाव

चुनावी रैली में अपने संबोधन के अंत में अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है। उन्होंने इसे केरल के भविष्य का चुनाव बताया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि वे वास्तविक विकास चाहते हैं, तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को सरकार बनाने का मौका दें। उन्होंने केरल में एनडीए के बढ़ते समर्थन का हवाला देते हुए कहा कि बढ़ता वोट प्रतिशत इसका प्रमाण है।

### त्रिशूर में भाजपा पर शराब कूपन बांटने का आरोप




केरलम में विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वहां की सियासत में गिफ्ट पॉलिटिक्स को लेकर बड़ा बवाल शुरू हो गया है। मामला त्रिशूर का है, जहां चुनाव आयोग की टीम ने अवैध रूप से राशन की किट बांटने के खेल का भंडाफोड़ किया है। आरोप लग रहे हैं कि भाजपा वोटरों को लुभाने के लिए न केवल राशन की किट बांटी जा रही थी, बल्कि बार से शराब लेने के लिए कूपन भी दिए जा रहे थे। सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने मौके से 29 राशन किट बरामद कीं। एक किट की कीमत करीब 900 रुपये थी, जिसमें घर के इस्तेमाल का काफी सामान था। पता चला कि अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही करीब 75 किट बांटी जा चुकी थीं।

## तमिलनाडु 'सगे बाप को ही बना दिया कैदी', सीएम स्टालिन पर बरसे पलानीस्वामी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर पारिवारिक युद्ध छिड़ गया है। एआईएडीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी ने मौजूदा मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर आरोप लगाया कि स्टालिन ने अपने ही पिता और दक्षिण भारत के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि को उनके आखिरी दिनों में कैदी बनाकर रखा गया था। चौंकाने वाली बात यह है कि पलानीस्वामी ने यह आरोप खुद से नहीं लगाए, बल्कि स्टालिन के अपने भाई अलागिरि और करीबी नेता ए. राजा के पुराने बयानों के हवाले से सरकार को घेरा है। एक जनसभा में गरजते हुए पलानीस्वामी ने पुरानी यादें ताजा कीं और कहा कि जब करुणानिधि की तबीयत खराब हो रही थी, तब ए. राजा का एक ऑडियो मैसेज खूब चर्चा में था। उस ऑडियो का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि स्टालिन ने अपने ही पिता को हाउस अरेस्ट यानी घर में ही नजरबंद कर लिया था। उन्होंने कहा कि जिस पिता ने आपको विधायक से लेकर मंत्री, डिप्टी सीएम और पार्टी का वर्किंग प्रेसिडेंट तक बनाया, उसी पिता को आपने उनके आखिरी समय में घर के अंदर ही कैद कर दिया।

### 'तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति लागू करने की हिम्मत है क्या'



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। स्टालिन ने भाषा के मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पीएम मोदी और अमित शाह को खुली चुनौती देते हुए पूछा कि क्या उनमें तमिलनाडु में 'तीन-भाषा नीति' लागू करने की घोषणा करने की हिम्मत है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सीबीएसई के नए सिलेबस स्ट्रक्चर के जरिए गैर-हिंदी भाषी राज्यों में गुप्त तरीके से हिंदी का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु किसी भी कीमत पर भाषा थोपने की नीति को मंजूर नहीं करेगा।

## पुडुचेरी विजय ने किया 2 पेंडिंग एफआईआर का खुलासा

एजेंसी ▶▶| तिरुचिरापल्ली



तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने पहले एक चुनावी हलफनामा जमा किया था जिसमें कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है। अब 23 अप्रैल को होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा किए गए एक नए हलफनामे में दो लंबित एफआईआर की घोषणा की है। अभिनेता-राजनेता पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्वी निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने 30 मार्च को पेरम्बूर के लिए और 2 अप्रैल को तिरुचिरापल्ली पूर्वी के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था।

### क्या है मामला

नए हलफनामे में दो मामले एक चेन्नई से और एक मदुरै से शामिल हैं, जिन्हें उनके मूल हलफनामे में शामिल नहीं किया गया था। ताजा हलफनामे में विजय ने एफआईआर संख्या 74/2026 का खुलासा किया, जो चेन्नई के के5 पेरावल्लूर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। दूसरी एफआईआर संख्या 108/2025, मदुरै जिले के कूड़ाकोविल पुलिस स्टेशन में दर्ज है। यह मामला 21 अगस्त 2025 को एक पार्टी सम्मेलन के दौरान हुई एक घटना से जुड़ा है।

**खबर संक्षेप**

### पार्टी में ड्रग्स लेते मॉडल सहित छह लोग पकड़ाए

**हैदराबाद।** तेलंगाना की मादक पदार्थ रोधी इकाई 'ईगल फोर्स' ने



गोलकोंडा के एक रिसॉर्ट में तलाशी अभियान के बाद मादक पदार्थ के सेवन के आरोप में एक मॉडल सह अभिनेता समेत छह लोगों को पकड़ा हैं। अधिकारियों ने बताया कि रिसॉर्ट में विशेष पार्टी आयोजित किये जाने की सूचना पर 'ईगल फोर्स' ने हैदराबाद नारकोटिक्स एनफोर्समेंट विंग और गोलकोंडा पुलिस थाने के कर्मियों ने छापा मारकर मॉडल-अभिनेता और दो व्यवसायियों समेत कुल छह लोगों में मादक पदार्थों के सेवन की पुष्टि हुई।

### बिहार में मदरसा परिसर से पिस्तौल बरामद

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक मदरसा परिसर से पुलिस ने रविवार को एक पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गोविंदरा इलाके में मदरसे के एक मौलवी समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिला पुलिस ने विशेष सूचनाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल का गठन किया था और मदरसे पर छापा मारा था। साक्ष्य जुटाने में जांचकर्ताओं की सहायता के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

### पाक में बारिश से 23 बच्चों सहित 45 की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 10 दिनों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गयी और 105 लोग घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि 25 मार्च से लगातार हो रही बारिश से हुए नुकसान को कवर करने वाली एक रिपोर्ट में कहा कि कुल 45 मृतकों में से 23 बच्चे, 17 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं, जबकि घायलों में 45 पुरुष, 16 महिलाएं और 44 बच्चे शामिल हैं।

गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार
निशाने पर थे रेल सिग्नल

# ट्रेन हादसा कराने के पहले ही पकड़ाए आईएसआई के गुर्गे

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने लखनऊ रेलवे स्टेशन से 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनका संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से बताया जा रहा है। कथित तौर पर ये लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक रेलवे सिग्नल बॉक्स को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। आरोप है कि गिरोह का सरगना पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर के सीधे संपर्क में थे। जांच में सामने आया है कि ये आरोपी पिछले 3 महीनों से सक्रिय थे और खास लोगों की आवाजाही समेत अहम स्थानों की जानकारी जुटाकर अपने हैंडलर्स को दे रहे थे। एटीएस अब डिजिटल सबूतों, मोबाइल फोन और बाकी सामग्री की जांच कर रही है और आरोपियों की एक हफ्ते की रिमांड मांगी है।

### गिरफ्तार किए गए आरोपी

गिरफ्तार किए गए लोगों में साकिब उर्फ डेविल (25 वर्ष), मेरठ के अगवानपुर का रहने वाला अरबाब (20 वर्ष), मेरठ का विकास गहलावत उर्फ रौनक (27 वर्ष), गौतम बुद्ध नगर का लोकेश उर्फ पपला पंडित (19 वर्ष) शामिल हैं।

### आरोपियों ने लखनऊ समेत कई शहरों में रेकी की

आरोप है कि गिरोह ने लखनऊ, गाजियाबाद और मेरठ सहित कई शहरों में रेकी की थी। इन लोगों ने प्रमुख प्रतिष्ठानों और वाहन शोरूमों की तस्वीरें और वीडियो एकत्र साझा किए थे। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान में बैठा हैंडलर गूगल लोकेशन स्क्रीन रिकॉर्डिंग साझा करता था, जिसके बाद आरोपी इन जगहों की तस्वीरें और वीडियो भेजते थे। गिरोह के सरगना साकिब को पाकिस्तान में बैठा आईएसआई हैंडलर फंडिंग करता था।

असम में कांग्रेस का बड़ा दावा, हिमंत का पलटवार, जेल जाएंगे खेड़ा

# खेड़ा बोले हिमंत की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट सरमा ने कहा- 48 घंटे में करेंगे केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और राज्य का सियासी पारा अपने चरम पर पहुंच गया है। रैलियों और जनसभाओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर इतना तीखा हो गया है कि अब हमले व्यक्तिगत स्तर तक जा पहुंचे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर 3 देशों के पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया है। हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार और चुनावी हताशा का परिणाम बताते हुए पूरी तरह खारिज किया है। सरमा ने कहा कि वे अगले 48 घंटों में पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और दीवानी मानहानि के मुकदमे दायर करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर सीधा हमला बोलते हुए एक गंभीर और चौंकाने वाला दावा किया। खेड़ा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा सवाल है।



### रिनिकी के पास 3 पासपोर्ट, विदेशों में कारोबार : कांग्रेस

कांग्रेस ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुयान सरमा पर गंभीर सवाल उठाए। कांग्रेस ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास विदेशी पासपोर्ट हैं और उनके विदेशों में व्यावसायिक हित भी मौजूद हैं।

### कांग्रेस में हताशा का दौर, बेबुनियाद आरोप लगा रही : सरमा

कांग्रेस के इन तीखे तेवरों पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी उतनी ही तेजी से पलटवार किया है। उन्होंने पवन खेड़ा के सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और चुनावी हताशा करार देते हुए खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पोस्ट में कहा, 'पवन खेड़ा की आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस पार्टी के भीतर गहरे असंतोष और घबराहट को दर्शाती है। जैसे-जैसे असम एक ऐतिहासिक जनादेश की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है, इस तरह के उनके कमजोर होते जनाधार को ही उजागर करते हैं।

### दर्ज कराएंगे मानहानि व आपराधिक केस

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मैं उनके द्वारा लगाए गए हर आरोप को पूरी तरह से खारिज करता हूं। ये दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीतिक रूप से प्रेरित झूठ हैं, जिनका मकसद असम की जनता को गुमराह करना है। सरमा ने कहा कि मेरी पत्नी और मैं अगले 48 घंटों के भीतर पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और दीवानी, दोनों तरह के मानहानि के मुकदमे दायर करेंगे। मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

### पवन खेड़ा ने मीडिया के सामने रखे दस्तावेज

1. यूएई का पासपोर्ट- जारी हुआ: 14 मार्च 2022, खत्म होगा: 13 मार्च 2027
2. एंटीगुआ-बारबुडा का पासपोर्ट- जारी हुआ: 26 अगस्त 2021, खत्म होगा: 25 अगस्त 2031
3. अरब रिपब्लिक ऑफ इजिप्ट का पासपोर्ट- जारी हुआ: 13 फरवरी 2022, खत्म होगा: 12 फरवरी 2029

### रिनिकी की दुबई में दो प्रॉपर्टी

हिमंता बिस्वा सरमा जी की पत्नी की दुबई में 2 प्रॉपर्टी हैं, जिसकी पूरी जानकारी उपलब्ध है। इसमें साफ लिखा है- प्रॉपर्टी की मालिक रिंकी भुइयां सरमा विदेश में प्रॉपर्टी कई लोग रखते हैं, लेकिन जब पत्नी या पति चुनाव लड़ते हैं, तो अपने एफिडेविट में दिखाना होता है। लेकिन हिमंता बिस्वा सरमा के एफिडेविट में दुबई की दोनों प्रॉपर्टी का कोई जिक्र नहीं \। सवाल है- हिमंता ने अपनी पत्नी की दुबई वाली प्रॉपर्टी को एफिडेविट में क्यों नहीं दिखाया?

### दो मुस्लिम देशों के कैसे रखे पासपोर्ट

पवन खेड़ा ने कहा कि असम की जनता पूछ रही है कि हिमंता बिस्वा सरमा की पूरी राजनीति मुसलमानों के खिलाफ नफरत पर आधारित है, लेकिन उनकी पत्नी दो मुस्लिम देशों के पासपोर्ट रखती हैं, कैसे? भारत के कानून के हिसाब से आप दोहरी नागरिकता नहीं रख सकते, तो क्या रिंकी भुइयां सरमा भारत का पासपोर्ट भी रखती हैं? क्या देश के गृहमंत्री को ये जानकारी थी कि हिमंत सरमा की पत्नी 3 पासपोर्ट रखती हैं?

फैसला सुरक्षित रखने के बाद अपनी पिछली भूमिका का पता चला

# कभी थे अपीलकर्ता के वकील, इसलिए सुप्रीम कोर्ट जज खुद सुनवाई से हुए अलग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने एक मामले की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने पिछले महीने फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने यह कदम तब उठाया, जब उनके संज्ञान में आया कि वह पहले इस मामले में अपीलकर्ता के वकील के रूप में पेश हो चुके थे। न्यायमूर्ति विश्वनाथन को 19 मई, 2023 को सीधे बार से पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया था।

### यह है अलग होने का कारण

अप्रैल 2009 में उन्हें शीर्ष अदालत द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया था और पदोन्नति से पहले वह प्रमुख वकीलों में शामिल थे। अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर इस मामले की सुनवाई एक अप्रैल को न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने की थी।



### मामला संज्ञान में आते ही लिया फैसला

*पीठ ने कहा कि इस मामले की अंतिम सुनवाई हुई थी और फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। फैसला सुरक्षित रखने के बाद न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन के संज्ञान में आया कि वह इस मामले में मुख्य कर्जदार के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में अपीलकर्ता के वकील के रूप में पेश हुए थे।*

### सबरीमाला मामले की सुनवाई कल से शुरु

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संविधान पीठ केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों में और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई सात अप्रैल से शुरू करेगी। ज्ञात हो कि सितंबर 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए उस प्रतिबंध को हटा दिया था जो 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को केरलम के सबरीमाला स्थित अय्यप्पा मंदिर में प्रवेश करने से रोकता था।

**9 सदस्यीय पीठ में शामिल न्यायमूर्ति**

सुप्रीम कोर्ट की सात अप्रैल की वाद सूची के अनुसार नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ में प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति आगस्टीन जार्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची शामिल होंगे।

झारखंड में हादसा

# धनबाद में गैस लीक होने से 3 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶| धनबाद

झारखंड के धनबाद जिले में गैस लीक होने से हुए हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि गैस कटर का सिलेंडर फटने से ये हादसा हुआ है। वहीं, सिलेंडर फटने के बाद इलाके में गैस फैल गई, जिसके चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। चार लोगों को सांस संबंधी समस्याओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कबाड़ चोरी के दौरान दुर्घटना होने की आशंका :** आशंका जताई जा रही है कि यह घटना कबाड़ चोरी के दौरान हुई। मुनीडीह थाना प्रभारी मणिका तिवारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ लोग लोहे का कबाड़ चोरी करने के लिए पहुंचे थे। पुलिस को शक है कि उन्होंने एक भरे हुए गैस सिलेंडर को काट दिया, जिससे गैस लीक होने लगी।

### घायलों का चल रहा इलाज

धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, घायलों का शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल के अधीक्षक दिनेश कुमार गिंदोरिया ने बताया कि 5 लोगों को अस्पताल लाया गया था। उन्होंने कहा कि दो लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# इतिहास रचने की दहलीज पर आर्टेमिस 2! टूटने वाला है 'अपोलो 13' का 56 साल पुराना रिकॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष की दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड टूटने वाला है। नासा का आर्टेमिस-2 मिशन तेजी से चांद की तरफ बढ़ रहा है। सोमवार (6 अप्रैल) को यह इंसान के इतिहास में धरती से सबसे ज्यादा दूरी तय करने वाला मिशन बन जाएगा। यह मिशन 1970 में 'अपोलो-13' द्वारा बनाए गए उस रिकॉर्ड को तोड़ देगा, जो पिछले 56 सालों से कोई नहीं छू पाया था। जब यह नया रिकॉर्ड बन रहा होगा, तब आर्टेमिस 2 मिशन का स्पेसक्राफ्ट चांद के पिछले हिस्से की तरफ होगा।

### कितनी दूर जाएंगे ये यात्री?

नासा के अनुसार, आर्टेमिस-2 के चारों एस्ट्रोनॉट्स रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हेंसन धरती से 2,52,757 मील (लगभग 4,06,773 किलोमीटर) की अधिकतम दूरी तक जाएंगे। 1970 में अपोलो-13 के एस्ट्रोनॉट्स धरती से 2,48,655 मील (4,00,171 किलोमीटर) की दूरी तक पहुंचे थे। वह एक इमरजेंसी स्लिंगशॉट था, लेकिन आर्टेमिस-2 इसे जानबूझकर पार करने वाला है। इस मिशन में स्पेसक्राफ्ट चांद के डार्क साइड के ऊपर से गुजरेगा, जहां आज तक कोई इंसान नहीं पहुंचा है।



### इतनी दूर जाने का असली मकसद क्या है?

आर्टेमिस-2 इतनी दूर सिर्फ रिकॉर्ड तोड़ने के लिए नहीं जा रहा है। इसके पीछे कई ठोस वैज्ञानिक कारण हैं। नासा यह देखना चाहता है कि इतनी दूर जाने पर एस्ट्रोनॉट्स और स्पेसक्राफ्ट के सिस्टम पर अंतरिक्ष के विकिरण का क्या असर पड़ता है? इतनी लंबी दूरी से पृथ्वी पर डेटा भेजना और सिग्नल पाना कितना आसान रहने वाला है। इसके साथ ही स्पेसक्राफ्ट जितनी दूर जाकर मुड़ेगा, उसे वापसी के लिए चांद के गुरुत्वाकर्षण से उतनी ही अच्छी रफ्तार मिलेगी।

### वापसी का रास्ता

चांद के पीछे से चक्कर लगाने के बाद, ओरियन यान 'फ्री-रिटर्न ट्रैजेक्टरी' का इस्तेमाल करके खुद-ब-खुद पृथ्वी की ओर मुड़ जाएगा। इसके बाद 10 अप्रैल को यह स्पेसक्राफ्ट प्रशांत महासागर में गिरेगा, जिससे 56 साल पुराने रिकॉर्ड की जगह एक नया 'आर्टेमिस रिकॉर्ड' दर्ज हो जाएगा।

### क्यों है यह सफर इतना खास?

यह पहली बार होगा, जब इंसान अपनी 'होम प्लैनेट' यानी पृथ्वी से इतनी दूर जाएगा। सोमवार को यह स्पेसक्राफ्ट चांद की सतह से करीब 4,000 से 6,000 मील की ऊंचाई पर होगा, जहां से एस्ट्रोनॉट्स चांद के दक्षिणी ध्रुव की शानदार तस्वीरें लेंगे। इस मिशन को 'फ्री रिटर्न ट्रैजेक्टरी' पर सेट किया गया है। इसका मतलब है कि अगर इंजन में कोई गड़बड़ी भी हो जाए, तो चांद का गुरुत्वाकर्षण खुद-ब-खुद जहाज को खींचकर वापस धरती की ओर फेंक देगा।

# 2030 तक चांद पर इंसानों को उतारने की तैयारी में चीन

**बीजिंग।** एक बार फिर से स्पेस की रेस शुरू हो गई है। इस बार मैदान में अमेरिका और चीन आमने-सामने मुकाबला करने की योजना बना रहे हैं। जहां नासा 2028 तक इंसानों को दोबारा चांद पर उतारने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, तो वहीं, चीन ने भी घोषणा कर दी है कि वह 2030 तक चांद पर अपना झंडा गाड़ देगा। इसके लिए चीन लनयू नाम का एक खास लैंडर और शक्तिशाली रॉकेट बना रहा है। इसकी मदद से चीन 2030 तक अपने एस्ट्रोनॉट्स (जिन्हें वे 'टायकोनॉट्स' कहते हैं) को चांद की सतह पर उतार देगा. यह खबर सुनते ही अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं, क्योंकि अब असली मून रेस शुरू हो चुकी है। फिलहाल अभी दुनिया नासा के आर्टेमिस-2 मिशन को देख रही है। चीन और अमेरिका के बीच होने वाली यह जंग काफी रोमांचक होने वाली है।

### इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन

चीन की स्पेस एजेंसी का लक्ष्य बहुत साफ है। वे अपने शक्तिशाली रॉकेट लॉन्ग मार्च 10 के जरिए मेंगझोउ स्पेसक्राफ्ट को चांद की ऑर्बिट में भेजेंगे। यहां से लनयू लैंडर अलग होकर चांद की जमीन पर उतरेगा। इस मिशन में चीन का इरादा सिर्फ जाकर वापस आना नहीं है। वह 2035 तक रूस के साथ मिलकर चांद पर एक 'इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन' बनाना चाहता है। इस स्टेशन को बिजली देने के लिए चीन वहां एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर भी लगा सकता है, जिससे अंधेरे में भी काम चलता रहे।



## ड्रैगन का नासा को टक्कर देने वाला मेगा प्लान



### पानी की खोज और मंगल का सपना

चीन के पिछले रोबोटिक मिशन (चांग'ई-6) ने पहले ही चांद के दूरदराज वाले हिस्से से मिट्टी लाकर इतिहास रच दिया है। अब अगले मिशन (चांग'ई-7 और 8) दक्षिणी ध्रुव पर जमी हुई बर्फ में पानी की तलाश करेंगे. चीन का मानना है कि चांद तो बस एक स्टॉप है, असली मंजिल तो मंगल ग्रह (**Mars**) पर इंसानों को बसाना है।

### धरती पर ही बना लिया 'नकली चांद'

इस मिशन की सफलता के लिए चीन के इंजीनियरों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने हेबेई प्रांत में एक ऐसी जगह बनाई है, जो बिल्कुल चांद जैसी दिखती है। वहां नकली क्रेटर (गड्ढे), पत्थर और चांद की मिट्टी जैसी सतह तैयार की गई है। यहां लैंडर के उतरने और चलने का अभ्यास किया जा रहा है, जिससे असली मिशन के वक्त कोई चूक न हो।

### क्या है चीन का लनयू'लैंडर?

चीन ने अपने मून लैंडर का नाम लनयू रखा है। यह लैंडर एस्ट्रोनॉट्स (जिन्हें वे 'टायकोनॉट्स' कहते हैं) के लिए चांद की ऑर्बिट से सतह तक जाने का जरिया बनेगा। यह न केवल उनके रहने का ठिकाना होगा, बल्कि एक पावर स्टेशन के रूप में भी काम करेगा. चीन ने हेबेई प्रांत में चांद जैसी नकली सतह बनाकर इस लैंडर का टेस्ट भी शुरू कर दिया है।

### रोबोटिक मिशनों से मिल रही मदद

चीन के चांग'ई मिशनों ने इस चांद पर इंसान ले जाने वाले मिशन की नींव रखी है। जून 2024 में चांग'ई-6 ने इतिहास रचा, जब वह चांद के पिछले हिस्से से मिट्टी के नमूने लेकर वापस लौटा। अब आने वाले समय में चांग'ई-7 और 8 मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ और अन्य संसाधनों की तलाश करेंगे, जिससे जब इंसान वहां पहुंचें, तो उनके पास जीवित रहने के लिए जरूरी डेटा मौजूद हो।

### अमेरिका बनाम चीन: कौन मारेगा बाजी?


नासा जहां 2028 तक इंसानों को चांद पर उतारने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं चीन 2030 का टारगेट सेट कर चुका है। यह मुकाबला अब सिर्फ विज्ञान का नहीं, बल्कि स्पेस सुपरपावर बनने की होड़ का है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि आने वाले कुछ सालों में चांद पर इंसानी बस्तियों की हलचल बढ़ सकती है। ड्रैगन की यह रफ्तार बता रही है कि वह अंतरिक्ष की रेस में किसी से पीछे नहीं रहना चाहता. अब देखना यह है कि चांद पर सबसे पहले कौन अपना बेस बनाता है। आपको बता दें कि इससे पहले 1960 के दशक की 'स्पेस रेस' रूस और अमेरिका के बीच थी। जब नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर अपना पहला कदम रखा था।

# बहरेपन का परमानेंट इलाज!

## बस एक इंजेक्शन और गूंजने लगी दुनिया वैज्ञानिकों ने जीन थेरेपी से रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** मेडिकल साइंस की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है, जो किसी चमत्कार से कम नहीं लग रही है। दुनिया भर में करोड़ों लोग, जो जन्म से या किसी बीमारी की वजह से सुन नहीं सकते थे, उनके लिए अब उम्मीद की एक नई किरण जगी है। वैज्ञानिकों ने जीन थेरेपी के इस्तेमाल से अनुवांशिक बहरेपन को जड़ से खत्म करने की दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह खोज उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो अब तक सिर्फ इशारों की भाषा या महंगे हियरिंग एड के भरोसे बैठे थे। आइए जानते हैं कि विज्ञान ने यह असंभव सा दिखने वाला काम कैसे संभव कर दिखाया।

**कैसे हुआ यह चमत्कार:** वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च में उन मरीजों को चुना था, जो एक खास जेनेटिक गड़बड़ी की वजह से सुन नहीं पाते थे। हमारे कान के अंदर कुछ बारीक नसें और सेल्स होते हैं, जो आवाज को दिमाग तक पहुंचाते हैं। जब जीन में खराबी होती है, तो ये सेल्स काम करना बंद कर देते हैं। अब वैज्ञानिकों ने एक सुरक्षित वायरस के जरिए स्वस्थ जीन को एक इंजेक्शन की मदद से मरीज के कान के अंदरूनी हिस्से में पहुंचाया। जैसे ही यह स्वस्थ जीन अपनी जगह पर पहुंचा, उसने कान के खराब सेल्स को फिर से जिंदा कर दिया। महज कुछ हफ्तों के अंदर ही मरीजों को आवाजें सुनाई देने लगीं।



### 10 मरीजों पर सफल ट्रायल

इस रिसर्च में शामिल सभी 10 मरीजों पर यह थेरेपी काम कर गई। नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, जो मरीज बचपन से खामोश दुनिया में जी रहे थे, वे अब न सिर्फ बातें सुन पा रहे हैं, बल्कि संगीत का भी आनंद ले रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह इलाज पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर साइड इफेक्ट्स भी नहीं देखे गए हैं।

### क्या है आगे की राह?

हालांकि अभी यह शुरुआती ट्रायल है, लेकिन इसके नतीजे इतने शानदार हैं कि वैज्ञानिक इसे मेडिकल इतिहास का एक 'टर्निंग पॉइंट' मान रहे हैं। आने वाले समय में इस थेरेपी का बड़े पैमाने पर टेस्ट किया जाएगा।

### बधिर बच्चों के लिए 'संजीवनी'

यह तकनीक उन बच्चों के लिए सबसे ज्यादा असरदार मानी जा रही है, जो जन्मजात बहरेपन का शिकार होते हैं। अगर कम उम्र में ही यह इंजेक्शन दे दिया जाए, तो बच्चा सामान्य बच्चों की तरह बोलना और सुनना सीख सकता है। अब तक ऐसे मामलों में कोक्लियर इम्प्लांट ही एकमात्र रास्ता था, जिसमें सर्जरी की जरूरत पड़ती थी। लेकिन, अब सिर्फ एक इंजेक्शन ही काफी हो सकता है।

### सालों के संघर्ष की ये कहानी दिल छू लेगी!


# कभी करती थी सफाई का काम, अब उसी अस्पताल में डॉक्टर बनकर लौटेगी महिला

**न्यूयार्क।** जिंदगी कभी-कभी ऐसे मोड़ लेती है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। एक समय जो काम सिर्फ गुजारा करने के लिए किया जाता है, वही आगे चलकर सपनों की शुरुआत बन जाता है। ऐसी ही दिल छू लेने वाली कहानी है एक महिला की, जिसने अस्पताल में सफाई का काम करते-करते डॉक्टर बनने का सपना देखा और उसे सच भी कर दिखाया। दरअसल,32 साल की शाय टेलर-एलेन ने मात्र 18 साल की उम्र में अस्पताल में क्लीनर (सफाई कर्मचारी) के तौर पर काम शुरू कर दिया था। उस समय उनका मकसद सिर्फ अपना खर्च चलाना था। ना तो उन्होंने डॉक्टर बनने का सपना देखा था और न ही उन्हें यह पता था कि वह आगे क्या करेंगी। धीरे-धीरे उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और साथ ही अस्पताल में काम भी करती रहीं। जिंदगी अपनी रफ्तार से चल रही थी, लेकिन एक घटना ने सब कुछ बदल कर रख दिया।



### मां की बीमारी बनी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट

इसी दौरान उनकी मां की तबीयत खराब रहने लगी। बार-बार अस्पताल जाने के बावजूद डॉक्टर उनकी बीमारी का सही कारण नहीं समझ पा रहे थे। शे को महसूस हुआ कि कुछ गंभीर समस्या है, जिसे बार- बार नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्हें अपनी मां पर पूरा भरोसा था कि वह बेवजह बीमारी का बहाना नहीं बना सकतीं।



### एक ईमेल ने बदल दी पूरी कहानी

अस्पताल में काम करने की वजह से शे को वहां के कई ऑफिस तक पहुंच थी। उन्होंने हिम्मत करके एक सीनियर अधिकारी को ईमेल लिखा और अपनी मां की हालत के बारे में बताया। हैरानी की बात यह रही कि उसी दिन उन्हें जवाब मिला। अधिकारी ने उनकी बात को गंभीरता से लिया और डॉक्टरों की टीम से दोबारा जांच करवाई। कुछ ही दिनों में पता चला कि उनकी मां को वोकल कॉर्ड डिसफंक्शन है। सही इलाज मिलने के बाद उनकी हालत में तेजी से सुधार हुआ।

### शे को यकीन नहीं होता यह सब सच है

कुछ साल बाद उनकी मेहनत रंग लाई। शे का चयन याले हास्टिपटल में एनेस्थिसियोलॉजी रेजिडेंसी के लिए हो गया। यह वही अस्पताल है, जहां उन्होंने 10 साल सफाई का काम किया था। अब वह वहीं डॉक्टर के रूप में लौटेंगी। अब जब शे पीछे मुड़कर देखती हैं तो उन्हें खुद यकीन नहीं होता कि यह सब सच है। अगर उनकी मां की बीमारी वाला समय नहीं आता तो शायद वह कभी डॉक्टर बनने के बारे में सोचती भी नहीं।

## खंडवा की इस अनोखी परंपरा में लाखों की लग रही बोली

# भगवान के माता-पिता बनने के लिए लगी लाइन!

**खंडवा।** यहां आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव अपनी अनोखी परंपराओं के कारण चर्चा में है, जहां श्रद्धालु भगवान के माता-पिता बनने के लिए उत्साहित हैं। जैन समाज के इस खास आयोजन में प्राण-प्रतिष्ठा और धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया जाता है। इस अवसर को पाने के लिए लोग पर्ची और बोली के माध्यम से भाग लेते हैं और कई बार लाखों रुपएतक की बोली लगाई जाती है। यह परंपरा केवल आस्था ही नहीं, बल्कि त्याग और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है।

बजरंग चौक स्थित 45 साल पुराने महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव होने जा रहा है। यह आयोजन मुनिश्री आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में होगा। इस दौरान भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है और उन्हें पूजनीय स्वरूप में स्थापित किया जाता है।



### क्यों खास है ये परंपरा?

इस आयोजन में भगवान के जीवन के पांच प्रमुख कल्याणकों का वर्णन होता है। साथ ही इंद्र-इंद्राणी बनने का भी मौका मिलता है। यह परंपरा सालों से चली आ रही है और लोगों के लिए इसे पाना किसी बड़े सौभाग्य से कम नहीं माना जाता।पूरे निमाड़ क्षेत्र में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह है और लोग बढ़-चढ़कर इसमें भाग ले रहे हैं।

### भगवान के माता-पिता बनने का मौका

इस आयोजन की सबसे खास बात यही है कि इसमें श्रद्धालुओं को भगवान के माता-पिता बनने का अवसर मिलता है। इसके लिए पर्ची और बोली के जरिए चयन किया जाता है। कई लोग पहले से इच्छा जताते हैं, लेकिन अंतिम फैसला परंपरा और गुरु के अनुसार होता है।

### लाखों की बोली, लेकिन आस्था सबसे ऊपर

इस मौके के लिए कई बार लाखों रुपए तक की बोली लगाई जाती है। लेकिन, समाज के लोग मानते हैं कि यह सिर्फ पैसे का नहीं, बल्कि आस्था और त्याग का विषय है। इस भूमिका को निभाने के लिए व्यक्ति को अपने जीवन में कई बदलाव करने पड़ते हैं।

# खुदाई में मिला 12 हजार साल पुराना पासा, ग्रुप बनाकर खेलते थे जुआ

**न्यूयार्क।** एक नई पुरातात्विक रिसर्च में शॉकिंग खुलासा हुआ है कि नेटिव अमेरिकंस (अमेरिका के मूल निवासी) ने 12,000 साल से भी पहले पासे बनाए और जुआ खेला। ये सबूत दुनिया के सबसे पुराने जुए के खेल के हैं, जो ओल्ड वर्ल्ड (यूरोप, एशिया आदि) के ब्रॉन्ज एज पासों से करीब 6,000 साल पहले के हैं।

कोलोराडो स्टेट यूनिवर्सिटी के पीएचडी छात्र रॉबर्ट जे. मैडेन की यह स्टडी अमेरिकन एंटीक्विटी जर्नल में प्रकाशित हुई है। मैडेन ने सैकड़ों पुरातात्विक वस्तुओं की जांच की और 565 डायग्नोस्टिक प्लस 94 प्रोबेबल पासों की पहचान की। इनमें



से सबसे पुराने तीन पासे व्योमिंग, कोलोराडो और न्यू मेक्सिको के फॉल्सम संस्कृति स्थलों से मिले हैं, जो लगभग 12,900 साल पुराने हैं।

### जुआ खेलने को करते थे यात्रा

फॉल्सम लोग आखेटक-संग्राहक थे। वे खास तरह के पत्थर के औजार के लिए प्रसिद्ध हैं। ये लोग सुंदर और दुर्लभ सामग्री जैसे फ्लिंट और चैल्सेडोनी पसंद करते थे और दूर-दूर तक यात्रा करते थे। शोधकर्ताओं का मानना है कि जुए के खेल इन दुर्लभ सामग्रियों के आदान-प्रदान में मदद करते थे। ग्रुप बनाकर खेलने से सामाजिक संबंध भी मजबूत होते थे।

### पासे कैसे थे?

ये प्राचीन पासे हड्डी या अन्य सामग्री से बने होते थे।ज्यादातर दो तरफा होते थे, जिन्हें फेंकने पर यादृच्छिक परिणाम मिलता था। बाद के काल में पासों के आकार और डिजाइन विकसित होते गए। मैडेन ने एक नई चेकलिस्ट बनाकर पुरानी खुदाई वाली वस्तुओं को पासा मानने का तरीका विकसित किया। इससे पहले पुरातत्वविद् इन वस्तुओं को अन्य औजार समझते थे। यह खोज बताती है कि संभावना की समझ और जुए के खेल आइस एज के अंत में ही विकसित हो चुके थे। पुराने विश्व में सबसे पुराने पासे करीब 5,000-6,000 साल पुराने माने जाते थे, लेकिन अब अमेरिका के नेटिव लोगों ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

**जुआ खेलने का तरीका :** प्राचीन नेटिव अमेरिकंस ग्रुप बनाकर खेलते थे। पासे फेंककर स्कोर बनाते थे। कुछ खेलों में हारने वाले को दांव पर लगाई चीजें गंवानी पड़ती थीं। बाद के ऐतिहासिक काल में नेटिव अमेरिकन संस्कृतियों में जुआ बहुत लोकप्रिय था और कभी-कभी हारने वाले गुलामी तक चले जाते थे। लेकिन यह खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम भी था।

### स्टारलिंक को टक्कर देगा इसरो-यूटेलसैट का नया मिशन

# दुनिया ने माना इसरो का लोहा! अब फ्रांस के सैटेलाइट लॉन्च करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष अभियान अब केवल चांद और मंगल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारत दुनिया का 'इंटरनेट हब' बनने की दिशा में एक और बड़ी छलांग लगा चुका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और फ्रांसीसी सैटेलाइट दिग्गज यूटेलसैट के बीच हुए एक नए समझौते ने वैश्विक सैटेलाइट इंटरनेट की जंग में भारत की स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

अंतरिक्ष की दुनिया में अब भारत भी एक बड़ा प्लेयर बनकर तेजी से उभर रहा है। दिनोंदिन भारत की साख लगातार बढ़ रही है। जहां एक तरफ पूरी दुनिया की नजरें नासा के 'आर्टेमिस-2' पर हैं, वहीं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने एक और बड़ा धमाका कर दिया है। भारतीय

### क्या है वनवेब प्रोजेक्ट?

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की तरह ही वनवेब भी अंतरिक्ष से पूरी दुनिया में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना चाहता है। इसके लिए उन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में सैकड़ों छोटे सैटेलाइट्स का एक जाल बिछाना है। इसके लिए उन्होंने इसरो का साथ लिया है। अब इसरो अपने सबसे भारी रॉकेट एलवी3 (जिसे पहले जीएसएलवी एसके-3) कहा जाता था) के जरिए इन सैटेलाइट्स को स्पेस में सही ऑर्बिट में पहुंचाएगा।



### एलन मस्क को सीधी चुनौती

वनवेब (जिसमें भारत के सुनील भारती मित्तल की बड़ी हिस्सेदारी है) और यूटेलसैट की यह डील सीधे तौर पर स्पेसएक्स के एकाधिकार को चुनौती दे रही है क्योंकि, अभी तक 'स्पेस इंटरनेट' के मामले में एलन मस्क की कंपनी सबसे आगे है। ऐसे में इसरो के साथ इस लॉन्चिंग में कंपनी को कम बजट में ज्यादा फायदा मिल रहा है।

### भारत को क्या होगा फायदा?

इस डील से भारत को करोड़ों डॉलर का फायदा होगा. रूस के सोयुज रॉकेट पर पाबंदी के बाद, दुनिया की बड़ी कंपनियां अब चीन के बजाय भारत पर भरोसा जता रही हैं। वनवेब के सक्रिय होने से भारत के सुदूर गांवों, पहाड़ों और रेगिस्तानों में भी फाइबर केबल बिछाए बिना हाई-स्पीड इंटरनेट मिल सकेगा।

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अब सिर्फ रॉकेट लॉन्च करने वाली संस्था नहीं रही, बल्कि वह दुनिया का एक भरोसेमंद स्पेस पार्टनर बन चुकी है। यूरोपीय सैटेलाइट दिग्गज यूटेलसैट ग्रुप ने अपने 'वनवेब' सैटेलाइट इंटरनेट समूह को और मजबूत करने के लिए इसरो के साथ एक नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। यह समझौता साबित करता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद उपजे वैश्विक संकट में अब भारत दुनिया के लिए सबसे सुरक्षित और किफायती लॉन्च पार्टनर बनकर उभरा है। इसके बाद अब भारत ग्लोबल सैटेलाइट इंटरनेट मार्केट में एलन मस्क को कड़ी टक्कर देने जा रहा है।

# अंतरिक्ष से ऐसी दिखती है हमारी पृथ्वी, नासा के आर्टेमिस-II मिशन ने भेजी तस्वीरें

**नासा।** पृथ्वी जहां हम-आप रह रहे हैं, वह कितनी खूबसूरत है, इस तस्वीर को देखकर आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं। नासा के आर्टेमिस-II मिशन ने यह तस्वीर साझा की है। गुरुवार को लॉन्च हुई आर्टेमिस-2 मिशन अब चांद की ओर बढ़ रहा है। शुक्रवार को वह पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकला. अगले 4 दिन अंतरिक्ष में सफर करने के बाद आर्टेमिस-2 मिशन चांद पर पहुंचेगा। अर्थ आर्बिट से बाहर निकलने के बाद शुक्रवार को आर्टेमिस-2 मिशन ने अंतरिक्ष से पृथ्वी की दो-तीन तस्वीरें भेजी. पृथ्वी की इन तस्वीरों को नासा के ऑफिसियल एक्स अकाउंट से साझा किया गया है।

## गुरुवार को लॉन्च हुई आर्टेमिस-2 मिशन अब चांद की ओर बढ़ रहा है

### नीले-भूरे रंगों से जगमगा रही पृथ्वी

नासा ने अंतरिक्ष से ली गई पूरी पृथ्वी की तस्वीर को साझा करते हुए लिखा- हम अपने ग्रह को पूरी तरह से देख पा रहे हैं, जो नीले और भूरे रंगों की शानदार रोशनी से जगमगा रहा है। यहां तक कि एक हरी ऑरोरा (ध्रुवीय ज्योति) भी इसके वातावरण को रोशन कर रही है। यह हम ही हैं, हम सब मिलकर जो अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की ओर बढ़ते हुए देख रहे हैं। एक दूसरी तस्वीर साझा करते हुए नासा ने लिखा- हमारे अपने ग्रह की कुछ शानदार, हाई-रिजॉल्यूशन वाली नई तस्वीरें हमारे पास हैं। हम सभी ओरियन कैप्सूल की खिड़की से अपने आर्टेमिस-II अंतरिक्ष यात्रियों को देख रहे हैं, जो अपनी चाँद की यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। नासा की ओर से साझा की गई इन दोनों तस्वीरों में पृथ्वी नीले-भूरे रंगे की रोशनी से रंगी नजर आ रही है। खुले नजरों से हम पृथ्वी पर नदी, मैदान, पहाड़, जंगल, समुंद्र देखते हैं, लेकिन अंतरिक्ष से हमारा घर नीले-भूरे रंग के नायाब फुटबॉल का नजर



### आर्टेमिस-2 नासा का एक 'U-टर्न' मिशन

मालूम हो कि आर्टेमिस-2 एक 'U-टर्न' मिशन है। मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री चांद के पीछे से चक्कर लगाकर सीधे धरती की ओर वापस लौटेंगे। इस दौरान वे करीब 4 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। अब ओरियन कैप्सूल अपनी करीब 3.84 लाख किलोमीटर लंबी यात्रा पर निकल चुका है।

### चंद्रमा के साथ-साथ मंगल के लिए भी खास है यह मिशन

नासा ने कैनेडी स्पेस सेंटर 'आर्टेमिस-II मिशन' को लॉन्च किया है। अमेरिकी समय के अनुसार, शाम 6 बजकर 24 मिनट (भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 3:54 बजे) से यह मिशन शुरू हुआ. इस मून मिशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की परिक्रमा के लिए भेजा गया है। आर्टेमिस II भविष्य में चंद्रमा पर उतरने के साथ-साथ मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने जैसे अगले बड़े कदम का रास्ता साफ करेगा।

# ट्रांसपोर्टरों ने कहा-अब राज्य वैट और अन्य स्थानीय करों में करे कटौती

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




**मोहन सरकार से आमजन, किसानों और उद्योगों को राहत देने की मांग**

ट्रांसपोर्टरों ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद अब राज्य सरकारों से वैट और अन्य स्थानीय करों में कटौती करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटाकर 3 और डीजल पर 10 से घटाकर शून्य कर दी है। डीजल की ऊंची कीमतों के कारण ट्रांसपोर्टरों को भारी घाटा हो रहा है। राहत के लिए वैट में कमी जरूरी है, ताकि लॉजिस्टिक्स लागत कम हो सके और माल ढुलाई सस्ती हो। इसके अलावा ट्रांसपोर्टर अलग-अलग राज्यों द्वारा लिए जाने वाले एंट्री टैक्स, रोड टैक्स और ई-चालान जैसे मुद्दों पर भी राहत चाहते हैं।

ट्रांसपोर्टर और आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकात, हरीश डाबर सहित अन्य ट्रांसपोर्टरों ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती के कदम को सराहना की और परिवहन क्षेत्र, किसानों एवं आम जनता के लिए राहतभरा निर्णय बताया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच लिया गया यह निर्णय समयोचित है, जिससे परिवहन लागत घटेगी और महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। संगठन ने यह भी कहा कि यदि मिडिल ईस्ट में तनाव लंबा चलता है और डीजल कीमतें बढ़ती हैं, तो देशहित में ट्रांसपोर्ट सेक्टर निरंतर सेवाएं देता रहेगा। साथ ही संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि ऐसे समय में टोल टैक्स में राहत या अस्थाई छूट प्रदान की जाए, जिससे ट्रांसपोर्टरों की आर्थिक व्यवहार्यता बनी रहे। मुकाती ने राज्य सरकारों से मांग करते हुए कहा कि वे भी वैट एवं अन्य करों में कमी कर आमजन, किसानों और उद्योगों को राहत दें। संगठन का मानना है कि केंद्र व राज्य सरकारो के संयुक्त प्रयासो से ईंधन कीमतों में स्थिरता आएगी और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## 23 मार्च से अब तक बेचे जा चुके हैं करीब 5.7 लाख सिलेंडर

**हर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर मिलेगा छोटू गैस सिलेंडर**



**नई दिल्ली।** सरकार ने 5 किलो वाले एफटीएल एलपीजी सिलेंडर पर अहम अपडेट दिया है। छोटे सिलेंडर आस-पास के एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई भी वैध आईडी प्रूफ दिखाने पर उपलब्ध हैं। इसके लिए पते के प्रूफ की जरूरत नहीं है। सरकार पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपने उपायों को तेज कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार बीते दिन 71,000 से ज्यादा 5 किलो वाले एफटीएल सिलेंडर बेचे गए। जबकि 23 मार्च से अब तक ऐसे लगभग 5.7 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह कदम पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की बिना किसी रुकावट के उपलब्धता बनाए रखने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।उसने नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे घबराकर खरीदारी न करें। अनावश्यक एलपीजी बुकिंग से बचें। साथ ही लोगों को सलाह दी कि वे जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। वैसे तो मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है।

### अभी तक 3,700 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे

सरकार ने कहा कि एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पूरे उद्योग में कुल बुकिंग में से 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन के जरिए की गई। सिलेंडरों के गलत इस्तेमाल, जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एनफोर्समेंट को और कड़ा कर दिया गया है। अभी तक 3,700 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे गए। अब तक एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। 27 डिस्ट्रीब्यूटरशिप को निलंबित कर दिया गया है।

### 28 अप्रैल को भोपाल में आंदोलन की घोषणा

## सांची दूध डेयरी सागर में सेवा समाप्ति पर प्रबंधन और कर्मचारियों में तनाव

**सुपरवाइजर एवं सुरक्षाकर्मी पर अनियमितताओं का आरोप**


प्रदर्शन की तैयारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सांची दुग्ध संघ में अव्यवस्थाओं और आर्थिक संकट के कारण पहले से ही प्रबंधन और कर्मचारियों में तनाव बना हुआ है। सांची दूध डेयरी में वर्षों से कार्यरत सुरक्षा गार्डों को मार्च 2027 तक हटाने के बजाय अब समय से पहले निकालने की धमकी दी जा रही है।


इन अनुभवी गार्डों की जगह नए गार्ड रखने की योजना है, जिससे कर्मचारियों में रोष है और वे 28 अप्रैल को भोपाल में महाआंदोलन के माध्यम से एकजुट होकर अपनी आवाज उठाने की घोषणा की है। सुरक्षाकर्मियों के अनुसार पुरानी सिक्योरिटी गार्डों को हटाकर नए गार्ड रखने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कई गार्ड 10-15 वर्षों से सांची डेयरी में कार्यरत हैं, जिन पर अब रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है। आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारी एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ 28 अप्रैल को भोपाल में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। एक्स सर्विसमेन सिक्यूरिटी एंड मैनपावर सर्विसेस, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र में उल्लेखित किया है कि बुन्देलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर के पत्र से अवगत कराया गया है कि आपकी फर्म द्वारा नियोजित सुपरवाईजर एवं सुरक्षाकर्मी द्वारा किए जा रहे अनियमितताओं के कारण दुग्ध संघ में कार्य अत्याधिक प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण संस्था का सुरक्षा कार्य ठेका 21 अप्रैल 2026 से मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश से समाप्त किया जा रहा है। अतः समस्त सुरक्षा कर्मीयों को अवगत कराया जाता है कि 21 अप्रैल 2026 से बुन्देलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर से संस्था का सुरक्षा व्यवस्था का कार्य समाप्त हो रहा है। जिसके कारण सभी समस्त सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जाती है।

### सीआईआई ने एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी कर केंद्र सरकार से की मांग

# सूक्ष्म, मझोले तथा लघु उद्यम और निर्यातकों को दिया जाए प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग**




भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) ने मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव (विशेषकर पश्चिम एशिया संकट), कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान और उच्च लॉजिस्टिक्स लागत के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और निर्यातकों के लिए सरकार से आपातकालीन प्रोत्साहन पैकेज की मांग की है। संगठन ने मौजूदा समय में सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिए गए हैं। इसके साथ ही सीआईआई ने प्राथमिक बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से अस्थायी छूट, समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल- ईसीएलजीएस) शुरू करने और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग की गई है। सीआईआई ने प्रस्ताव दिया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण मानदंडों पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि बैंक बाहरी व्यवधानों के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट तनाव के प्रति अधिक लचीले ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। इसके अलावा, संगठन ने सुझाव दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एमएसएमई और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष पुनर्वित्त खिड़की स्थापित कर सकता है।

### सीआईआई ने जीएसटी रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का किया आग्रह

अन्य सुझावों में बिजली शुल्कों में अस्थायी राहत, नकद ऋण सीमा में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि और ऋण प्रसंस्करण शुल्क में छूट शामिल है। सीआईआई ने लंबित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का भी आग्रह किया। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहाकि सरकार और आरबीआई ने गति, स्पष्टता और समन्वय के साथ प्रतिक्रिया दी है। शुरुआती उपायों ने धारणा को स्थिर करने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा कि नीतिगत प्रतिक्रिया के अगले चरण में लक्षित नकदी सहायता और व्यापार लागत प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत हो सकती है।

### सरकारी गारंटी के माध्यम से कार्यशील पूंजी दी जाए बनर्जी ने कहा



सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने सुझाव दिया कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दौरान प्राथमिक बाजारों में विदेशी पूंजी प्रवाह बनाए रखने के लिए वित्त मंत्रालय विदेशी निवेशकों को प्राथमिक बाजार निवेश में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर से अस्थायी छूट देने पर विचार कर सकता है। इसके लिए पात्र होल्डिंग अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल किया जा सकता है। सीआईआई ने कहा कि यह नपातुला प्रोत्साहन स्थिरता का संकेत देगा और धैर्यवान पूंजी को प्रोत्साहित करेगा।

## सरकार ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए सभी आईटीआर फॉर्म्स जारी किए

नई दिल्ली। सरकार ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए सभी आईटीआर फॉर्म्स जारी कर दिए हैं। इसी के साथ आने वाले फाइलिंग सीजन का आगाज हो चुका है। इसी क्रम में टैक्सपेयर्स इस महीने से रिटर्न फाइल करना शुरू कर सकते हैं। इधर आयकर विभाग ने पहले ही आईटीआर-1 (सहज),आईटीआर-2, आईटीआर-4 (सुगम) औरआईटीआर-6 जैसे फॉर्म नोटिफाई कर दिए हैं। अब इसके कुछ समय बाद यूटिलिटीज (पहले ऑफलाइन और फिर ऑनलाइल) चालू किए जाएंगे, जिनकी मदद से टैक्सपेयर्स रिटर्न फाइल कर पाते हैं। अब चूंकि आईटीआर फॉर्म नोटिफाई हो चुके हैं इसलिए यूटिलिटीज भी जल्द ही चालू कर दी जाएंगी। इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर ने कहाकि आमतौर पर आईटीआर फाइलिंग अप्रैल महीने में शुरू होती है। पिछले साल, इनकम टैक्स के नियमों में बड़े बदलावों-जिनमें एलटीसीजी , एसटीसीजी और इंडेक्सेशन शामिल थे कि वजह से इसमें देरी हुई थी। चूंकि इस बार इनकम टैक्स विभाग ने टैक्स रिटर्न फॉर्म पहले ही नोटिफाई कर दिए हैं इसलिए उम्मीद है कि आईटीआर फाइलिंग इसी महीने शुरू हो जाएगी,फिर भी वेतनभोगी लोगों को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर फाइल करने से पहले अपने फॉर्म 16 का इंतजार करना चाहिए।


### साबुन से लेकर तेल तक होगा महंगा, रेट बढ़ाने की तैयारी में एफएमसीजी कंपनियां

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव से आर्थिक दबाव भी बढ़ने लगा है और महंगाई अपना असर दिखाने लगा है। अगर स्थिति यही रही, तो कुछ ही दिनों में साबुन से लेकर सोडा और खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले तेल के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजें महंगी हो जाएंगी। इससे आम लोगों का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनियां वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही से एक बार फिर कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट का अनुमान है कि अगर कच्चे माल की मौजूदा महंगाई बनी रहती है, तो वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कीमतें कम से कम 3 से 4 परसेंट तक बढ़ जाएंगी। हालांकि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसका असर मौजूदा स्टॉक के स्तरों के कारण सीमित रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे ये स्टॉक खत्म हो रहे हैं, इंडस्ट्री बदलाव के लिए तैयारी कर रही है। लगभग हर एफएमसीजी कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स (साबुन, बिस्किट, शैम्पू) की पैकेजिंग प्लास्टिक से करती है, जो तेल से बनता है। अब पैकेजिंग में ज्यादा खर्च आएगा, तो कंपनियां भी अपने उत्पाद महंगे दामों में बेचेंगी। इसके अलावा, क्रूड ऑयल महंगा होने से लॉजिस्टिक्स पर खर्च अधिक आ रहा है। कंटेनरों के किराए से लेकर जहाजों का इंश्योरेंस तक महंगा हो गया है। भारत सिर्फ क्रूड ही नहीं एडिबल ऑयल का भी एक बड़ा हिस्सा समुद्री मार्ग से दूसरे देशों से मंगाता है।

## सरकार ने लागू किए सख्त नियम सोने की कीमतों में आ सकता है उछाल

**नई दिल्ली।** इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने घरेलू बाजार को लेकर बड़ा कदम उठाया है। व्यापार घाटा कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने के उद्देश्य से सरकार ने सोना, प्लैटिनम और संबंधित उत्पादों के आयात नियम सख्त कर दिए हैं। अब इन वस्तुओं को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया गया है। इसका मतलब है कि अब विदेश से इनका आयात करने के लिए सरकारी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। अब तक, सोने-चांदी के कई आभूषण या इंडस्ट्रियल उत्पाद बिना किसी बाधा के आसानी से हमारे देश में आयात किए जा सकते थे। इस फैसले के दायरे में सोने के आभूषण, प्लैटिनम उत्पाद, कीमती धातुओं से बने सामान, इंडस्ट्रियल और लैब उपयोग की वस्तुएं और गोल्ड प्लेटेड आइटम शामिल हैं।

## राशिफल


**मेष**
शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष**
व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन**
अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं



**सिंह**
शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या**
क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास


**तुला**
पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक**
घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु**
पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर**
परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ**
परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन**
वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## विदेशी निवेशकों की बड़ी बिकवाली, दो दिन में 19,837 करोड़ रुपए निकाले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल की शुरुआत में भी भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकालना जारी रखा है। अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही एफपीआई ने करीब 19,837 करोड़ रुपए की निकासी की है। यह बिकवाली ऐसे समय में देखने को मिली है जब पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये में कमजोरी जैसे वैश्विक कारण बाजार पर दबाव बना रहे हैं। मार्च महीने में भी एफपीआई ने भारी निकासी की थी और करीब 1.17 लाख करोड़ रुपए बाजार से बाहर निकाले थे। यह अब तक का सबसे बड़ा मासिक आउटफ्लो माना जा रहा है। इससे पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक था। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार साल 2026 में अब तक एफपीआई कुल मिलाकर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में 2 अप्रैल तक कैश मार्केट में ही एफपीआई ने 19,837 करोड़ के शेयर बेच दिए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक दबाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चलते निवेशकों का रुझान लगातार सतर्क बना हुआ है।

### करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई

जियोजित इंवेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार के अनुसार रुपए में गिरावट और डॉलर में मजबूती ने भी निवेशकों को बाजार से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से रुपए में करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई है और आगे और कमजोरी की आशंका भी बनी हुई है। इसी वजह से विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं।

### क्रेडाई ने कहा- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स की दौड़ में भोपाल के पास कमाल का मौका

भोपाल। भारत में जीसीसी यानी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का विस्तार अब केवल मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। जीसीसी वे केंद्र होते हैं, जहां बड़ी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने लिए टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स, फाइनेंस, कस्टमर सपोर्ट, इंजीनियरिंग, रिसर्च, डिजाइन और बैक-ऑफिस जैसे काम एक ही जगह से संचालित करती हैं। अब टियर-2 शहर भी इस दौड़ में तेजी से उभर रहे हैं।क्रेडाई तथा उद्योग आकलनों के अनुसार टियर-2 शहर अब नए जॉब पोस्टिंग्स का 30-32 फीसदी हिस्सा बना रहे हैं। ऐसी लोकेशंस की मांग वित्त वर्ष 2025 में नई वैल्यूएशंस के लगभग 35 फीसदी तक पहुंच चुकी है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे शहरों में कॉमर्शियल रियल एस्टेट लागत 50 फीसदी तक कम, जीवन-यापन खर्च 25-35 फीसदी कम, और एट्रिशन 10-14 फीसदी के दायरे में रहता है। इससे कंपनियों को लागत और स्थिरता दोनों का फायदा मिलता है। इसी बदलते परिदृश्य में भोपाल के लिए अवसर विशेष महत्व रखता है। मध्यप्रदेश ने समर्पित जीसीसी पॉलिसी के माध्यम से 50 से अधिक जीसीसी और 37000 से अधिक रोजगार का लक्ष्य रखा है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./I/920446/2026 | **प्रथम सूचना** | सिवनी, दिनांक 01/04/2026

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टीकमसिंह कटरे आ. श्री गौरीशंकर कटरे, नि.-निवारी, तह. बरघाट, जिला-सिवनी, म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.03.2026 को प्रस्तुत किया गया है । दिनांक 30.04.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं । आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदन क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | डुंगरिया | 98/1 | 4.44 हे. में से 2.25 हे. | निजि भूमि | बोल्डर, गिट्टी | |
| | | | कुल रकवा | 2.25 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।


**सहायक खनि अधिकारी**
**वास्ते कलेक्टर - सिवनी**

G-11132/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


## शब्द पहेली - 6187



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 6186 का हल**



## सूडोकू बवाल- 6197

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू बवाल- 6196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार



*एक्ट्रेस जाहनवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला

# इतिहास के पन्नों को पलटा



**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।





# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्रराम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल में दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा



**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*




**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।

# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

### फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :*** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :*** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।

# पंजाब किंग्स की जीत की रफ्तार पर ब्रेक लगाने उतरेगी कोलकाता नाइट राइडर्स

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है, जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं।

टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी- दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

### पंजाब ने जीते अपने दोनों मैच

अय्यर की अगुआई में पंजाब ने अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। युवा कूपर कोनोली ने दो मैच में 108 रन बनाकर तीसरे नंबर पर प्रभावित किया है जबकि प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को अच्छी शुरुआत दी है। अय्यर ने बीच के ओवरों में भरोसे के साथ बल्लेबाजी की है। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन और विजयकुमार वैशाख की मौजूदगी में गेंदबाजी इकाई संतुलित लग रही है जबकि अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल आक्रमण को मजबूत करते हैं। नाइट राइडर्स के लिए कार्तिक त्यागी और युवा अंगकृष रघुवंशी का प्रदर्शन हालांकि सकारात्मक पक्ष रहा है लेकिन सिर्फ इन दोनों का प्रदर्शन पंजाब की अच्छी टीम के खिलाफ पर्याप्त नहीं हो सकता।

### आज शाम 7.30 बजे से कोलकाता में भिड़ेंगी रहाणे और अय्यर की टीमें




### न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का सही इस्तेमाल नहीं

न्यूजीलैंड के तीन शीर्ष खिलाड़ियों फिन एलेन, टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र के टीम में होने के बावजूद नाइट राइडर्स की टीम उनका सही इस्तेमाल करने में नाकाम रही है। इनमें से सिर्फ एलेन को मौका मिला है जबकि पिछले टी20 विश्व कप में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज सीफर्ट और स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रविंद्र बेंच पर ही बैठे हैं। इसके बजाय नाइट राइडर्स ने कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सुनील नारायण को एकादश में बनाए रखा है, जो 2012 से फ्रेंचाइजी के नियमित खिलाड़ी हैं। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के शामिल होने से स्थिति और मुश्किल हो गई है, जिन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी करने से रोक दिया है।


### टीमें इस प्रकार

*कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।*

*पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।*

*मैच का समयः शाम 7.30 बजे*

## खबर संक्षेप



### अरामको गोल्फ चैंपियनशिप : शीर्ष 20 में अदिति अशोक

**लास वेगास।** अदिति अशोक तीसरे दौर में चार ओवर 76 के खराब प्रदर्शन के साथ अरामको गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर खिसक गईं। तीन दौर के बाद अदिति का कुल स्कोर पांच ओवर है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स ने तीसरे दौर में छह ओवर 78 जबकि अवनी प्रशांत ने नौ ओवर 81 का स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 13 ओवर जबकि अवनी का 16 ओवर है। दोनों क्रमशः संयुक्त 69वें और संयुक्त 73वें स्थान पर चल रही हैं। इससे पहले दीक्षा डागर कट हासिल करने में नाकाम रहीं थी। अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन ने तीसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बरकरार रखी है।

### कोचर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवें पोजीशन पर रहे



**चीबा।** भारत के करणदीप कोचर चौथे दौर के अंतिम लम्हों में बर्डी की हैट्रिक लगाकर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने अंतिम होल में ईगल के साथ खिताब जीता। कोचर ने अंतिम दिन बोगी रहित प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की और कुल 12 अंडर 272 का स्कोर बनाया। वह खिताब जीतने वाले स्मिथ से तीन शॉट पीछे रहे।

### अल गौना स्क्वाश में जीते अभय सिंह अनाहत बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने मिस्र के अल गौना में चल रही पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अल गौना ओपन के पुरुषों के एकल वर्ग के पहले दौर में मेजबान देश के दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबोउ एलीनन को 3-2 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने शनिवार को एलीनन के खिलाफ 9-11, 11-8, 3-11, 11-4, 11-8 से जीत हासिल की। अब अभय का सामना मिस्र के ही छठे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा। इस बीच महिला एकल में दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह को मिस्र की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हानिया अल हम्मामी ने पहले दौर में 11-8, 11-5, 9-11, 11-8 से हरा दिया।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

# पंत की शानदार पारी, लखनऊ ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त

**सनराइजर्स ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाए**

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। एसआरएच को 9 विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद एलएसजी ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर जीत हासिल की। कप्तान ऋषभ पंत ने एलएसजी के लिए 50 गेंदों में सबसे ज्यादा 68 रन की नाबाद पारी खेली। एडेन मारक्रम ने 45 रन का योगदान दिया। एसआरएच के लिए हर्ष दुबे ने दो, जबकि इशान मलिंगा और शिवांग कुमार ने एक-एक विकेट लिया।

### मोहम्मद शमी ने तोड़ा जहीर खान का रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्या कमाल की गेंदबाजी की। शमी ने हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 9 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए और उनका इकॉनामी रेट 2.20 का रहा। शमी ने अपने दोनों विकेट पावरप्ले के दौरान लिए और वो अब आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और जहीर खान से आगे निकल गए। शमी ने आईपीएल में अब तक पावरप्ले में कुल 54 विकेट लिए हैं जबकि जहीर खान ने कुल 52 विकेट लिए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने कुल 79 विकेट लिए हैं जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद ट्रेंट बोल्ट 72 विकेट ले चुके हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दीपक चाहर हैं, जिन्होंने 67 विकेट लिए हैं जबकि चौथे नंबर पर 62 विकेट के साथ संदीप शर्मा मौजूद हैं। उमेश यादव इस लिस्ट में 58 विकेट के साथ 5वें स्थान पर हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने रचा इतिहास

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज भले ही कमाल नहीं कर पाए हो लेकिन फिर भी टीम ने इतिहास रच दिया। दरअसल, इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद ने 156 रन बना दिए। इसके साथ ही हैदराबाद के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड हो गया है। आईपीएल के इतिहास में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गिरने के बाद इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली हैदराबाद पहली टीम बन गई है। इससे पहले आईपीएल में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाने के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम था।



### नीतीश-क्लासेन के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड

26 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाई। यह आईपीएल इतिहास में एसआरएच की ओर से पांचवें विकेट या उससे निचले क्रम के बल्लेबाजों द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। क्लासेन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, नीतीश भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 33 गेंदों में 56 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मारक्रम बो शमी | 07 | 8 | 1 | 0 |
| अभिषेक का सिद्धार्थ बो शमी | 00 | 2 | 0 | 0 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 | 4 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | 14 | 24 | 0 | 1 |
| क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 | 41 | 5 | 2 |
| रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 | 33 | 3 | 5 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 | 4 | 1 | 0 |
| पटेल रन आउट पंत | 04 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05 कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 156 रन

**गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2,

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 | 27 | 6 | 2 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 | 12 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 | 50 | 9 | 0 |
| बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 | 9 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 | 4 | 0 | 0 |
| समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 | 12 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 02 कुल योग: (19.5 ओवर में पांच विकेट पर) 160 रन

**गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1.

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# मीनाक्षी और जैसमीन की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| उलानबटोर



मीनाक्षी हुड्डा और जैसमीन लम्बोरिया के समीफाइनल में पहुंचने से भारतीय महिला मुक्केबाजों का एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा।

इन दोनों की जीत के साथ ही भारतीय महिला दल के सभी मुक्केबाजों का पदक पक्का हो गया है। मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की युका सादामात्सु को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। उन्होंने मुकाबले के दौरान बेहतरीन संयोजन और रिंग पर नियंत्रण का प्रदर्शन किया।जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग में चीन की जियी चेन को 5-0 के समान अंतर से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पुरुष वर्ग में भी भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। लोकेश (85 किग्रा) ने कोरिया के गिचाए किम को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। इसके बाद आकाश (75 किग्रा) ने तुर्कमेनिस्तान के यहलास बगत्यारोव को 5-0 से हराया, जबकि हर्ष चौधरी (90 किग्रा) ने किर्गिज गणराज्य के तिनिस्तान अलीबायेव को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत के अब पुरुष वर्ग में कुल छह मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। अंकुश को हालांकि 80 किग्रा वर्ग में जॉर्डन के हुसैन इशाइश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# टॉमी पॉल ने रचा इतिहास, पहली बार एटीपी क्ले फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ह्यूसटन

टॉमी पॉल ने ह्यूस्टन में यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांसिस टियाफो को हराकर अपने पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-6(7) से जीत हासिल की।

■ पॉल ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया

इस जीत के साथ, पॉल ने ह्यूस्टन में एटीपी 250 इवेंट में लगातार चौथे चैंपियनशिप मैच में पहुंचने की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। मैच लगभग दो घंटे और 45 मिनट तक चला। मैच की शुरुआत पॉल ने बेहतरीन खेल से की और पहला सेट 7-5 से जीत लिया। टियाफो ने दूसरे सेट में जल्दी ब्रेक लेकर मुकाबले में वापसी की और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच के दौरान 90 मिनट की बारिश की देरी ने पॉल के मोमेंटम को थोड़ा बाधित किया, लेकिन उन्होंने फिर भी मजबूती दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट बचाया और सेट को अपने पक्ष में किया।



### टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला : पॉल

पॉल ने मैच के बाद कहा, जब मुझे जरूरत थी, मैंने अच्छा खेला। यह टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला था। वह हमेशा देखने में सबसे एंटरटेनिंग खिलाड़ियों में से रहे हैं। मुझे खुशी है कि हमें यह मैच यहां खेलने का मौका मिला।

### वैशाख ने किया ‘वाइड यॉर्कर’ और ‘स्लो बाउंसर्स’ से प्रभावित

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी ‘वाइड यॉर्कर’ और ‘स्लो बाउंसर्स’ से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था, जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है।

# आईएसएसएफ विश्व कप : दबदबा कायम करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| ग्रेनाडा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे।

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा।



■ आज से शुरू होगी स्पर्धा

### मनु भाकर और सम्राट राणा की खलेगी कमी

टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे

## बार्सिलोना की एटलेटिको मैड्रिड पर जीत



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रियाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सिलोना की स्थिति और मजबूत कर दी। बार्सिलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सिलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सिलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को दी शिकस्त



**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।

इंग्लिश लीग कप के फाइनल में सिटी के खिलाफ हार के बाद आर्सेनल ने 85वें मिनट में गोल गंवाकर साउथम्पटन को जीत दर्ज करने का मौका दिया और संभवतः एक और खिताब जीतने का मौका गंवा दिया। दूसरी तरफ सिटी के पास मौजूदा सत्र में दोहरा खिताब जीतने का शानदार मौका है। टीम ने लीवरपूल को हराकर रिकॉर्ड लगातार आठवीं बार एफए कप सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। चेल्सी ने भी तीसरे टियर की टीम पोर्ट वेल को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बार्यन म्यूनिख ने फ्रीबर्ग को हराया



**म्यूनिख।** लेनार्ट कार्ल ने अतिरिक्त समय के नौवें मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख को फ्रीबर्ग पर 3-2 से जीत दिलाई और टीम को बुंदेसलीगा फुटबॉल खिताब की दौड़ में शीर्ष पर बनाए रखा। फ्रीबर्ग 81वें मिनट तक 2-0 से आगे था और उलटफेर भरी जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन बायर्न के युवा मिडफील्डरों ने मैच का रुख बदल दिया। बीस साल के टॉम बिशॉफ ने लंबी दूरी से दो गोल किए जबकि 18 साल के कार्ल ने अल्फांसो डेविस के क्रॉस पर गोल दागकर बायर्न की जीत सुनिश्चित की। शीर्ष पर चल रहे बायर्न के इस जीत से 28 मैच में 73 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे बोरुसिया डोर्टमंड पर नौ अंक की बढ़त बना रखी है। डोर्टमेंड ने तीसरे स्थान पर चल रहे स्टुटगार्ट को 2-0 से हराया जबकि बायर लीवरक्युसेन ने 1-3 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए वोल्फ्सबर्ग को 6-3 से मात दी।




## दुर्घटना: चार दुकानें खाक लाखों का नुकसान

# गुरंदी के कबाड़ बाजार में लगी भीषण आग

जबलपुर।

तेज गर्मी के बीच रविवार सुबह शहर के व्यस्ततम गुरंदी कबाड़ बाजार में अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सुबह करीब 9 बजे एक कबाड़ दुकान से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते आसपास की तीन से चार दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया और बाजार में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग पहले एक दुकान से शुरू हुई, लेकिन गर्मी और कबाड़ में रखे ज्वलनशील सामान के कारण तेजी से फैलती चली गई। धुएं के गुबार दूर से ही दिखाई देने लगे। रविवार होने के कारण बाजार में लोगों की आवाजाही ज्यादा थी, जिससे दहशत का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को बुलाया गया। विभाग की टीम छह दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची। फायर फाइटर्स ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



आसपास की दुकानों को खाली कराया गया और एहतियातन क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात है। हालांकि दुकानों में रखा लाखों रुपये का कबाड़ और अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने के कारण अभी अज्ञात हैं। आमतौर पर शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## घमापुर में फायरिंग युवक जख्मी

### वारदातः क्षेत्र में दहशत आरोपी फरार

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मयूरकला मंदिर के पास बीती रात आपसी विवाद के बाद फायरिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी ओमती उड़िया मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय लकी यादव मयूरकला मंदिर के पास अपनी स्वीट्स दुकान के सामने खड़ा होकर आइसक्रीम खा रहा था। उसी दौरान उसके दो साथी निखिल कंजा और बाबू सिंधी भी वहां पहुंच गए। तीनों आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच यश थोराट वहां पहुंचा और बाबू सिंधी के साथ अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। बाबू सिंधी ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। बताया जा रहा है कि गुस्से में आकर यश थोराट ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। चली गोली निखिल कंजा के बाएं हाथ में जा लगी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# असंतोषः कांग्रेस की महिला कार्यकारिणी में शहर की अनदेखी

जबलपुर।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा की सहमति के बाद घोषित मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर जबलपुर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सूची में जबलपुर को प्रतिनिधित्व तो मिला है, लेकिन वरिष्ठ पदों से दूरी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष की चर्चा को जन्म दे दिया है। प्रदेश कार्यकारिणी में जबलपुर की प्रियंका सोनी को संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि उपाध्यक्ष और महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जबलपुर का कोई नाम शामिल नहीं है। इन पदों पर ज्योति सिंह, मनीषा रावत, शांति भालेश्वर, यासमीन शेरानी, आरती सिंह, गीता सिंह परिहार, हेमलता सिंह, रजनी वर्मा, सौम्या रंधेलिया और मधु शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ग्वालियर, इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों को शीर्ष स्तर पर मजबूत प्रतिनिधित्व मिला है, जबकि जबलपुर जैसे बड़े संभाग को अपेक्षित स्थान नहीं दिया गया। इसे लेकर महाकौशल क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं।

**इंदौर, भोपाल में भरमार, महाकौशल से सिर्फ एक को मिला प्रतिनिधित्व**

### कौन हैं प्रियंका सोनी?

प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल की गईं प्रियंका सोनी को लेकर भी चर्चा हो रही है। स्थानीय स्तर पर कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन में लंबे समय से सक्रिय और पहचान रखने वाली वरिष्ठ महिला नेताओं को दरकिनार कर अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरे को जिम्मेदारी दी गई है। शहर के राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठ रहा है कि प्रियंका सोनी की संगठनात्मक भूमिका और सक्रियता कितनी रही है और उन्हें किस आधार पर यह पद मिला। हालांकि संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि नए चेहरों को अवसर देने की नीति के तहत यह निर्णय लिया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर कई कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया सामने आना अभी बाकी है।

### चुनावी रणनीति पर असर?

आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के मद्देनजर यह नई कार्यकारिणी अहम मानी जा रही है। ऐसे समय में जबलपुर को वरिष्ठ पदों से दूर रखना संगठन की स्थानीय रणनीति पर असर डाल सकता है। अब सबकी नजर स्थानीय महिला नेताओं की प्रतिक्रिया और आने वाले समय में संभावित संगठनात्मक फेरबदल पर टिकी हुई है।

## शातिर बदमाश लोडेड पिस्टल समेत गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर कछपुरा के समीप दबिश देकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे शातिर बदमाश को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पेंट की जेब में एक पिस्टल रखी मिली जिसे चैक करने पर उसमें कारतूस लोड था। आरोपी बदमाश के खिलाफ २५-२७ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर अभिरक्षा में लेते हुए पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के मुताबिक कल रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र का पुराना बदमाश निखिल नायडू कछपुरा के पास पिस्टल लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी निखिल नायडु को हुलिये के आधार पर दबोचकर उसकी तलाशी ली तो पेंट की जेब में एक पिस्टल मिली जिसमें एक कारतूस लोड था। आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुए पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### अवैध गैस रिफलिंग करते पकड़ाया आरोपी

विजय नगर पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर आलू-प्याज मंडी के समीप रोड में घरेलू गैस सिलेण्डर से खाली गैस सिलेण्डरों में गैस की अवैध रिफलिंग करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो घरेलू गैस सिलेण्डर गैस बिक्री के ढाई हजार रूपए एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जब्त किया है। विजय नगर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मस्कोले ने बताया कि कल उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि आलू-प्याज मंडी के पास रोड में एक व्यक्ति अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर की गैस को अन्य खाली गैस सिलेण्डरों में डाल कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर जब पुलिस ने दबिश दी तो एक व्यक्ति घरेलू गैस सिलेण्डर से खाली गैस सिलेण्डरों में गैस भरते हुए दिखा जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम महाराजपुर आधारताल निवासी सोनू रजक बताया। पुलिस ने मौके से दो एचपी कम्पनी के गैस सिलेण्डर, एक तौल कांटा जब्त किया है।

### विद्युत प्रवाह बाधित होने पर उपभोक्ताओं को तुरंत एसएमएस से करें : ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों एवं मैदानी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में विद्युत अवरोध होने पर प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तुरंत कारण सहित मैसेज कर सूचित करें। साथ ही उन्हें यह भी सूचित करें कि कितने समय में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकेगी। श्री तोमर ने कहा है कि सामान्य दिनों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

## रेल कर्मियों के कर्तव्य पथ पर सड़क बनी बाधा

जबलपुर।

अमृत जल योजना 2.0 के तहत हर घर नर्मदा जल पहुंचाने के उद्देश्य से शहर में पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क का मरम्मत कार्य नहीं किए जाने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे पुल नंबर 1 से कांचघर रोड तक पिछले तीन माह से खुदाई चल रही है, पर अब तक रेस्टोरेशन कार्य अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को समतल कर पक्का करने का काम समय पर नहीं किया गया। बजरंग कालोनी से लेकर कोचिंग डिपो के सामने तक सड़क खोदी गई है। जहां पाइपलाइन डाल दी गई है, वहां भी गड्ढे वैसे ही बने हुए हैं। इससे रोजाना हजारों वाहन चालक और राहगीर परेशान हो रहे हैं।

**तीन महीने से रेस्टोरेशन नहीं धूल और गड्ढों से खतरा**

### धूल और गड्ढों से बढ़ा खतरा

सड़क पर डामरीकरण या समतलीकरण नहीं होने से दिनभर धूल उड़ रही है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने के डर से धीमी गति से चल रहे हैं, जबकि चारपहिया वाहनों को गड्ढों से बचते हुए निकलना पड़ रहा है। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो दुर्घटनाएं बढ़ सकती हैं।

### रेलवे ने जताई आपत्ति

काम अब रेलवे कॉलोनी बजरंग कालोनी से कांचघर चौक की ओर बढ़ गया है। सड़क आंशिक रूप से बंद होने से रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी पर आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इस पर रेलवे प्रशासन ने आपत्ति जताई है। पिछले दो दिनों से रेल सुरक्षा बल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और काम रोकने की बात कह रहे हैं। हालांकि कार्य देख रहे अधिकारियों ने काम जारी रखा है।तीन महीने बीत जाने के बाद भी रेस्टोरेशन कार्य शुरू नहीं होने से निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि खुदाई के साथ-साथ मरम्मत कार्य भी समय पर किया जाता, तो यह स्थिति नहीं बनती। लोगों ने संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क दुरुस्त करने की मांग की है।

## गर्दन में चाकू अड़ाकर चैन व 22 हजार लूटे

### पाटन क्षेत्र में डॉक्टर पर नकाबपोशों ने किया अटैक

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र के बगदरी घाटी के पास क्लिनिक बंद कर लौट रहे डॉक्टर को नकाबपोश बाइक सवारों ने चाकू की नोक पर 22 हजार रुपए नगद और चांदी की चैन लूट ली। पाटन पुलिस के अनुसार ग्राम सैलवाड़ा तेंदूखेड़ा निवासी छोटू रैकवार का पाटन के ग्राम पौड़ी कला में क्लिनिक है, जहां वह ग्रामीणों का इलाज करता है। दोपहर करीब एक बजे क्लिनिक बंद कर वह मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बगदरी घाटी के पास उसने मोटर साइकिल खड़ी कर लघुशंका के लिए गया। तभी पीछे से चार नकाबपोश बदमाश पहुंचे और उसकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उसके गले से चांदी की चैन और जेब में रखे 22 हजार रुपए निकाल लिए। लूट के बाद बदमाश धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नकाबपोश लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

## बदमाशों ने फायरिंग का विडियो किया वायरल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत कुछ दिनों पूर्व स्थानीय लोगों के मोबाईल फोन पर एक विडियो वायरल हुआ था जिसमें दो बदमाशों द्वारा सरेराह कट्टे से फायर कर लोगों को धमकाया जा रहा था। पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस ने घटना स्थल की पहचान कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फायरिंग करने वाले बदमाशों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उक्त विडियो दहशत फैलाने के मकसद से वायरल करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को घटना स्थल पर ले जाकर उठक बैठक लगाते हुए उनका जुलूस निकाला। माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने घटना के संबंध में बताया कि कुछ दिनों पूर्व स्थानीय जनों के मोबाईल फोन पर कुछ बदमाशों द्वारा दहशत फैलाने के लिए धमकाते हुए कट्टे से फायर करने वायरल किया गया था। पुलिस ने घटना स्थल की तस्दीक कर सरेराह कट्टे से फायर कर विडियो वायरल करने वाले बदमाशों की पहचान टगर मरघटाई निवासी रितिक जायसवाल के रूप में की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके साथ उसका साथी कचनार सिटी विजय नगर निवासी प्रथम राजपूत भी है। पुलिस ने आरोपियों रितिक जायसवाल व प्रथम राजपूत को घटना स्थल पर ले जाकर उठक बैठक कराते हुए उनका जुलूस निकाला। आरोपी रितिक जायसवाल से विडियो में फायर करते हुए रिवाल्वर के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने उक्त रिवाल्वर तीन चार माह पूर्व हनुमानताल निवासी जब्बार से ली थी जिसे विडियो वायरल करने के दो दिन पूर्व उसे वापिस कर दिया था। पुलिस ने आरोपी रितिक से एक आई फोन, एक यामाहा आरएक्स मोटर साइकिल जब्त कर घटना में प्रयुक्त हथियार की बरमादगी के लिए रिमांड पर लिया है।

**पुलिस ने पकड़कर निकाला जुलूस**




# रेल सुरक्षा बल ने चलाए कई ऑपरेशन

**रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की**

**जबलपुर।** रेल सुरक्षा बल ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। रेल सुरक्षा बल द्वारा चौबीसों घंटे सतत कार्य करते हुए सुरक्षित माल परिवहन के साथ-साथ रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की गई।

**ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते** - वर्ष 2025-26 में 720 बिछड़े/घर से भागे/अपहृत बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन आदि को सुपुर्द किया गया।

**ऑपरेशन अमानत** - 973 यात्रियों को उनका छूटा/खोया सामान जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 88 लाख 11 हजार 829 है, सुरक्षित वापस किया गया।

**ऑपरेशन जीवन रक्षा** - 33 यात्रियों/व्यक्तियों का जीवन बचाया गया।

**ऑपरेशन मेरी सहेली** - महिला सुरक्षा के तहत प्रतिदिन औसतन 110 ट्रेनों में महिला आरपीएफ स्टाफ द्वारा महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई।

### रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई

53 हजार 566 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में



पेश किया गया, जिससे 3 करोड़ 81 लाख 97 हजार 940 जुर्माना वसूला गया।

### ऑपरेशन उपलब्ध

ई-रेल टिकटों की अवैध बिक्री करने वालों पर 58 प्रकरण दर्ज कर 64 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 52 लाख 24 हजार 175 मूल्य के 3,361 ई-टिकट जब्त किए गए।

### अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई

18 हजार 166 अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई कर 2 करोड़ 20 लाख 27 हजार 060 जुर्माना वसूला गया।

**रेल संपत्ति चोरी के मामले** - 328 प्रकरणों में 635 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 23 लाख 09 हजार 471 मूल्य की रेल संपत्ति बरामद की गई।**यात्री सामान चोरी** -308 आरोपियों को पकड़कर 283 प्रकरणों का खुलासा किया गया।

### अवैध आर्म्स के साथ यात्रा

31 व्यक्तियों को पकड़कर जीआरपी/पुलिस को सुपुर्द किया गया। भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई (यात्री सामन की चोरी के अतिरिक्त) 501 व्यक्तियों को पकड़कर 492 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

**ऑपरेशन समय पालन (अलार्म चैन पुलिंग)**- 10 हजार 678 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 52 लाख 82 हजार 719 जुर्माना वसूला गया।

### ऑपरेशन नारकोस

43 तस्करों को गिरफ्तार कर 27 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 27 करोड़ 45 लाख 35 हजार 715 मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गए।

**अवैध शराब परिवहन** - 34 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 725.142 लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 6,01,850 है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240